**4,445**

करोड़ रुपए की लागत के साथ ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों पर बनेंगे ये पार्क

मध्यप्रदेश में धार का किया गया चयन

3 लाख प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने की है उम्मीद

पार्क 5 एफ विजन–फार्म से फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्ट्री से फैशन, और फैशन से फॉरेन के दृष्टिकोण पर आधारित होंगे

ये पार्क मध्यप्रदेश, तमिलनाडु तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात और उत्तर प्रदेश में बनेंगे

# केंद्र सरकार ने मप्र सहित 7 राज्यों में पीएम मित्र मेगा टैक्सटाइल पार्क स्थापित करने की दी मंजूरी

अच्छी खबर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने 2021-22 से 2027-28 की अवधि के लिए 4,445 करोड़ रुपए की लागत के साथ ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों पर सात पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और परिधान (पीएम मित्र) पार्क स्थापित करने को मंजूरी दी है। मंगलवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी गई। इसकी घोषणा करते हुए मार्च 2023 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित किए जाएंगे। पीएम मित्र पार्क वस्त्र उद्योग की एकीकृत मूल्य श्रृंखला बनाने का अवसर प्रदान करेंगे, जिसमें कताई, बुनाई, प्रोसेसिंग, प्रिंटिंग से लेकर परिधान निर्माण तक की पूरी प्रक्रिया शामिल होगी। यह 5 एफ विजन – फार्म से फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्ट्री से फैशन, और फैशन से फॉरेन के दृष्टिकोण पर आधारित होगा। पीएम मित्र पार्क कताई, बुनाई, प्रसंस्करण, मुद्रण, परिधान और सहायक उपकरण विनिर्माण सहित वस्त्र मूल्य श्रृंखला के सभी तत्वों में 3 लाख (प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष) रोजगार पैदा करेगा।

### 7 स्थानों को अंतिम रूप दिया गया



सरकार ने पीएम मित्र पार्क स्थापित करने के लिए 7 स्थानों को अंतिम रूप दिया है, जिनमें तमिलनाडु (विरुधुनगर), तेलंगाना (वारंगल), गुजरात (नवसारी), कर्नाटक (कलबुरगी), मध्यप्रदेश (धार), उत्तर प्रदेश (लखनऊ) और महाराष्ट्र (अमरावती) शामिल हैं।

### मेगा टैक्सटाइल पार्क वस्त्र क्षेत्र को देंगे बढ़ावा

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि पीएम मित्र मेगा टैक्सटाइल पार्क वस्त्र क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करेंगे, करोड़ों का निवेश आकर्षित करेंगे और लाखों नौकरियों का सृजन करेंगे। यह 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' का एक बेहतरीन उदाहरण होगा।









मप्र का आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2024-25: साढ़े आठ करोड़ लोगों के लिए यह खुश होने वाली खबर

# मप्र में प्रति व्यक्ति आय में करीब 7 फीसदी की बढ़ोतरी, ये 1 लाख 52 हजार 615 हुई

*जीएसडीपी में सेवा क्षेत्र मसलन व्यापार, होटल, रेस्टोरेंट परिवहन और भंडारण, रेलवे, वित्तीय सेवाएं का योगदान भी बढ़ा है। इन सेक्टर में रोजगार में अच्छी खासी बढ़ोतरी हुई*



*प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2023-24 में यह एक लाख 39 हजार रुपए ही थी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के साढ़े आठ करोड़ लोगों के लिए यह खुश होने वाली खबर है। अब प्रति व्यक्ति शुद्ध आय एक लाख 52 हजार 615 रुपए हो गया है। पिछले साल यानी वर्ष 2023-24 में यह एक लाख 39 हजार रुपए ही थी। इसी के साथ सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) भी 11.05 फीसदी बढ़ोतरी के साथ 15 लाख 03 हजार 395 करोड़ रुपए हो गया है।

पिछले वित्तीय वर्ष में यह 13 लाख 53 हजार 809 करोड़ ही था। इसमें सेवा क्षेत्र मसलन व्यापार, होटल, रेस्टोरेंट, परिवहन और भंडारण, रेलवे, वित्तीय सेवाएं आदि का योगदान भी बढ़ा है। इससे जाहिर होता है कि इन सेक्टर में रोजगार में अच्छी खासी बढ़ोतरी हुई है। मप्र का वित्तीय वर्ष 2024-25 का आर्थिक सर्वेक्षण मंगलवार को जारी हो गया।

मप्र का सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2024-25 में 15,03,395 करोड़ रुपए हुआ

2028-29 तक सकल घरेलू उत्पाद दोगुना करने का लक्ष्य



### 2019-20 व 20-21 में काफी कम बढ़ोतरी हुई थी

मप्र की प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2024-25 प्रचलित भावों पर 1,52,615 रुपए हो गई है। पिछले वर्ष में यह एक लाख 39 हजार 713 रुपए थी। 2019-20 व 20-21 में काफी कम यानी 50 रु की बढ़ोतरी हुई थी। स्थिर भावों पर तो इसमें काफी कमी आई थी। यह 60,452 से घटकर 56 हजार रु. पर आ गया था। इसके बाद के वर्षों में हालांकि इसमें लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई। स्थिर भाव पर वर्ष 2024-25 में प्रति व्यक्ति आय 70,434 है। सकल मूल्य वर्धन में प्रचलित भावों पर वर्ष 24-25 में क्षेत्रवार हिस्सेदारी क्रमशः प्राथमिक क्षेत्र में 44.36%, द्वितीयक क्षेत्र में 19.03 प्रतिशत तथा तृतीयक क्षेत्र में 36.61 प्रतिशत रही है।

### मप्र सरकार आज पेश करेगी वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट

*मप्र सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 का आम बजट बुधवार को विधानसभा में पेश करेगी। यह बजट करीब 4 लाख 20 हजार रुपए का संभावित है। वित्त विभाग ने पहले ही बजट की रूपरेखा तय कर ली थी। सुबह 9.30 बजे विधानसभा में कैबिनेट की बैठक होगी। इसमें बजट को अंतिम मंजूरी दी जाएगी। बजट उप मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा सदन में पेश करेंगे। उधर, विधानसभा में मंगलवार को वर्ष 2024-25 का द्वितीय अनुपूरक बजट पारित हो गया। यह 19,702 करोड़ रुपए का है।*

### कहां से कितनी प्राप्तियां सरकार को मिलेंगी?

आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार 2020-21 में सरकार को एक लाख 46 हजार 377 रुपए मिलते थे, जबकि 2024-24 में बढ़कर 2,63,344 रुपए हो गए। इसमें सरकार के कर्जे को भी जोड़ दिया जाए तो कुल प्राप्तियां बढ़कर 3 लाख 30 हजार 193 करोड़ रुपए हो जाएगा। दूसरी तरफ राज्य के करों का हिस्सा घट गया है। वर्ष 2020-21 से 23-24 के मुकाबले यह 5.94 से घटकर 5.78 फीसदी रह गया है। हालांकि राज्य सरकार के वर्ष 2024-25 के बजट में कर संग्रह 16.62फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है। केंद्रीय करों में पिछले चार वर्षों 22.74 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2024- 25 में यह 10.44 फिसदी रहने की उम्मीद है। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार कृषि फसल क्षेत्र का प्राथमिक क्षेत्र के तहत वर्ष 2024-25 में योगदान 30.90 प्रतिशत रहा लेकिन प्रचलित भाव पर यह 10.8 प्रतिशत बढ़ा, जबकि स्थिर भाव में 1.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसी तरह पशुधन क्षेत्र में 7.45 प्रतिशत का योगदान रहा । इसकी वृद्धि स्थिर भाव पर क्रमशः 11.93 प्रतिशत एवं 8.39 प्रतिशत रही। विकसित भारत की कल्पना के अनुरूप विकसित मप्र के रूप में राज्य अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करेगा। मजबूत बैंकिंग प्रणाली और वित्तीय समावेश की शक्ति से आर्थिक तंत्र निरंतर सशक्त हो रहा है।

विपक्ष के सवालों के बीच केंद्र का जवाब

# अमेरिका के साथ 'ट्रेड टैरिफ' को लेकर अभी कोई समझौता नहीं

केंद्र वित्त सचिव ने विदेश मामलों की संसद की स्थाई समिति को इस बात की सूचना दी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस दावे पर कि भारत अपने टैरिफ में कटौती करने पर सहमत हो गया है, इसे लेकर भारत की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार किया जा रहा था।

अब वित्त सचिव सुनील बर्थवाल ने बताया है कि इस मामले में अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है और दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही है। बर्थवाल ने विदेश मामलों की संसद की स्थाई समिति को इस बात की सूचना दी है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता वाली समिति में शामिल सदस्यों ने ट्रंप के इस दावे पर सवाल पूछा कि क्या भारत टैरिफ कम करने पर सहमत हो गया है।

### भारत हम पर भारी टैरिफ लगाता है:ट्रंप

बीते शुक्रवार को ओवल ऑफिस में ट्रंप ने कहा था कि भारत हम पर भारी टैरिफ लगाता है, बहुत ज्यादा। आप भारत में कुछ भी बेच नहीं सकते। आप जानते हैं, हम वहां बहुत कम व्यापार करते हैं। वैसे, उन्होंने अब सहमति जता दी है। वे अब अपने टैरिफ को काफी कम करना चाहते हैं क्योंकि कोई उन्हें बेनकाब कर रहा है। ट्रंप के इस बयान को लेकर तब भारत में कोई रिएक्शन नहीं दिया था। अब बर्थवाल ने स्थाई समिति के सदस्यों को बताया है कि इस मामले में अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत फ्री ट्रेड के पक्ष में है और वह उदारीकरण भी चाहता है क्योंकि इससे दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ेगा। बर्थवाल ने यह भी बताया कि टैरिफ वार से किसी को भी किसी तरह का कोई फायदा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इससे न तो अमेरिका को फायदा होगा और ना किसी और को बल्कि इससे तो मंदी भी आ सकती है।

### इस मामले में तुलना किया जाना ठीक नहीं

समिति के सदस्यों की ओर से जब उनसे यह पूछा गया कि भारत टैरिफ के खिलाफ अपनी आवाज क्यों नहीं उठा रहा है जबकि कनाडा और मैक्सिको ने ऐसा किया है तो बर्थवाल ने कहा कि इस मामले में तुलना किया जाना ठीक नहीं है क्योंकि उन देशों के अमेरिका के साथ सुरक्षा और बॉर्डर इमिग्रेशन से जुड़े कुछ मुद्दे हैं। कमेटी के लोगों को यह भी बताया कि भारत 'म्युचुअली बेनिफिशियल एग्रीमेंट' पर दस्तखत करेगा। उन्होंने बताया कि भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए जो भी इंडस्ट्री जरूरी है उसकी हिफाजत करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि विकासशील देश हर चीज पर अपना टैरिफ कम नहीं कर सकते।

## खबर संक्षेप

### नतीजों के बाद निसान के सीईओ का इस्तीफा



**नई दिल्ली।** जापानी कार निर्माता निसान मोटर कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) माकोटो उचिदा ने अपने पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। यह कदम कंपनी के खराब वित्तीय नतीजों के बाद उठाया गया है। निसान ने मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि इवान एस्पिनोसा, जो फिलहाल कंपनी के चीफ प्लानिंग ऑफिसर हैं, अब उचिदा की जगह नए सीईओ का पद संभालेंगे। हालांकि अभी निदेशक पद पर बने रहेंगे।

### लोकायुक्त ने हवलदार को रिश्वत लेते पकड़ा



**छतरपुर।** डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा कार्यालय में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। सागर लोकायुक्त की टीम ने मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे एक हवलदार को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी हवलदार सुरेंद्र राय ने कार्यालय परिसर में स्थित शासकीय आधार सेवा केंद्र के संचालक से किराए के नाम पर रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता मनीष तिवारी पिछले दो वर्षों से केंद्र का संचालन कर रहे हैं।

गोविंदपुरा इलाके में है फैक्ट्री

## राजधानी में पान मसाला कंपनी पर आयकर छापा

▶▶ कायपान पान प्रोडक्स लिमिटेड में सर्चिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में आयकर विभाग ने पान मसाला कंपनी पर इनकम टैक्स चोरी के मामले में सर्वे शुरू किया है। गोविंदपुरा इलाके में यह फैक्ट्री है। जिसमें राजश्री गुटखा और अन्य पान मसाले तैयार करने का काम किया जाता है। बिलों में गड़बड़ी कर कंपनी आय छिपा रही थी। जिसके लिए आयकर विभाग की टीम सर्वे करने पहुंची है।

■ बिलों में गड़बड़ी कर कंपनी आय छिपा रही थी




वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्रनाथ सिंह का निधन

## नहीं रहे भोपाल के 'मम्मा' भाजपा में शोक की लहर

▶▶ उनकी हाल ही में हार्ट सर्जरी भी हुई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक सुरेंद्र नाथ सिंह (मम्मा) नहीं रहे। उनका लंबी बीमारी के बाद 62 वर्ष की आयु में निधन हो गया। सुरेंद्र नाथ सिंह राजधानी भोपाल की मध्य विधानसभा सीट से विधायक भी रहे। वे पूर्व में भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) के अध्यक्ष भी रहे। उनके निधन से भाजपा में शोक की लहर है। सुरेंद्र नाथ सिंह की हाल ही में हार्ट सर्जरी भी हुई थी। सिंह भाजपा की सक्रिय राजनीति से काफी समय से दूर थे, इसके बावजूद पार्टी में उनकी एक अलग ही पहचान थी।

सीआईडी करेगी लापरवाही की जांच

## अब जांच के घेरे में रान्या राव के 'आईपीएस' पिता भी आए

एक हफ्ते में सौंपनी होगी जांच रिपोर्ट



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

सोना तस्करी मामले में गिरफ्तार अभिनेत्री रान्या राव के पिता जांच के घेरे में आ गए हैं। कर्नाटक सरकार ने उनके आईपीएस पिता के खिलाफ जांच का आदेश दिया है। आदेश में कहा गया है कि मामले की जांच के दौरान मीडिया में यह खबर आई कि गिरफ्तार रान्या ने हवाई अड्डों पर उच्च पदस्थ अधिकारियों को दी जाने वाली सुविधाओं का दुरुपयोग किया।

टूटा महाकाल के गर्भगृह में प्रवेश का नियम

## कारोबारी कल्याणी ने किया 'गर्भगृह' में सपत्नीक पूजन

अलग अलग मिले जवाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

एकआईपीएससहितदोडिप्टीकलेक्टरऔर करीब 9 अधिकारियों सहित सैकड़ों कर्मचारीकीतैनातीकेबादभीएकबारफिर महाकालमंदिरकेगर्भगृहमेंप्रवेशकेनियम तोड़े गए। मामला सोमवार दोपहर का है। कल्याणीसमूहकेप्रमुखअरबपतिव्यवसायी बाबासाहेबनीलकंठकल्याणीऔरउनकी पत्नीनेबिनाअनुमतिकेगर्भगृहमेंप्रवेशकर करीब 10 मिनट तक पूजन अर्चन किया।

अजब विरोध : किसानों के मुद्दे के लिए हाथों में गेहूं की बाली थामे हुए थे

भाजपा विधायक रामेश्वर ने किया तगड़ा पलटवार

## सांप लेकर विधानसभा पहुंचे कांग्रेस विधायक बोले युवाओं के भविष्य को 'डस' रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा में कांग्रेस विधायक सरकार के खिलाफ विरोध करने का अजब-गजब तरीका अपना रहे हैं। मंगलवार को विधानसभा के दूसरे दिन कांग्रेस विधायक पिटारे में प्लास्टिक के सांप लेकर पहुंचे।

वहीं, किसानों के मुद्दे के लिए हाथों में गेहूं की बाली थामे हुए थे। कांग्रेस विधायक सपेरों की तरह टोकरी में सांप लेकर पहुंचे। टोकरी में एक पट्टी में लिखा था कि ये भाजपा सरकार का सांप है। जो युवाओं के भविष्य को डस रहा है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने एकत्रित होकर सरकार पर युवाओं को डसने का आरोप लगाया।

### गेहूं की बाली लेकर किया प्रदर्शन



*कांग्रेस विधायक रजनीश सिंह गेहूं की बालियां लेकर सदन के भीतर जाना चाहते थे। मगर उन्हें सुरक्षाकर्मियों ने बाहर ही रोक दिया, जिसके चलते धक्का-मुक्की की स्थिति बनी। कांग्रेस विधायक रजनीश सिंह का कहना है कि उनके क्षेत्र के किसानों को पानी नहीं मिल रहा है। किसानों को समस्या हो रही है। फसल पक नहीं पा रही है।*

### कांग्रेस नेता एक-दूसरे को डसने में लगे: रामेश्वर

*कांग्रेस विधायकों के आरोपों पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के नेता एक-दूसरे को डसने में लगे हैं। कमलनाथ को दिग्विजय सिंह डस रहे हैं। तो सिंघार को पटवारी डस रहे है। जहां तक किसानों की बात है, तो कांग्रेस के शासनकाल में सात लाख हेक्टेयर में सिंचाई होती थी। आज 57 लाख हेक्टेयर में सिंचाई हो रही है। कांग्रेस के काल में गेहूं 400 से 500 रुपए क्विंटल खरीदा जाता था, आज 2,600 रुपए क्विंटल खरीदा जा रहा है। इतना ही नहीं राज्य सरकार किसानों की जिंदगी में बदलाव ला रही है।*




## मणिकर्णिका घाट पर रंगभरी एकादशी पर रहा अनोखा नजारा

# धधकती चिताओं के बीच खेली भस्म होली, भूत-प्रेत संग झूमे

*बाबा विश्वनाथ ने अपने गणों नंदी, श्रृंगी, भृंगी और भूत प्रेत के साथ जलती चिताओं की भस्म से अद्भुत होली खेली। इस दौरान हर- हर महादेव के जयघोष से पूरा घाट गूंज उठा। सबसे पहले धुनी रमाए नागा साधु मसान घाट पर पहुंचे।*

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

भूतभावन बाबा विश्वनाथ के साथ रंगभरी एकादशी पर अबीर गुलाल संग होली खेलने के बाद मंगलवार की सुबह मणिकर्णिका घाट की विश्व प्रसिद्ध मसाने की होली का उत्सव हुा। माता पार्वती का गौना कराकर अपने धाम में लौटे बाबा विश्वनाथ अपने गणों नंदी, श्रृंगी, भृंगी और भूत प्रेत के साथ जलती चिताओं की भस्म से अद्भुत होली खेली। इस दौरान हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा घाट गूंज उठा। सबसे पहले धुनी रमाए नागा साधु मसान घाट पर पहुंचे। उनके ऊपर राख डालकर लोगों ने हाथ जोड़कर प्रणाम किया। इसके बाद आम भक्तों पर चिता भस्म फेंककर महादेव का जयघोष किया गया। इस दौरान घाटों पर अद्भुत नजारा रहा।

### खास बातें

- नागा साधुओं पर राख डालकर लोगों ने प्रणाम किया
- आम भक्तों पर चिता भस्म फेंककर महादेव का जयघोष किया
- बाबा विश्वनाथ के नाम पर अद्भुत होली खेली गई



### डीजे न बजने से घटा उत्साह

मसान होली में डीजे प्रतिबंधित किया गया है। ऐसे में डीजे न बजने की वजह से मसाने की होली मनाने आए कई फैन उदास दिखे। नाच- गाना न होने से युवाओं का उत्साह कम दिखा। लेकिन भक्तों की भीड़ जुटी रही।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे

मणिकर्णिका घाट पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही। घाट की ओर जाने वाले रास्ते पर भी जवानों की तैनाती रही। सुरक्षाकर्मी भीड़ को कंट्रोल करने में जुटे रहे।

### हर सड़क और गलियां हुईं चोक

मणिकर्णिका घाट की ओर जाने वाले सभी रास्ते चोक हो गए। भीड़ गलियों, घाटों और बोट से सीधे मणिकर्णिका घाट पर पहुंचती रही। इस दौरान जमकर धक्कामुखी भी हुई।

### पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित किया

मणिकर्णिका घाट की तरफ जाने वाले मार्ग पर भीड़ अनियंत्रित होने से लोगों में धक्कामुक्की शुरू हो गई। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिस ने मणिकर्णिका द्वार पर लाठियां भाजकर लोगों की भीड़ हटाई।

विभाग ने किया ऐलान

## उत्तर प्रदेश-बिहार के लिए रेलवे चला रहा 30 स्पेशल ट्रेनें

*होली का त्योहार नजदीक है और ऐसे में खासतौर पर लंबी दूरी का सफर तय कर अपने घर जाने वाले लोग ट्रेन को आरामदायक मानते हैं। होली पर यात्रियों की संख्या में इजाफा के चलते कंफर्म टिकट मिलना काफी मुश्किल हो रहा है। इसे देखते हुए भारतीय रेलवे होली पर स्पेशल ट्रेनें चला रहा है, ताकि होली में घर आने जाने वालों को असुविधा न हो और वह आसानी से अपने परिवार संग त्योहार मना सकें। रेलवे में इसके मद्देनजर 30 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है।*

### खबर संक्षेप

### महाराज के दरबार में खंजर लेकर पहुंची महिला



**नई दिल्ली।** कथावाचक अनिरुद्धाचार्य महाराज के दरबार में एक महिला ने अपनी शादी, पति और जिंदगी के कई चौंकाने वाले राज खोले हैं। महिला ने बताया कि वह घर वालों को बिना बताए और पैसे के पहुंची हैं। लोगों ने खाने को दिया तो खा लिया। उसकी शादी 9 माह पहले हुई थी। पति शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता है। इसलिए आई है।

### महिला आयोग में चंचलानी के बयान दर्ज



**नई दिल्ली।** यूट्यूबर आशीष चंचलानी को कॉमेडियन समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में की गई अपमानजनक टिप्पणियों के संबंध में पूछताछ के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग के सामने पेश हुए। 'इंडियाज गॉट लैटेंट' शो में अश्लील टिप्पणियों के संदर्भ में रणवीर इलाहाबादिया, अपूर्व मुखीजा, समय रैना, जसप्रीत सिंह और चंचलानी को तलब किया था।

### भाजपा छोड़कर टीएमसी में शामिल हो गई तापसी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में हल्दिया से भाजपा विधायक तापसी मंडल ने टीएमसी का दामन थाम लिया है। वे बीते चार सालों में सत्ताधारी टीएमसी का दामन थामने वाली चौथी विपक्षी विधायक हैं। उनके टीएमसी में जाने के साथ ही विधानसभा में भाजपा के विधायकों की संख्या गिरकर 65 पर आ गई है। इसके पहले मुकुल रॉय, कृष्ण कल्याणी, बिश्वजीत टीएमसी में जा चुके हैं।

### शरजील समेत 11 के खिलाफ आरोप तय



**नई दिल्ली।** नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में हुए प्रदर्शनों के दौरान कथित हिंसा से जुड़े एक मामले में दिल्ली की साकेत कोर्ट ने में शरजील इमाम, आसिफ इकबाल तन्हा समेत 11 लोगों के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। कोर्ट ने इमाम को हिंसा भड़काने की बड़ी साजिश का 'सरगना' बताते हुए कहा कि उनका भाषण 'विषैला' था।

## लोकसभा में भिड़े वित्त मंत्री सीतारमण और गौरव गोगोई

# विपक्ष ने मणिपुर को नजरअंदाज का आरोप लगाया तो सत्तापक्ष ने उनको जमकर सुनाया

### अतिरिक्त अनुदान मांगों और मणिपुर के बजट पर चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में मंगलवार को वर्ष 2024-25 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांगों के दूसरे बैच, 2021-22 के लिए अतिरिक्त अनुदानों की मांगों और मणिपुर के बजट पर चर्चा हुई। चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस के गौरव गोगोई ने कहा कि आज पूरी सरकार सिर्फ सुर्खियों को नियंत्रित करने पर जोर दे रही है। वह भाषणों पर अधिक निर्भर है। सरकार वास्तविक स्थिति पर ध्यान नहीं दे रही।

*विपक्ष के वार पर सत्तापक्ष का बड़ा प्रहार*

उन्होंने कहा कि 2023 में सदन में अविश्वास प्रस्ताव के जवाब में पीएम नरेंद्र मोदी ने मणिपुर में जल्द शांति लाने का आश्वासन दिया था लेकिन करीब 21 महीने बाद भी स्थिति गंभीर है और वहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया है। कांग्रेस ने मणिपुर में अशांति का जिक्र करते हुए सरकार पर केवल भाषणों और खबरों पर ध्यान देने तथा वास्तविक स्थिति को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। कांग्रेस सत्ताधारी दल को घेरने को कोशिश कर रही थी, वहीं भाजपा ने मणिपुर को सड़क और रेल संपर्क से जोड़ने का श्रेय पीएम मोदी की सरकार को दिया। साथ ही कांग्रेस ने एआई डीपसीक के अरुणाचल प्रदेश को भारत का हिस्सा ने बताने के लिए डीपसीक पर प्रतिबंध लगाने की भी मांग की। इस दौरान लोकसभा में काफी हंगामा देखने को मिला।

### गोगोई बोले- शांति बहाली नाकाम, सीतारमण ने कहा- गोगोई माफी मांगें



कांग्रेस नेता गोगोई ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मणिपुर में बंदूक के बल पर शांति बहाल करने की कोशिश नाकाम रही है। उन्होंने पीएम मोदी से राज्य का दौरा करने और वहां के लोगों की चिंताओं और आशंकाओं को सुनने की अपील की। लोकसभामें अतिरिक्त अनुदान मांगों, अधिशेष अनुदान और मणिपुर के बजटपर चर्चा की शुरुआत करते हुए गोगोई ने जोर देकर कहा कि पूर्वोत्तर में शांति केवल राजनीतिक समाधान से ही आ सकती है, बंदूक की नली से नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि मणिपुर का बजट राज्य विधानसभा में चर्चा के लिए आना चाहिए था, लेकिन राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के कारण ऐसा नहीं हो सका।

### इस पर बरसीं सीतारमण, स्पीकर ने किया हस्तक्षेप

*गोगोई के इस वॉर पर निर्मला सीतारमण खड़ी हुईं और कांग्रेस नेता पर बरस पड़ीं। उन्होंने कहा कि पीएम का अपमान करने के लिए गोगोई को माफी मांगनी चाहिए। जिसके बाद हंगामा और जोरदार हो गया। जिसकी वजह से स्पीकर को हस्तक्षेप करते हुए कहना पड़ा कि सदन नियमों के मुताबिक चलेगा।*

### हम ठीक से ठोकेंगे, नड्डा ने कहा- ये माफी के लायक नहीं



*राज्यसभा में कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का एक बयान चर्चा में आ चुका है। जब लगातार चेयर की तरफ से उन्हें बोलने से रोका गया, खड़गे ने गुस्से में कह दिया कि क्या-क्या ठोकना है, हम ठीक से ठोकेंगे। सरकार को ठोकेंगे। खरगे ने आरोप लगाया कि यहां पर तानाशाही चल रही है, किसी को भी बोलने नहीं दिया जा रहा। लेकिन खड़गे का 'ठोक देंगे' कहना भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा को नागवार गुजरा। उन्होंने राज्यसभा में ही इस मुद्दे को उठाया और खरगे से माफी मांगने के लिए कहा। नड्डा ने सख्त लहजे में बोला कि ये तो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है, वर्तमना नेता विपक्ष जिनका संसद में इतना लंब अनुभव है, उन्होंने इस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया है। ये पूरी निंदनीय है, चेयर के प्रति ऐसा शब्द का इस्तेमाल होना, इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। फिर भी एलओपी को माफी तो मांगनी ही चाहिए, उन्हें अपने शब्द को वापस लेना चाहिए। बाद में उन्होंने आसंदी से माफी मांग की।*

### शाह ने कहा

### शांति और विकास की नई कहानी लिख रही मोदी सरकार



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पीएम नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने पूर्वोत्तर के विकास और शांति पर विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उसने पूर्वोत्तर और बाकी भारत के बीच की दूरी कम की है। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित पूर्वोत्तर छात्र और युवा संसद कार्यक्रम में घोषणा की कि 2027 तक पूर्वोत्तर के हर राज्य की राजधानी को ट्रेन, हवाई मार्ग और सड़क से जोड़ा जाएगा। शाह ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में पूर्वोत्तर में हिंसा में भारी कमी आई है। 2004 से 2014 के बीच 11,000 हिंसक घटनाएं हुई थीं, जबकि 2014 से 2024 के बीच यह संख्या घटकर 3,428 रह गई। उन्होंने कहा कि नागरिकों की मौतों में 89 फीसदी और सुरक्षा बलों के जवानों की शहादत में 70 फीसदी की कमी आई है।

### अदालत ने दिया आदेश

## आई दोहरी मुसीबत, केजरीवाल के खिलाफ दर्ज की जाए एफआईआर





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ गईं हैं। दिल्ली की एक अदालत ने केजरीवाल के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश दिया है। सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाए जाने के आरोप में केजरीवाल और अन्य के खिलाफ केस दर्ज करने को कहा गया है।कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से 18 मार्च तक रिपोर्ट भी मांगी है। केजरीवाल के खिलाफ यह आदेश ऐसे समय पर आया है जब वे पहले ही कई कानूनी मुश्किलों में घिरे हुए हैं और दिल्ली चुनाव में हार के बाद विपश्यना में जुटे हैं। यह मामला ॉ 2019 का है। केजरीवाल, मटियाला के तब के विधायक गुलाब सिंह और द्वारका की पार्षद नीतिका शर्मा के खिलाफ पोस्टर को लेकर शिकायत की गई थी। शिकायत को राउज एवेन्यू कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। कोर्ट ने थाने के एसएचओ को 18 मार्च तक रिपोर्ट पेश करके बताने को कहा है कि आदेश का पालन हो गया है या नहीं।

- सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला

### मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दोबारा सुनवाई की

पहले जब कोर्ट में शिकायत दर्ज की गई थी तो मजिस्ट्रेट कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद शिकायतकर्ता ने सेशंस कोर्ट में रिवीजन पिटीशन दाखिल की। सेशंस कोर्ट ने दोबारा मामले को मजिस्ट्रेट कोर्ट में भेजकर यह तय करने को कहा कि इस मामले में संज्ञेय अपराध का मामला बनता है या नहीं। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दोबारा सुनवाई की और मंगलवार को अर्जी स्वीकार करते हुए केस दर्ज करने का आदेश दिया।

### शराब घोटाले में जा चुके जेल

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल इससे पहले कथित शराब घोटाले में आरोपी बनाए जा चुके हैं और इस मामले में उन्हें कई महीनों तक जेल में भी रहना पड़ा। फिलहाल वे जमानत पर हैं। अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कोर्ट के ताजा आदेश पर आम आदमी पार्टी की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### राष्ट्रीय टीमों के चयन का रास्ता साफ, संजय का ही रहेगा 'दबदबा'

## खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ से निलंबन वापस लिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खेल मंत्रालय ने मंगलवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) पर लगा निलंबन वापस ले लिया, जिससे घरेलू प्रतियोगिताओं के आयोजन और अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिए राष्ट्रीय टीमों के चयन का रास्ता साफ हो गया। मंत्रालय ने अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप की जल्दबाजी में घोषणा करने के कारण 24 दिसंबर, 2023 को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था। कुछ निर्देशों के साथ कुश्ती के लिए राष्ट्रीय खेल महासंघ ( के रूप में इसकी मान्यता तत्काल प्रभाव से बहाल कर दी।

### सिंह को मिली कमान



*सिंह के नेतृत्व वाली समिति ने 21 दिसंबर, 2023 को डब्ल्यूएफआई का चुनाव जीता था, लेकिन पूर्व डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के गढ़ गोंडा के नंदिनी नगर में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए स्थल के चयन से सरकार नाराज थी। मंत्रालय ने आदेश में कहा कि डब्ल्यूएफआई ने सुधारात्मक कदम उठाए हैं, इसलिए उसने निलंबन हटाने का फैसला किया है।*

## रायपुर में विकास, उद्योग और स्वदेशी अर्थव्यवस्था पर की चर्चा, 2 प्रस्ताव पारित

**रायपुर।** रायपुर में स्वदेशी जागरण मंच की राष्ट्रीय परिषद बैठक संपन्न हो गई है। इस बैठक में कई प्रस्ताव लाए गए। इनमें से दो प्रस्ताव पारित किए गए। भारत को बहुपक्षीय समझौते , ग्राम आधारित विकास, स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा और स्वदेशी अर्थव्यवस्था,एआई और रोबोटिक्स, बेरोजगारी बढ़ने की आशंका जताई गई। इंटरनेट मीडिया पर बढ़ते सांस्कृतिक प्रदूषण को रोकने के लिए सख्त नीति की मांग उठी। इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजक आर सुंदरम , अभा संगठक कश्मीरी लाल , सह संगठक सतीश कुमार सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह कार्यवाहक कृष्ण गोपाल, साथ ही अभा कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ वी भागैया ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक में देशभर से 380 प्रतिनिधियों ने भाग लिया और 22 से अधिक विषयों पर मंथन किया। इस दौरान प्रस्तावों पर गहराई से मंथन किया।



पंजाब के गुरदासपुर में किसानों ने किया हंगामा

## भूमि अधिग्रहण को लेकर पुलिस से भिड़ंत में 7 किसान घायल

एजेंसी ▶▶ गुरदासपुर

पंजाब के गुरदासपुर में किसान और पुलिस के बीच भिड़ंत हुई है, इस तकरार में 7 लोग घायल बताए गए हैं। असल में सारा विवाद भूमि अधिग्रहण को लेकर था, किसानों का आरोप था कि लगातार जमीन हड़पी जा रही है, लेकिन सही मुआवजा नहीं दिया जा रहा।

ऐसे में इस बार जब फिर प्रशासन जमीन अधिग्रहण के काम के लिए आया, बवाल हो गया, किसानों ने वहीं धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया, थोड़ा बल प्रयोग भी देखा गया। इसी वजह से 7 किसान घायल हो गए।



### दिल्ली-कटरा एक्सप्रेस वे हाइवे पर विवाद

*इस समय दिल्ली-कटरा एक्सप्रेस वे हाइवे को लेकर विवाद चल रहा है, पहले भी किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया गया है। लेकिन इस बार जब पुलिस फिर अधिग्रहण के लिए पहुंची, किसानों ने प्रदर्शन तेज कर दिया, उन्होंने अपनी जमीन देने से ही मना कर दिया। उनका कहना है कि उनसे कोई अनुमति नहीं मांगी गई, किसी तरह का नोटिस नहीं दिया गया, इसके ऊपर प्रशासन ने उन्हें काफी कम मुआवजा देने का ऐलान किया। इसी वजह से तकरार हुई और उसमें 7 लोग घायल हुए।*

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को दिया निर्देश संशोधन करने पर भी विचार करें

## उपभोक्ता निकायों के सदस्यों को तत्काल वेतन व सुविधाएं दी जाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्य सरकारों को राज्य और जिला उपभोक्ता निवारण निकायों के अध्यक्षों और सदस्यों को मौजूदा नियमों के अनुसार वेतन और अन्य भत्तों का तत्काल भुगतान करने को कहा है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने केंद्र को भी उपभोक्ता संरक्षण (राज्य आयोग और जिला आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के वेतन, भत्ते और सेवा की शर्तें) मॉडल नियम, 2020 में संशोधन करने पर भी विचार करने का निर्देश दिया।

### बिना पूर्वाग्रह सुविधाएं मुहैया कराएं



पीठ ने कहा कि हम सभी राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देते हैं कि इन मामलों में उठाए गए विभिन्न विवादों पर कोई पूर्वाग्रह रखे बिना, राज्य के मौजूदा नियमों के अनुसार अध्यक्षों/सदस्यों को वेतन और सुविधाएं तत्काल दें। इससे कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलने की संभावना है।

### वेतन व सेवा शर्तों पर सुनवाई

*अदालत ने कहा कि यदि राज्य सरकारों की ओर से अनुपालन नहीं किया जाता है, तोन् यायमित्र को इस आशय का एक नोट सौंपने के लिए स्वतंत्र हैं ताकि अदालत उचित आदेश पारित कर सके। पीठ ने उपभोक्ता मंच के सदस्यों के वेतन और सेवा शर्तों से संबंधित याचिका पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश दिए।*

### स्विस एयर क्वालिटी टेक्नोलॉजी की 'वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट 2024'

# दिल्ली फिर बनी सबसे प्रदूषित राजधानी

### देश के 13 शहर शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्विस एयर क्वालिटी टेक्नोलॉजी कंपनीआईक्यू की वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट 2024 के अनुसार भारत की राजधानी दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी है। मंगलवार को प्रकाशित एक नई रिपोर्ट में ये चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है।

दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में से 13 भारत में है। इसमें मेघालय का बर्निहाट सबसे ऊपर है। 2024 में आईक्यूएयर की रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी है। भारत दुनिया का पांचवां सबसे प्रदूषित देश है। 2023 में भारत इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर था।

### सांद्रता औसतन 50.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर होगी



*रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 2024 में पीएम 2.5 सांद्रता में 7 प्रतिशत की गिरावट रही, जो औसतन 50.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर होगी, जबकि 2023 में यह 54.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर होगी। दिल्ली में प्रदूषण का स्तर लगातार उच्च दर्ज किया गया, जिसमें वार्षिक औसत पीएम 2.5 सांद्रता 91.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रही, जो 2023 में 92.7 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से लगभग अपरिवर्तित है।*

### देश के प्रदूषित शहर

दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 भारतीय शहर बर्नीहाट (मेघालय), दिल्ली (दिल्ली), मुल्लांपुर (पंजाब), फरीदाबाद (हरियाणा), लोनी (यूपी), नई दिल्ली (दिल्ली), गुरुग्राम (हरियाणा), गंगानगर (राजस्थान), ग्रेटर नोएडा (यूपी), भिवाड़ी (राजस्थान), मुजफ्फरनगर (यूपी), हनुमानगढ़ (राजस्थान), नोएडा (यूपी) शामिल है।

### भारत ने वायु गुणवत्ता डेटा संग्रहण में प्रगति की

पिछले साल प्रकाशित लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ अध्ययन के अनुसार 2009 से 2019 तक भारत में हर साल लगभग 1.5 मिलियन मौतें संभावित रूप से पीएम 2.5 प्रदूषण के दीर्घकालिक संपर्क से जुड़ी थीं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक और स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाहकार सौम्या स्वामीनाथन ने कहा कि भारत ने वायु गुणवत्ता डेटा संग्रहण में प्रगति की है, लेकिन अभी भी पर्याप्त कमी है। ओशिनिया साल 2024 में दुनिया का सबसे स्वच्छ क्षेत्र रहा। आपको बता दे कि इसके 57% क्षेत्रीय शहर विश्व स्वास्थ्य संगठन के पीएम 2.5 वार्षिक दिशानिर्देश मान 5 ग्राम/मीटर 3 को पूरा करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण-पूर्व एशिया के प्रत्येक देश में पीएम 2.5 की सांद्रता में कुछ कमी आई है।

# जबलपुर

बुधवार, 12 मार्च 2025

- फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-13
- वर्ष : 19, अंक : 307
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 36
न्यून. 17

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




## पीएम इंटर्नशिप के लिए आवेदन का एक और मौका

**नई दिल्ली।** कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) ने पीएम इंटर्नशिप योजना 2025 के लिए पंजीकरण की समय-सीमा को बढ़ा दिया है। यदि आपने अभी तक इस योजना के लिए आवेदन नहीं किया है, तो यह आपके लिए सुनहरा मौका है। अब छात्र पीएम इंटर्नशिप की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से 31 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। इस चरण में कुल 1 लाख अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इससे पहले, पीएम इंटर्नशिप योजना 2025 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 12 मार्च थी। इसके अलावा, सभी छात्रों के लिए आवेदन निःशुल्क है।






## प्रधानमंत्री मोदी की दो दिवसीय मॉरीशस यात्रा

**पीएम बोले-** इनका भारतीय परंपरा, संस्कृति और मूल्यों से गहरा जुड़ाव बेहद प्रेरक

# मॉरीशस में प्रधानमंत्री मोदी का बिहारी अंदाज में किया गया स्वागत, प्रधानमंत्री ने लिखा- ये हमेशा याद रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पोर्ट लुईस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर मॉरीशस की राजधानी पोर्ट लुईस पहुंचे। पोर्ट लुईस पहुंचने पर भारतीय मूल के लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान महिलाओं ने बिहारी अंदाज में पारंपरिक गीत गाकर इस स्वागत कार्यक्रम को यादगार बना दिया। दरअसल, महिलाओं ने भोजपुरी भाषा का पारंपरिक 'गीत गवई' गाकर पीएम मोदी का स्वागत किया। गीत गवई, भोजपुरी संगीत परंपरा से जुड़ा है।

गीत गवई की सांस्कृतिक अहमियत के चलते यूनेस्को की प्रतिनिधित्व सूची में दिसंबर 2016 में शामिल किया गया था



### पीएम मोदी ने लिखा

### भोजपुरी भाषा, मॉरीशस की संस्कृति में फली-फूली

मॉरीशस में मिले भव्य स्वागत पर पीएम मोदी पर आभार जताया और सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि मॉरीशस में भारतीय समुदाय द्वारा किए गए स्वागत से अभिभूत हूं। इनका भारतीय परंपरा, संस्कृति और मूल्यों से गहरा जुड़ाव बेहद प्रेरक है। यह जुड़ाव इतिहास और दिलों के जरिए कई पीढ़ियों में फला-फूला है। बिहारी अंदाज में मिले स्वागत पर खुशी जताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मॉरीशस में मिला स्वागत यादगार है। गीत गवई से हमारा सांस्कृतिक जुड़ाव दिखा। यह प्रशंसनीय है कि किस तरह से भोजपुरी भाषा, मॉरीशस की संस्कृति में फली-फूली है।

### पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम ने स्वागत किया

प्रधानमंत्री का सर शिवसागर रामगुलाम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने स्वागत किया। गौरतलब है कि मॉरीशस के पीएम के साथ ही मॉरीशस की सरकार के करीब 200 गणमान्य लोग पीएम मोदी के स्वागत में एयरपोर्ट पहुंचे। इनमें मॉरीशस के डिप्टी पीएम, मॉरीशस के मुख्य न्यायाधीश, मॉरीशस की नेशनल असेंबली के स्पीकर, नेता विपक्ष, विदेश मंत्री, कैबिनेट सचिव समेत कई लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### एंबुलेंस ने तीन साल के बच्चे को रौंदा, मौत

**मुलताई।** बैतूल के मुलताई में हाईवे पर तीन साल का बच्चा एंबुलेंस की चपेट में आ गया। बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई।



एंबुलेंस चालक मौके से फरार हो गया। घटना मंगलवार दोपहर करीब 1.30 बजे भिलाई के पेट्रोल पंप के सामने की है। बच्चे का पिता पेट्रोल पंप की ओर जा रहा था। बच्चा मां का हाथ छुड़ाकर हाईवे की तरफ भागा और हादसा हो गया। तभी हादसा हो तभी तेज रफ्तार एम्बुलेंस उसे टक्कर मारती हुई निकल गई। खड़ाअमला के रहने वाले मुनिराज हारोडे, पत्नी संगीता को एनस स्कूल में छोड़ने जा रहे थे। पेट्रोल पंप पर मुनिराज ने पत्नी और बच्चे को बाहर उतारा।

### नदी में डूबने से दो लड़कियों की मौत

**टीकमगढ़।** धसान नदी पर पक्का घाट बनाने की मांग को



जिला प्रशासन व शासन द्वारा नजरअंदाज किए जाने का खामियाजा दो लड़कियों को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा। जिले की धसान नदी में नहाने गईं पांच लड़कियों में से दो की पानी में डूबने से मौत हो गई।

## बलूचिस्तान में ट्रेन हाईजैक

सेना को दी वॉर्निंग - कोई सैन्य कार्रवाई तो सभी बंधकों को मार दिया जाएगा

# दावा- बलूच लिबरेशन आर्मी ने 120 यात्रियों को 'बंधक' बनाया

एजेंसी ▶▶ पेशावर

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बलूचिस्तान के माच क्षेत्र में हथियारबंद लोगों ने पेशावर से क्वेटा जा रही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर हमला कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के दावों के मुताबिक यह हमला बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने किया है। संगठन ने ट्रेन में सवार 120 यात्रियों को बंधक बना लिया है।

छ ह हथियारबंद लोगों ने गोलीबारी की। जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई। हमले में कई यात्री घायल भी हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद बलूचिस्तान सरकार ने आपातकाल लागू कर दिया है। रेलवे नियंत्रक मुहम्मद काशिफ ने कहा कि क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस को कुछ हथियारबंद लोगों ने पेहरो कुनरी और गदलार के बीच सुरंग नंबर आठ के पास रोक लिया।

**हथियारबंद लोगों ने पेशावर से क्वेटा जा रही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर हमला किया**

*एक बयान में बीएलए ने कहा कि उसके लड़ाकों ने मश्कफ, धादर, बोलन में ऑपरेशन को अंजाम दिया। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया, जिससे जाफर एक्सप्रेस को रुकना पड़ा।*



- बलूचिस्तान सरकार ने आपातकाल लागू कर दिया
- नौ कोच वाली इस ट्रेन में 500 यात्री हैं सवार

### 6 सैन्य कर्मियों की हत्या की ली जिम्मेदारी

*इस ट्रेन में करीब 120 से ज्यादा यात्रियों को बंधक बनाने का दावा बीएलए ने किया है। इतना ही नहीं छह सैन्य कर्मियों की हत्या करने की भी उन्होंने जिम्मेदारी ली है। बीएलए ने वॉर्निंग दी है कि उनके खिलाफ किसी भी सैन्य अभियान चलाए जाने पर सभी बंधकों को मार दिया जाएगा। एक बयान में बीएलए ने कहा कि उसके लड़ाकों ने मश्कफ, धादर, बोलन में ऑपरेशन को अंजाम दिया। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया, जिससे जाफर एक्सप्रेस को रुकना पड़ा। लड़ाकों ने तेजी से ट्रेन पर कब्जा कर लिया और सभी यात्रियों को बंधक बना लिया। बीएलए ने सख्त वॉर्निंग देते हुए कहा कि अगर कब्जा करने वाली सेनाएं कोई सैन्य कार्रवाई करने की कोशिश करती हैं तो परिणाम गंभीर होंगे। सभी सैकड़ों बंधकों को मार दिया जाएगा और इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से कब्जा करने वाली सेनाओं पर होगी।*

### पाकिस्तान से स्वतंत्रता के लिए लड़ाई

बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है, लेकिन यह सबसे कम आबादी वाला और सबसे गरीब प्रांतों में से एक है। बलोच लोगों की एक विशिष्ट भाषा (बलोची), संस्कृति और जनजातीय परंपराएं हैं। उनकी पहचान पंजाबी, सिंधी और पश्तून जैसे अन्य जातीय समूहों से अलग है। प्राकृतिक संसाधनों (गैस, खनिज आदि) से समृद्ध होने के बावजूद, बलूचिस्तान अविकसित है और स्थानीय लोग केंद्र सरकार द्वारा शोषित महसूस करते हैं। कई बलोच लोग राजनीतिक हाशिए पर होने, स्वायत्तता की कमी और अनुचित व्यवहार का दावा करते हैं।

### चट्टानी इलाका होने से मौके पर पहुंचने में दिक्कत

सिबी हॉस्पिटल में इमरजेंसी लागू कर दी है। वहीं एंबुलेंस और सिक्योरिटी फोर्स घटनास्थल की ओर रवाना हो गए हैं। हालांकि, रिंद ने कहा कि चट्टानी इलाका होने के कारण अधिकारियों को घटनास्थल तक पहुंचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घटना के पैमाने और आतंकवादी तत्वों की संभावना का पता लगाया जा रहा है।

## मप्र हाईकोर्ट का 'बड़ा फैसला'

# विधि छात्रों को लेकर उठाया कदम फर्जी मान्यता पर होगी एफआईआर



**पुलिस कमिश्नर भोपाल को पूरे प्रकरण की जांच करने का आदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने विधि छात्रों के भविष्य को लेकर बड़ा कदम उठाया है। जबलपुर के विधि छात्र व्योम गर्ग और शिखा पटेल ने अदालत में याचिका दायर कर यह बताया कि उन्होंने सेंट्रल इंडिया लॉ इंस्टीट्यूट से कानून की पढ़ाई पूरी की। लेकिन जब उन्होंने स्टेट बार काउंसिल ऑफ मध्य प्रदेश में अपना रजिस्ट्रेशन कराने के लिए आवेदन किया, तो उनका आवेदन यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया गया कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने रिन्यूअल फीस जमा न होने के कारण संस्थान की मान्यता समाप्त कर दी है। ऐसे में छात्रों का रजिस्ट्रेशन संभव नहीं हो सका।

### यह दिए निर्देश

- हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि जो कॉलेज या विश्वविद्यालय बिना मान्यता के एलएलबी और एलएलएम में छात्रों को प्रवेश देंगे, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी।
- बार काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त न होने की स्थिति में सभी शैक्षणिक संस्थानों और विश्वविद्यालयों को अपने पोर्टल पर इसकी स्पष्ट जानकारी देनी होगी।
- बार काउंसिल ऑफ इंडिया को ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जिससे कोई भी संस्थान छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न कर सके।
- सभी विधि विश्वविद्यालय और लॉ कॉलेजों को अपने पोर्टल को हर वर्ष मार्च माह में अपडेट करना होगा, ताकि छात्र सही जानकारी प्राप्त कर सकें।

### उच्च शिक्षा विभाग को भी अदालत में रहना होगा उपस्थित

हाईकोर्ट ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य के उच्च शिक्षा विभाग को भी कठघरे में खड़ा किया है। अदालत ने आदेश दिया कि अगली सुनवाई के दौरान उच्च शिक्षा विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी और भोपाल के पुलिस कमिश्नर को अदालत में उपस्थित रहना होगा। हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 25 मार्च को निर्धारित की है।

**बढ़ी तपिश : सबसे कम रात का पारा शहडोल में 11 डिग्री**

# प्रदेश में सबसे अधिक गर्म रहा धार, पारा 39.1 डिग्री दर्ज अभी दो दिन पूरे प्रदेश में और होगी दिन के तापमान में बढ़त

*◆ राजधानी में सबसे गर्म रहा दिन का पारा 37.1 डिग्री, दो दिन में 38 पार जाएगा पारा*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी गर्मी में लगातार इजाफा हो रहा है। भोपाल में दूसरे दिन भी अधिकतम तापमान में 1.7 डिग्री की बढ़त होने के बाद पारा सीजन में सबसे अधिक 37.1 डिग्री पर पहुंच गया। इससे मंगलवार सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। यह सामान्य से 4.9 डिग्री अधिक है। इससे दोपहर में लू जैसे गर्मी महसूस की गई। इससे पहले सबसे अधिक पारा 29 मार्च 2023 को हां 36.9 डिग्री तक रहा था।

### भोपाल में न्यूनतम पारे में सबसे अधिक गिरावट क्यों?

राजधानी में मंगलवार की रात का पारा प्रदेश में सबसे अधिक 4.1 डिग्री गिरा है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार इंदौर सहित दो तरफ हवाओं में आने वाली हवाओं में उत्तरी कंपोनेंट अधिक रहने के साथ ही औसत रफ्तार अधिक रहने से रात में पारा तेजी से गिरा है। रात के तापमान में एक से 3 डिग्री तक बदलाव अभी जारी रहेगा।






विधानसभा परिसर में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का स्वागत करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल।



मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र,2025 के लिए विधानसभा में राज्यपाल मंगुभाई पटेल आए। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार एवं संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने उनकी अगवानी की।



राज्यपाल मंगू भाई पटल का विधानसभा परिसर पहुंचने पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर सीएम डॉ. मोहन यादव भी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### सिंधिया की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि



**भोपाल।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. माधव राव सिंधिया की 80वीं जयंती पर सोमवार को सिंधिया परिवार के छत्री परिसर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्व. सिंधिया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भजन संध्या में भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, नरेन्द्र सिंह तोमर व वीडी शर्मा ने भी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### भाजपा कार्यालय में भी अर्पित की पुष्पांजलि

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने प्रदेश कार्यालय में स्व. सिंधिया की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### समर्पित भाव से कार्यरत है सीआईएसएफः सीएम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीआईएसएफ के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कर्तव्य निर्वहन के लिए, सीआईएसएफ के सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों की राष्ट्रभक्ति को नमन किया। डॉ. यादव ने कहा कि दिल्ली मेट्रो, हवाई अड्डों एवं प्रमुख इमारतों की सुरक्षा प्रदान करने वाला बल संरक्षण और सुरक्षा के ध्येय वाक्य के साथ राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित भाव से निरंतर कार्यरत है।

### मुख्यमंत्री ने बाघिन को टाइगर रिजर्व क्षेत्र के मुक्त आवास में छोड़ा

# माधव, कूनो और घड़ियाल अभयारण्य से खुलेंगे चंबल क्षेत्र में विकास के नए दरवाजेः डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

- शिवपुरी में 9वें माधव टाइगर रिजर्व का हुआ शुभारंभ
- माधव राव सिंधिया की जयंती पर प्रदेश को नई सौगात

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सोमवार को शिवपुरी में नवनिर्मित माधव टाइगर रिजर्व का शुभारंभ किया। यह मध्यप्रदेश का 9वां और देश का 58वां नेशनल टाइगर रिजर्व है। उन्होंने पुनर्स्थापन प्रक्रिया से यहां लाई गई एक बाघिन को टाइगर रिजर्व क्षेत्र के मुक्त आवास में छोड़ा। डॉ यादव ने कहा कि आज का दिन चंबल क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक है। माधव टाइगर रिजर्व में बाघों का पुनर्स्थापन हो रहा है। वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से राज्य को 9वें नेशनल टाइगर रिजर्व की अभूतपूर्व सौगात मिली है। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार के सहयोग के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार माना। डॉ यादव ने टाइगर रिजर्व के प्रतीक चिन्ह (लोगो) के विमोचन के साथ बाउन्ड्री वॉल का लोकार्पण भी किया।





### वन्य जीवों और मनुष्य के सह-अस्तित्व का अद्भुत नजारा



मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार चंबल क्षेत्र में वन्य जीव पर्यटन को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। प्रदेश में वन संपदा है और वन्य जीव बड़ी संख्या में हैं। चंबल क्षेत्र के कूनो में चीता, चंबल नदी में घड़ियाल और अब माधव नेशनल पार्क में बाघ पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेंगे। चंबल में वन्य जीव और मनुष्य मिलकर सह-अस्तित्व के भाव से अपनी-अपनी जिंदगी जी रहे हैं। यह अद्भुत नजारा केवल चंबल में देखने को मिलता है। राज्य सरकार के प्रयासों से यहां पर्यटन बढ़ेगा, रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी और ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के लिए विकास के नए द्वार खुलेंगे।

### अब चंबल में भी सुनाई देगी बाघ की दहाड़

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि भारत और विश्व में सबसे ज्यादा टाइगर मध्यप्रदेश की भूमि पर पाए जाते हैं। मध्यप्रदेश को टाइगर स्टेट का दर्जा प्राप्त है। बाघों के विचरण के लिए सिर्फ चंबल क्षेत्र ही शेष था। यह कमी भी आज पूरी हो गई है। यहां भी अब बाघ की दहाड़ सुनाई देगी। स्व माधवराव सिंधिया की जयंती पर इस बाघ आरक्षित क्षेत्र का लोकार्पण राज्य के समग्र विकास के लिए बढ़ते कदम हैं। डॉ यादव चंबल ने प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन के मामले में अपार संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि माधव टाइगर रिजर्व नया इतिहास लिखेगा।

### अपनी नई पहचान बनाएगा

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि चंबल क्षेत्र अब बाघों के पुनर्वास से अपनी नई पहचान बनाएगा। यहां पहले से भालू, तेंदुआ, हिरण, चिंकारा, भेड़िया, सियार, साही, अजगर और गिद्ध जैसे वन्य प्राणियों का बसेरा है। डॉ यादव ने वन्य प्राणियों के संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि नए टाइगर रिजर्व के विकास कार्यों में दूसरे जीवों के सह-अस्तित्व का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा।

### वन्यजीव पर्यटन की संभावनाएं प्रबल हुईः सिंधिया

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि माधव टाइगर रिजर्व, पन्ना टाइगर रिजर्व के बाद मप्र का तीसरा पुनर्जीवित किया गया नेशनल पार्क है। इससे चंबल क्षेत्र में वन्य जीव पर्यटन की संभावनाएं प्रबल हुई हैं। प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर कूनो नेशनल पार्क में देश में विलुप्त हो चुके चीता को फिर से बसाया गया है। उन्होंने 10 मार्च 2023 को माधव नेशनल पार्क में पूर्व में 3 बाघ छोड़े थे। आज एक बाघिन को छोड़ा गया है। अब कूनो और माधव टाइगर रिजर्व का संयुक्त क्षेत्र 3 हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक हो जाएगा।

# राज्यपाल ने राज्य सरकार की नीति और नीयत का रोड मैप किया प्रस्तुतः सीएम




- 'सर्वजन सुखाय-सर्वजन हिताय' वाला होगा प्रदेश का बजट
- अभिभाषण पर सीएम ने माना आभार

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल के विधानसभा में अभिभाषण पर उनका आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि उन्होंने राज्य सरकार की नीति और नीयत का रोड मैप प्रस्तुत किया है। मंगलवार को इस पर विधानसभा में विस्तार से चर्चा होगी। डॉ. यादव ने कहा कि भारत को समर्थ, सक्षम बनाते हुए सबका साथ-सबका विकास और सर्वजन सुखाय-सर्वजन हिताय के भाव को चरितार्थ करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुनी गई हमारी सरकार, इस संकल्प को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस सत्र में अगले वित्तीय वर्ष का बजट आने वाला है, यह बजट जन भावनाओं के अनुरूप होगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विधानसभा परिसर में मीडिया से चर्चा में यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की सफलता के साथ प्रदेश औद्योगीकरण तथा अन्य विकास गतिविधियों की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के नए टाइगर रिजर्व का शुभारंभ चंबल क्षेत्र में हो रहा है, जिससे क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके साथ ही केन- बेतवा लिंक परियोजना और पार्वती-काली सिंध-चंबल लिंक परियोजना से चंबल क्षेत्र के श्योपुर, मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, सहित संपूर्ण बेल्ट में पानी की उपलब्धता रहेगी। इससे सिंचाई और पेयजल के लिए पर्याप्त आपूर्ति के साथ-साथ औद्योगिक गतिविधियों के लिए भी जल उपलब्ध रहेगा, परिणामस्वरूप क्षेत्र में कृषि तथा औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार होगा।

### भारतीय क्रिकेट टीम की जीत पर विधानसभा में दी गई बधाई

विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण के बाद संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भारत के चैंपियंस ट्राफी जीतने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए समूचे सदन की तरफ से भारतीय टीम के खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया ने यह मैच पाकिस्तान की मेजबानी में जीता, इसलिए इस जीत का महत्व और बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि यह चूंकि टीम वर्क है, इसलिए समूचे सदन को पूरी टीम को बधाई देनी चाहिए। विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजकर दो मिनट पर शुरू हुई। स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि चूंकि राज्यपाल का बजट अभिभाषण होना है, इसलिए राज्यपाल की प्रतीक्षा की जाती है। इसके करीब 10 मिनट बाद 11.12 बजे राज्यपाल सदन में पहुंचे। उन्होंने अभिभाषण पढ़ा। इसके बाद 11.33 बजे वे सदन से वापस चले गए। राज्यपाल के वापस जाने के बाद सदन आहूत होते ही संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय के प्रस्ताव पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि हर्ष की बात है, मैं गर्व से कहता हूं कि हम भारतीय हैं और भारतीय टीम के जीत पर युवा प्रसन्न होते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 12 साल बाद चैंपियंस ट्राफी जीतना वाकई अद्भुत है और भारतीय टीम को बहुत बहुत बधाई देता हूं। तीसरी बार हैट्रिक लगाई है। मेरी ओर से पूरी टीम को बधाई।

### अर्चना चिटनीस ने राज्यपाल के भाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव रखा

राज्यपाल के अभिभाषण पर भाजपा की तरफ से सदस्य अर्चना चिटनीस ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि वे इस धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हैं। इसके बाद सदन में निधन का उल्लेख किया गया। इसमें विधानसभा स्पीकर के अलावा मुख्यमंत्री डॉ. यादव, नेता प्रतिपक्ष सिंघार व वरिष्ठ कांग्रेस सदस्य डॉ. राजेंद्र सिंह ने निधन का उल्लेख करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, जुगल किशोर गुप्ता, श्रीमती सविता बाजपेयी, मारोतराव खवसे, रायसिंह राठौर और जयराम सिंह मार्को के निधन पर दुख जताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

### इंडिया की जीत से नफरत तो 'तुम्हें खाने पड़ेंगे डंडे': रामेश्वर

- महू में दो गुटों में झड़प को लेकर बोले विधायक रामेश्वर

महू में रविवार को भारतीय क्रिकेट टीम की जीत पर निकले जुलूस पर हुए पथराव को लेकर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि आतिशबाजी से नफरत है तो अपने बेटा-बेटियों की शादी में आतिशबाजी क्यों करते हो?। तुम्हें अगर इंडिया की जीत पर होने वाली आतिशबाजी से नफरत है, तुम्हें मोहन यादव सरकार के डंडे खाने पड़ेंगे। बता दें कि चैंपियन ट्रॉफी में भारत की जीत के बाद महू में जुलूस निकाला गया। आतिशबाजी करते निकले इस जुलूस पर कुछ अराजक तत्वों ने पथराव किया था। इसी पथराव को लेकर विधायक रामेश्वर शर्मा भड़के और विधानसभा में पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने कहा कि तिरंगे लेकर चलने वालों पर पथराव बर्दाश्त से बाहर है, अपराधियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### सिर पर गंगाजल लेकर पहुंचे अभिलाष, सीएम और स्पीकर को सौंपा कलश



**भोपाल।** जबलपुर उत्तर सीट से भाजपा विधायक अभिलाष पांडे नंगे पैर सिर पर गंगाजल लेकर विधानसभा आए। उन्होंने कहा कि वे सदन को पवित्र करने के उद्देश्य से गंगाजल लाए हैं और चाहते हैं कि विधानसभा में सकारात्मक माहौल बना रहे। वहीं जिन कोंग्रेसियों के आचरण से विधानसभा भवन दूषित हुआ है वहां गंगजला का प्रयोग किया जाएगा।
प्रयागराज महाकुंभ के संगम तट से लाए गए मां गंगा के पावन जल का कलश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव को प्रदान किया। इसके साथ ही अभिलाष पांडे ने विधानसभा में अन्य सभी मंत्री ,विधायक एवं विधानसभा के अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी मां गंगा का पवित्र गंगाजल प्रदान किया। गौरतलब है कि अभिलाष पांडेय पिछले सात दिनों से अपनी विधानसभा में महाकुंभ से लाया गंगा जल वितरण किया। डॉ अभिलाष पांडे ने कहा कि आज से शुरू होने वाला विधानसभा का सत्र प्रदेश के सुख, शांति ,समृद्धि और विकास के लिए नए आयाम स्थापित करे ऐसी मां गंगा से प्रार्थना करता हूं और सभी सुखी और निरोगी रहें इसलिए मां गंगा के आशीर्वाद स्वरूप गंगाजल को लेकर आया हूं।

### मप्र का एक-एक कार्यकर्ता कांग्रेस के साथः जयवर्धन

कांग्रेस नेताओं की बीजेपी से मिलीभगत और उन्हें निकालने के संबंध में दिए गए राहुल गांधी के बयान के बाद मध्यप्रदेश कांग्रेस में भी हलचल मच गई है। प्रदेश के ऐसे नेताओं पर भी कार्रवाई की बात उठने लगी है। विधानसभा में जब पत्रकारों ने मप्र में कांग्रेस नेता जिनका भाजपा से रिश्ता है, उन पर कार्रवाई को लेकर पूछे गए सवाल पर जयवर्धन सिंह ने कहा कि जिन लोगों के खिलाफ शिकायत गई है, राहुल गांधी ने उनके खिलाफ कार्रवाई कराई है। जहां तक मध्य प्रदेश की बात है, तो यहां का एक-एक एक कार्यकर्ता कांग्रेस के साथ है। जिन लोगों ने विधानसभा व लोकसभा चुनाव में पार्टी के खिलाफ काम किया है, उन पर कार्रवाई हुई भी है।

# दिव्यांग युवकों ने पहली बार देखी विधानसभा की कार्यवाही, मुख्यमंत्री से भी की मुलाकात

- मप्र. विधानसभा में आकर्षण का केंद्र बनीं सिरोंज विधायक भार्गव की संवेदनशीलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सिरोंज-लटेरी विधानसभा के विधायक उमाकांत शर्मा सोमवार को विधानसभा के पहले दिन अपनी विधानसभा के दिव्यांग युवकों को अपने साथ विधानसभा की कार्यवाही दिखाने ले गए।
दिव्यांग युवकों ने पहली बार विधानसभा को अंदर से देखा। अपने आप को विधानसभा में पहुंचा देख दिव्यांगों के चेहरे पर एक तरफ खुशी झलक रही थी तो वहीं दूसरी और मन में भावनाओं का ज्वार उमड़ रहा था। दिव्यांग युवकों की खुशी तब और अधिक बढ़ गई जब अपने विधायक की मौजूदगी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से प्रत्यक्ष रूप से भेंट करने का अवसर मिला। इनमें आनंदपुर निवासी 22 वर्षीय दिव्यांग शिवराज बघेल ने कहा कि आज पहली बार विधानसभा देखी, मैंने टीवी और मोबाईल के माध्यम से विधानसभा देखी, लेकिन आज सचमुच में आकर देखी है। जावती के दिव्यांग युवक वीरेंद्र कुशवाह कहते हैं कि मैं जन्म से दिव्यांग हूं आज मैं प्रसन्न हूं कि मुझे यह अवसर मिला। सामाजिक कार्यकर्ता, जन चेतना मंच के धर्मेंद्र पाटीदार कहते हैं कि ऐसा पहली बार देखने को मिला है कि किसी विधायक जनप्रतिनिधि ने दिव्यांगों को विधानसभा देखने का अवसर प्रदान किया है।

# विपक्ष टिप्पणी से पहले पूर्व के तथ्यों पर नजर भी डाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने विपक्ष के विधानसभा के बजट सत्र की समयावधि बढ़ाने के मुद्दे पर तीखा कमेंट किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष आम नहीं, पेड़ गिन रहा है। उन्होंने विपक्षी मित्रों से आग्रह किया कि पूर्वानुमान लगाकर बजट सत्र की समय सीमा पर टिप्पणी करने से पहले, पूर्व के तथ्यों पर नजर भी नजर डालना चाहिए।
उन्होंने कहा कि तथ्यों को देखने के बाद ही विपक्ष को आरोप लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बजट सत्र वर्ष 2022 में 8 बैठकें संपन्न हुई, जिसमें 21 घंटे 52 मिनट सत्र चला। बजट सत्र वर्ष 2024 में 5 बैठकें संपन्न हुई, जिसमें 28 घंटे 03 मिनट सत्र चला। वर्तमान बजट सत्र वर्ष 2025, 10 से 24 मार्च का होगा, जिसमें 9 दिन सदन की कार्यवाही चलेगी और सत्र के घंटों का नया आयाम विपक्ष के सहयोग से बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पक्ष और विपक्ष विधानसभा के पटल पर दो हाथों के समान है, जिनके सामंजस्य के बगैर ताली नहीं बज सकती। मध्यप्रदेश की जनता से विपक्ष में बैठने का जो कर्ज कांग्रेस ने लिया है उसे उतारते हुए बजट और जनहितैषी मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा कर सृजनात्मक भूमिका का निर्वहन करें। विधानसभा की कार्यवाही को विघटित करने से बेहतर है कि बाबा साहेब के संविधान के अनुरूप सदन में गरिमामयी और सार्थक योगदान दें।

### परिजनों का आरोप, अस्पताल प्रबंधन ने दो दिन तक गुमराह किया

# लड़की को एनेस्थिसिया का इंजेक्शन लगाया, कोमा में गई फिर हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बिलासपुर के यूनिटी हॉस्पिटल में इलाज में लापरवाही के चलते नर्सिंग छात्रा की मौत हो गई। उसके गले की थायराइड गांठ का ऑपरेशन होना था। सर्जरी से पहले उसे एनेस्थेसिया दी गई, जिसके बाद वो कोमा में चली गई। आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने न सिर्फ इलाज में लापरवाही बरती बल्कि, परिजन को सच्चाई बताने की जगह 2 दिन तक गुमराह करते रहे।
इस दौरान किसी को मरीज से मिलने तक नहीं दिया गया। आखिरकार, जब छात्रा की मौत हो गई, तब परिजनों को जानकारी दी गई। इससे गुस्साए परिजन ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। साथ ही पुलिस से भी शिकायत कर दी। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।



#### नर्सिंग छात्रा थी 21 साल की लड़की

*दरअसल, मुंगेली जिले के सिलदहा की रहने वाली किरण वर्मा (21 साल) मोपका शासकीय नर्सिंग कॉलेज में थर्ड ईयर की छात्रा थी। छात्रा के मामा मधुकर वर्मा ने बताया कि उनकी भांजी को गले में थायराइड की गांठ की शिकायत थी। इलाज के लिए डॉक्टरों ने सर्जरी की सलाह दी थी। उन्हें सामान्य ऑपरेशन की जानकारी दी गई थी। इस पर 7 मार्च को परिजन किरण को लेकर यूनिटी हॉस्पिटल पहुंचे।*

### पुराने नगर निगम बिल्डिंग के मलबे में लगी आग

**रायपुर।** रायपुर के पुराने नगर निगम बिल्डिंग के मलबे में आग लग गई है। बिल्डिंग के आसपास बड़ी मात्रा में कचरे के ढेर होने से आग तेजी से फैल गईं। जिसके बाद आसपास मौजूद दुकानदारों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। यह पूरा मामला गोल बाजार थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है की घटना 12:30 बजे करीब की है। पुराने नगर निगम की बिल्डिंग के मलबे में अचानक आग लग गई। मलबे में बड़ी मात्रा में कचरे का ढेर था। जिससे आग तेजी से फैलने लगी। आसपास मौजूद दुकानदारों ने जब आग को देखा तो उन्होंने फौरन फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

### तीन मोबाइल दुकानों से फर्जी सिम कार्ड जारी

# डिस्ट्रीब्यूटर देते थे फर्जी सिम कार्ड जांजगीर-चांपा में 2 आरोपी पकड़ाए

ग्राहकों का आधार नंबर लेकर जारी करते थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जांजगीर चांपा में फर्जी सिम कार्ड जारी करने के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में जिओ कंपनी का डिस्ट्रीब्यूटर सौरभ पालीवाल और कर्मचारी ओंकार धीवर शामिल हैं। इस मामले में अब तक कुल 5 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।
सिटी कोतवाली थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय रायपुर से मिली जानकारी के आधार पर कार्रवाई की गई। जांच में पता चला कि तीन मोबाइल दुकानों से फर्जी सिम कार्ड जारी किए गए थे। इस मामले में पहले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है।

#### आरोपी ऐसे करते थे फर्जी सिम कार्ड जारी



पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। फर्जी सिम कार्ड जारी करने का तरीका भी सामने आया है। आरोपी पहले ग्राहक का ई-केवाईसी और डी-केवाईसी के जरिए आधार कार्ड लेते और फोटो खींचते थे। सिम कार्ड जारी करने के बाद आधार कार्ड की फोटोकॉपी रख लेते थे। फिर इसी फोटो का इस्तेमाल कर ग्राहक की जानकारी के बिना दूसरा नंबर भी जारी कर देते थे। दोनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## प्रहलाद निवास पर अनुज जालम ने संभाला मोर्चा

**सैकड़ों की तादाद में समर्थक रहे मौजूद**

# घेराव करने गए कांग्रेसी बन गए मजाक के पात्र.....!

हरिभूमि, जबलपुर।

जबलपुर में कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल के निवास का घेराव करने पहुंचे युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता स्वयं मजाक के पात्र बनते नजर आए. दरअसल मंत्री प्रहलाद पटेल के भीख मांगने वाले बयान पर कांग्रेस लगातार हमलावर है और उनके इस्तीफा की मांग कर रही है। इसी क्रम में युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मितेन्द्र यादव के नेतृत्व में जबलपुर स्थित उनके निवास को घेरने का प्रयास किया गया। इस प्रयास के दौरान वह भूल गए की कि प्रहलाद पटेल का निवास जरूर जबलपुर में है परंतु वह वर्तमान में प्रदेश सरकार के बजट सत्र में भाग ले रहे हैं, वह भोपाल स्थित अपने निवास में हैं, इसलिए जबलपुर में उनके निवास का घेराव करने का कोई औचित्य नहीं था।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने अपने स्वजातीय कार्यक्रम में भीख वाला बयान दिया था, इसके बाद से ही कांग्रेस उनके इस्तीफे को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रही है। इस प्रदर्शन के दौरान वह मंगलवार को सैनिक सोसायटी स्थित उनके निवास को घेरने का भी प्रयास किया। जहां पर 40-50 की संख्या में पहुंचे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को बीच रास्ते में ही रोक लिया गया।



### भोपाल में करना था प्रदर्शन

युवक कांग्रेस के इस प्रदर्शन पर बुद्धिजीवी वर्ग का कहना है कि सबको मालूम है कि प्रहलाद सिंह पटेल का भले की जबलपुर में निवास हो, परंतु वर्तमान में वह विधानसभा बजट सत्र में भाग लेने भोपाल में है, इसके बाद भी उनके घर का घेराव कहां तक सही है। वैसे भी वह नरसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक हैं अगर वहां पर प्रदर्शन होता तो भी ठीक था, या फिर अगर कांग्रेस को प्रदर्शन करना था तो वह भोपाल स्थित उनके निवास पर करती। यहां करने से वह मजाक की ही पात्र बनकर रह गई।

### जालम सिंह ने किया पलटवार-

कांग्रेस के घेराव पर प्रहलाद सिंह पटेल के अनुज व पूर्व मंत्री जालम सिंह ने पटेल ने पलटवार करते हुए कहा कि वह न केवल हमारी समाज का अपमान कर रही है बल्कि अमर शहीद रानी अवंतीबाई का भी अपमान कर रही है, वह रानी जिन्होंने महज 28 साल की उम्र में अपना सर्वत्र न्योछावर कर दिया था। यही कारण है कि कांग्रेस गर्त में जा रही है, देश के 9 राज्यों में कांग्रेस शून्य हो गई है, अगर मप्र में भी कोई तीसरी पार्टी आ जाए तो यहां पर भी यही हाल होगा।

## भूमि विक्रय अनुमति के लिये विशेष सुनवाई 19 और 20 को

**जबलपुर।** कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी दीपक सक्सेना ने कहा कि कलेक्टर न्यायालय में आदिम जनजाति सदस्यों द्वारा भूमि विक्रय अनुमति के लिये प्रस्तुत आवेदन पत्रों के लंबित 308 प्रकरणों के शीघ्रता से निराकरण के लिए बुधवार 19 मार्च एवं गुरूवार 20 मार्च को विशेष सुनवाई करने का विचार किया गया है। सुनवाई के लिये इच्छुक आवेदक 18 मार्च तक लिखित आवेदन प्रस्तुत करके प्रकरण सुनवाई सूची में शामिल करा सकते है। जिससे प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रहें।

# ग्रीष्मकालीन मूंग के स्थान पर करें तिल की खेती

**जबलपुर।** कीटनाशकों के अत्यधिक इस्तेमाल से मिट्टी और मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव को देखते हुये किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने जिले के किसानों को ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द के स्थान पर तिल की खेती करने की सलाह दी है।

उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम के अनुसार मूँग और उड़द मुख्य रूप से खरीफ मौसम (वर्षा ऋतु) की फसल है, लेकिन खरीफ में इन फसलों का रकबा निरन्तर कम होता जा रहा है। जबकि दूसरी ओर किसान मूंग एवं उड़द को ग्रीष्मकालीन (जायद) फसल के रूप में अधिक ले रहे हैं।

**कीटनाशकों के अत्यधिक इस्तेमाल को देखते हुये कृषि विभाग ने किसानों को दी सलाह**

उप संचालक कृषि ने जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के हवाले से बताया कि ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द की फसल पर कीट और बीमारियों का अधिक प्रभाव होता है। किसान इन 60 से 75 दिन की अवधि की फसलों पर 5 से 6 बार कीटनाशकों का स्प्रे करते हैं और फसल को मानसून आने से पूर्व सुखाने के लिये ग्लायफोसेट जैसे नींदानाशक का उपयोग भी करते हैं। कीटनाशकों के इस तरह के अंधाधुध प्रयोग से मृदा एवं मानव स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने के साथ-साथ पर्यावरण को भी काफी नुकसान हो रहा है।

डॉ निगम के मुताबिक कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से उत्पादित फसल डायबिटीज एवं कैंसर जैसी बीमारियों के कारण बनती जा रही है। उप संचालक कृषि ने जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ ए के सिंह द्वारा किसानों को दी गई सलाह का उल्लेख भी किया है। डॉ सिंह ने कहा है कि ग्रीष्मकालीन मूंग उड़द के उत्पादन हेतु अत्यधिक सिंचाई की आवश्यकता होती है और इससे भूमिगत जलस्तर में कमी आ रही है और नदी, नालों एवं तालाबों का जल प्रदूषित हो रहा है। इन फसलों में कीटनाशकों के अत्यधिक इस्तेमाल के कारण पशु-पक्षी एवं मानव स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। इसके साथ ही कृषि में सहयोगी मित्र कीट की संख्या में भी कमी आती जा रही है। खासतौर पर मधुमक्खी की विभिन्न प्रजातियां लुप्त होती जा रही हैं। इस वजह से परागण की क्रिया एवं उत्पादन प्रभावित होता है।

उप संचालक कृषि जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. संजय सिंह द्वारा किसानों को दी गई सलाह का जिक्र करते हुये कहा कि किसान ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द के स्थान पर तिल जैसी वैकल्पिक फसल का उत्पादन लें, जिस पर कीट एवं बीमारियों का प्रकोप लगभग नगण्य होता है। उप संचालक कृषि ने किसानों को जैविक अथवा प्राकृतिक तरीकों से मूंग और उड़द का उत्पादन लेने की सलाह भी दी है। उन्होंने किसानों को समन्वित कीट प्रबंधन प्रणाली का उपयोग करने तथा कीटनाशकों का अंधाधुंध उपयोग करने की बजाय वैज्ञानिकों की अनुशंसा के आधार पर अनुशंसित मात्रा में ही कीटनाशकों का प्रयोग करने का सुझाव भी दिया है।

# साइबर सुरक्षा पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**जबलपुर।** उद्यमिता विकास केन्द्र (सेडमैप) द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र में कार्यरत उद्यमियों, प्रबंधकों तथा सुपरवाईजर स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए साइबर सुरक्षा पर आधारित पांच दिवसीय प्रबंधन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कटंगा स्थित सेडमैप कार्यालय में 5 मार्च से 10 मार्च तक आयोजित किए गए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 25 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। जिला समन्वयक उद्यमिता विकास केन्द्र अजय तिवारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा प्रायोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को साइबर सुरक्षा, स्मार्ट सुरक्षा, फ़ाइलों और उपकरणों की सुरक्षा, डेटा की सुरक्षा, व्यवसाय ईमेल, साइबर बीमा पॉलिसी, सॉफ़्टवेयर सुरक्षा एवं रिमोट एक्सेस डिवाइस की सुरक्षा आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।



# 53 प्रजाति के वृक्षों के मामले में पेश करो स्टेटस रिपोर्ट

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक का समय दिया

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से 53 प्रजाति के वृक्षों के मामले में स्टेटस रिपोर्ट तलब की है। जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार को इसके लिए अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक का समय दिया।

जबलपुर के गढ़ा निवासी विवेक कुमार शर्मा सहित अन्य की ओर से अलग-अलग याचिकाएं दायर की गई थीं। जिनके जरिए प्रदेश शासन के आदेश का विरोध किया गया था। याचिकाओं में कहा गया था कि राज्य सरकार द्वारा एक अधिसूचना जारी कर 53 प्रजाति के वृक्षों की कटाई को परिवहन के लिए अनुमति मुक्त कर दिया गया था। प्रदेश सरकार द्वारा सितम्बर, 2015 में जारी अधिसूचना के माध्यम से वृक्षों की 53 प्रजातियों को हटाने के अलावा मध्य प्रदेश परिवहन (वनोपज) नियम, 2000 के नियम 4(2) का प्रविधान भी हटा दिया गया है। जिसके परिणामस्वरूप निजी भूमि पर स्थित वृक्षों को काटने या परिवहन करने के लिए कोई अनुमति प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है। उपयोग के लिए अधिक वृक्षों को काटने से पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। पर्यावरण संतुलन बिगड़ने से मानव स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा।हाईकोर्ट की लार्जर बेंच ने उक्त अधिसूचना को असंवैधानिक घोषित कर दिया था। डिवीजन बेंच ने इसी मामले में लार्जर बेंच द्वारा पारित आदेश के क्रियान्वयन के संबंध में कार्रवाई की स्टेटस रिपोर्ट तलब की है।



## पूर्व आदेश का पालन कर रिपोर्ट पेश करे राज्य सरकार

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक अवमानना मामले में राज्य सरकार को पूर्व आदेश का पालन कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। जस्टिस अवनींद्र कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 15 अप्रैल को निर्धारित की। जबलपुर निवासी अशोक कुमार गुप्ता की ओर से अधिवक्ता पीके असाटी ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता डीएन जैन कालेज से ग्रंथपाल के पद से सेवानिवृत्त हुआ। हाई कोर्ट ने नौ मई, 2024 को आदेश दिया था कि याचिकाकर्ता को एक जनवरी 2016 से सातवें वेतनमान का लाभ दिया जाए। हाईकोर्ट ने आठ प्रतिशत ब्याज के साथ तीन माह के भीतर एरियर्स का भुगतान करने कहा था। उक्त आदेश का पालन न होने पर अवमानना याचिका दायर की गई है।

# खाद्य सामग्री के नमूने अमानक पाए जाने पर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई

## गरुण दल ने किया कई प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशन में गठित गरुण दल द्वारा अनुविभागीय अधिकारी आधारताल श्री पंकज मिश्रा के नेतृत्व में आज कई प्रतिष्ठानों की जांच की। दल ने जांच के दौरान अधारताल स्थित इंदौर सेव भंडार से मिठाई कराची हलवा, मिठाई राजभोग, नमकीन, पिज़्ज़ा बेस, पनीर व मेनरोड अधारताल स्थित मेन्यू रेस्टोरेंट से गेहूं का आटा ,धनिया पाउडर, भास्कर नमक, रिफाइंड सोयाबीन तेल के नमूने संग्रहित किये। सभी नमूने राज्य खाद्य परीक्षा प्रयोगशाला भोपाल जांच हेतु प्रेषित किए जाएंगे। प्रयोगशाला जांच में खाद्य सामग्री के नमूने अमानक पाए जाने पर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई के लिए प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। आधारताल चौराहा स्थित श्रीरंग इंदौर सेव भंडार में न्यूनतम वेतन अधिनियम, मध्य प्रदेश दुकान स्थापना अधिनियम एवं बाल श्रम अधिनियम अंतर्गत निरीक्षण किया गया। संस्थान में 2 कर्मचारियों को निर्धारित न्यूनतम वेतन से कम वेतन दिया जाना पाया गया। मध्य प्रदेश दुकान स्थापना अधिनियम अंतर्गत संस्थान में वेतन पंजी, अधिसमय पंजी आदि संधारित नहीं पाई गई।संस्थान में बाल श्रम अधिनियम का सारांश प्रदर्शित नहीं पाया गया, जिसके सम्बंध में 07 दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षक नापतौल जबलपुर द्वारा इन्दौर मिष्ठान भंडार अधारताल पर इलेक्ट्रॉनिक तराजू जांच कई जो सही पायी गई। संयुक्त निरीक्षण दल द्वारा अनुविभागीय अधिकारी आधारताल के नेतृत्व में मेन रोड अधारताल स्थित मेनू रेस्टोरेंट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जांच समय मौके पर उक्त प्रतिष्ठन के मालिक श्री दीपक गुप्ता उपस्थित रहे। उक्त प्रतिष्ठान में HPCL कंपनी के घरेलू प्रवर्ग के तीन एलपीजी गैस सिलेंडर का दुरुपयोग करते पाया गया। जिसमें उपभोक्ताओं को व्यवसायिक रूप से बिक्री करने हेतु भोजन बनाते पाया गया।मौके पर दीपक गुप्ता द्वारा उक्त सिलेंडर से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने एवं घरेलू गैस का दुरुपयोग करने के कारण मौके से सिलेंडर जप्त किए गए एवं प्रकरण तैयार किया गया।प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। औषधि निरीक्षक के द्वारा दल के साथ सत्यम मेडिकोज बिरसा मुंडा तिराहा आधार ताल की जांच की गई। जांच के दौरान दुकान के मालिक श्री सुनील जैन एवं फार्मासिस्ट सत्यम जैन उपस्थित पाए गए। दुकान में लाइसेंस प्रदर्शित नहीं पाया गया, मौके पर ही दुकानदार को लाइसेंस प्रदर्शित करने के लिए निर्देशित किया गया। दुकान में संधारित औषधियों के क्रय बिल उपलब्ध नहीं कराए गए, जिनका लेख निरीक्षण पुस्तिका में किया गया है। साथ ही दुकानदार को तीन दिवस के अंदर दस्तावेज कार्यालय उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला जबलपुर में प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है।साथ ही दुकान में संधारित विभिन्न प्रकार की औषधियां को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए हैं।



# माशिमं : 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं का मूल्यांकन 13 मार्च से होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

**मूल्यांकन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कार्य कराया जाएगा**

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं जारी है। इसके साथ ही पहले चरण का मूल्यांकन 13 मार्च से शुरू हो जाएगा। एक मार्च तक जितने विषयों की परीक्षाएं संपन्न हो चुकी हैं, उनकी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन इस चरण में किया जाएगा। अब तक हुए प्रश्नपत्रों की उत्तर पुस्तिकाएं संग्रह केंद्रों से जिला मुख्यालयों में स्थित मूल्यांकन केंद्रों में पहुंचने लगी हैं। 30-30 उत्तरपुस्तिकाओं के बंडल बनाकर समन्वयक केंद्रों पर भेजा जाएगा। माशिमं की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य में इस बार कड़ी निगरानी रखी जा रही है। मूल्यांकन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कार्य कराया जाएगा। साथ ही, उत्तर पुस्तिकाओं के मुख्य पृष्ठ पर ओएमआर शीट भरवाई गई है। समन्वयक केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं पर लगे बारकोड को स्कैन किया जाएगा। पहले चरण के मूल्यांकन के लिए करीब 5,000 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। विषयवार मूल्यांकनकर्ताओं की सूची तैयार की गई है। दूसरे चरण का मूल्यांकन 21 मार्च से शुरू होगा।

# महत्वपूर्ण दस्तावेज खाक, जांच कमेटी गठित

## निगम के गढ़ा जोन कार्यालय में सोमवार देर रात लगी थी आग

**जबलपुर।** सोमवार की देर रात गढ़ा बाजार स्थित नगर निगम जोन कार्यालय में भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत ही नगर निगम के अधिकारियों सहित फायर ब्रिगेड और गढ़ा थाना पुलिस को आग की जानकारी दी, जिसके बाद करीब आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंची और जोन कार्यालय में लगी आग को बुझाने की कोशिश में जुट गई। आग लगने की वजह अभी अज्ञात है लेकिन अचानक लगी आग में लाखों रुपए का नुकसान नगर निगम को हुआ है। नगर निगम के जोन कार्यालय में आग लगने की जानकारी मिलते ही नगर निगम कमिश्नर प्रीति यादव सहित निगम के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल विभाग ने जोन कार्यालय में लगी आग पर काबू तो पा लिया लेकिन इस दौरान कार्यालय में रखे कई अहम दस्तावेज जलकर पूरी तरह से एक खाक हो गए। जानकारी के मुताबिक रात करीब 11.30 बजे नगर निगम के अधिकारियों सहित गढ़ा थाना पुलिस को स्थानीय लोगों ने सूचना दी कि कार्यालय में भीषण आग लग गई है, जानकारी मिलते ही नगर निगम की करीब 6 गाड़ियां मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। नगर निगम कमिश्नर प्रीति यादव ने बताया कि जोन कार्यालय में आग कैसे लगी है इसके लिए एक टीम भी गठित की गई है जो कि पूरे मामले की जांच करेगी।

## शासकीय शालाओं में प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में दिए दिशा-निर्देश

# 17 मार्च को 9वीं एवं 11वीं का घोषित हो सकता है परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्णय के अनुसार 01 अप्रैल 2025 से अकादमिक सत्र 2025-26 प्रारंभ किया जायेगा, जिसमें कक्षा पहली से 12वीं तक की सभी कक्षाओं में अध्यापन कार्य प्रारंभ होगा। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान में जिले के सभी जनशिक्षकों को प्रवेश के लिये दिशा निर्देश प्रदाय किये गये।

जिला शिक्षा अधिकारी ने निर्देशित किया कि विभिन्न कक्षाओं के परीक्षा परिणाम 20 मार्च तक घोषित किया जाये एवं प्रवेश की सभी प्रक्रिया 20 मार्च से 31 मार्च के मध्य पूर्ण कर ली जाये। 01 अप्रैल 2025 को सभी शालाओं में प्रवेश उत्सव मनाया जाये। प्रवेश उत्सव में सामुदायिक सहभागिता के जिला, विकासखंड एवं स्थानीय स्तर पर स्थानीय समाचार पर्चा एवं अन्य गतिविधियों द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये जिससे जन-समुदाय, पालकों एवं विद्यार्थियों को प्रवेश उत्सव की जानकारी हो तथा विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित हो। प्रवेश उत्सव में जन प्रतिनिधियों को सादर आमंत्रित किया जाये। जिला शिक्षा अधिकारी ने निर्देशित किया कि कक्षा 6वीं, 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश की कार्यवाही के अंतर्गत संस्था प्रमुख प्रत्येक विद्यार्थी एवं उनके अभिभावकों से चर्चा कर यह सुनिश्चित करेगें कि वे किस विद्यालय में प्रवेश लेना चाहते है। सुविधाजनक प्रवेश प्रक्रिया के लिए प्राथमिक विद्यालय के प्रधान अध्यापक कक्षा 5वीं में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों के आवश्यक दस्तावेज सहित कक्षा 6वीं में एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधान अध्यापक कक्षा 8वीं में उत्तीर्ण होकर कक्षा 9वीं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश आवेदन भरवाकर सभी औपचारिकतायें पूर्ण कर निकट के हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी में प्रवेश देगें तथा संबंधित माध्यमिक शाला के प्रधान अध्यापक/ हाई/हायर सेकेण्डरी प्राचार्य को सूचित करेंगे। कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा के बाद कक्षा 11वीं में प्रावधिक प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी एवं प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थियों को अगली कक्षा में दर्ज करने का कार्य भी 20 मार्च से 31 मार्च तक किया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने 11 मार्च 2025 को ऑनलाईन वी.सी. के माध्यम से कक्षा 9 एवं 11वीं के मूल्यांकन अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी से कक्षा 9 एवं 11वीं के मूल्यांकन के संबंध में समीक्षा की तथा निर्देशित किया कि सभी मूल्यांकन अधिकारी 15 मार्च 2025 तक कक्षा 9 एवं 11वीं के मूल्यांकन कार्य को पूर्ण करेंगे तथा संबंधित विद्यालयों को परीक्षाफल घोषित करने के लिये परीक्षा परिणाम प्रदाय करेंगे। सब सही रहा तो जिले के सभी प्राचार्य 17 मार्च 2025 को कक्षा 9वीं एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित करेंगे।



स्कूल शिक्षा विभाग ने भेजा केंद्र सरकार को प्रस्ताव, पूर्व से 2383 स्कूलों में चल रहे कोर्स

# प्रदेश के 700 नए सरकारी स्कूलों में शुरू होगी व्यावसायिक शिक्षा, संख्या होगी 3 हजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबलपुर

प्रदेश के स्कूली विद्यार्थियों के लिए काम की खबर है। प्रदेश के 700 सरकारी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा शुरू होगी। इसको लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा है। नए शैक्षणिक सत्र में 700 नए उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नए ट्रेड एवं जॉब रोल्स शुरू करने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के शिक्षा विभाग को भेजा है। यह ट्रेड 21वीं सदी के नवीन कौशल उन्नयन पर आधारित है। वर्तमान में 2383 स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा के कोर्स चल रहे हैं। इन्हें मिलाकर प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा देने वाले स्कूलों की संख्या 3 हजार से अधिक हो जाएगी। इन कोर्स में उन्नत कृषि को बढ़ावा देने पर बल दिया है। डेयरी विकास से जुड़े कोर्स कन्स्ट्रक्शन ट्रेड अंतर्गत मेशन सहायक, कंस्ट्रशन पेन्टर, असिस्टेंट डिजाइनर, फैशन, हाउसकीपिंग, ऑफिस एडमिनिस्ट्रेशन एंड मैनेजमेंट के जॉब रोल्स भी प्रारंभ किए जाएंगे।



## 4 हजार 700 से अधिक शिक्षकों को विशेष ट्रेनिंग

व्यावसायिक शिक्षा देने के लिए 4 हजार 700 से अधिक शिक्षकों को विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गई है। लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारियों को व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए हैं।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत तैयार हुआ प्रस्ताव

प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लागू की जा रही नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रत्येक बिंदु को ठोस तरीके से लागू किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में तेजी से बढ़ती हुई विश्व की अर्थव्यवस्था में भारतीयों का किस प्रकार से योगदान हो उसकी चिंता की गई है। बढ़ती हुई आबादी के साथ जनता के लिए उनकी शिक्षा, कौशल और आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार का सृजन एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दे रहा है।

## 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों को लाभ

प्रदेश में वर्तमान में 2383 विद्यालयों में 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है। वर्तमान में संचालित कोर्स में कक्षा 9 और 10 में डाटाएंट्री ऑपरेटर, जूनियर फील्ड टेक्नीशियन, असिस्टेंट ब्यूटी थेरेपिस्ट, रिटेलस्टोर, ऑपरेशन असिस्टेंट, प्राइवेट सिक्योरिटी गॉर्ड, फूड एंड बेवरीज, सर्विस असिस्टेंट, माइक्रो फाइनेंस एग्जीक्यूटिव, असिस्टेंट प्लंबर, सिलाई मशीन ऑपरेटर, फोर व्हीलर सर्विस असिस्टेंट, इलेक्ट्रॉनिक सर्विस असिस्टेंट और फिजिकल एजूकेशन असिस्टेंट विषय प्रमुख है। कक्षा 11 और 12 में जिन कोर्स को प्राथमिकता दी गई है। उनमें जूनियर सॉफ्टवेयर डेवलपर, सोलर पैनल टेक्नीशियन, ड्रोन सर्विस टेक्नीशियन, सीसीटीबी, फुटेज ऑपरेटर, फ्लोरीकल्चर, सेल्फ एम्प्लॉयड टेलर प्रमुख है।



प्राकृतिक एवं जैविक खेती हेतु अति उपयोगी है सोलर लाइट ट्रेप

# कृषि विवि के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित सोलर लाइट ट्रैप को मिला पेटेंट

हरिभूमि जबलपुर।

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों के हित में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर विश्वविद्यालय को गौरांवित किया है। दरअसल सौर ऊर्जा चलित प्रकाश प्रपंच का निर्माण कर यह उपलब्धि प्राप्त की है। सोलर इन्सेक्ट ट्रैप (सौर ऊर्जा चलित प्रकाश प्रपंच) का भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा डिजाइन के पंजीकरण का प्रमाण पत्र डॉ. संजय वैशंपायन, मनोज गंगराडे एवं अरूण कुमार पटेल के नाम से प्रदान किया गया है। इस बड़ी उपलब्धि पर कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने वैज्ञानिकों को बधाई दी और कहा कि यह सोलर इन्सेक्ट ट्रैप हर छोटे-छोटे किसानों तक पहुंचेगा और उनके लिये कीट प्रबंधन हेतु कारगर सिद्ध होगा। इसके उपयोग से किसानों की आय बढ़ेगी साथ ही कीटनाशक की लागत में भी कमी आएगी।

सोलर एनर्जी आधारित लाइट ट्रेप तैयार करने वाले वरिष्ट वैज्ञानिक डॉ. संजय वैशंपायन ने लाइट ट्रैप मॉडल एसएमवी 19 की विशेषताओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुये बताया कि अल्ट्रा वायलेट-ए एलईडी-कीटों को नुकसान पहुंचाने वाले पौधों के वयस्कों को पकड़ने के लिए प्रकाश तकनीक और कीट माइक्रोकंट्रोलर आधारित ऑपरेशन ऑटो सूर्यास्त के बाद चालू हो जाता है और स्वचालित रूप से 4 घंटे बाद बंद हो जाता है। डिवाइस को संचालित करने के लिए बिजली की आवश्यकता नहीं है। आपने बताया कि यह यंत्र जल्द ही किसानों को उपलब्ध होगा। संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा ने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक के द्वारा प्रथम बार किसी प्रोडक्ट के लिये पेटेंट प्राप्त हुआ है। इस यंत्र द्वारा प्राकृतिक खेती के साथ-साथ जैविक खेती में कीट प्रबंधन हेतु इसका उपयोग हो सकेगा।

सौर ऊर्जा चलित प्रकाश प्रपंच के पेटेंट प्रमाण पत्र मिलने के अवसर पर अटारी-आईसीएआर के निदेशक डॉ. एस.आर. के. सिंह, संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतु, संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, आईबीएम के संचालक डॉ. मोनी थॉमस, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. बी.एस.द्विवेदी सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, वैज्ञानिकों ने वरिष्ट वैज्ञानिक डॉ. संजय वैशंपायन और उनकी टीम को बधाई दी।

# विश्व कांचियाबिंद सप्ताह प्रारंभ

**जबलपुर।** जबलपुर डिवीजनल ऑथोमोलॉजी सोसायटी द्वारा मंगलवार को IMA हाउस जबलपुर में विश्व कांचियाबिंद सप्ताह के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रीजनल डायरेक्टर हेल्थ डॉ. संजय मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. आदर्श विश्नोई रहे। कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ. पवन स्थापक ने बताया कि कांचियाबिंद यानि कि ग्लूकोमा एक गंभीर बीमारी है, जिसमें आंखों की नजर धीरे-धीरे कम होती जाती हे और मरीज को पता ही नहीं चलता। कांचियाबिंद को दवा के माध्यम से या फिर ऑपरेशन करके ठीक किया जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. संजय मिश्रा ने दृष्टिबाधित नेत्र रोगियों के लिए चल रहे गौरवान्वित गवर्नमेंट योजनाओं से अवगत कराया। डॉ. बृजेश चौधरी ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डॉ. अभिजीत विश्नोई, डॉ. राजेन्द्र बिसेन, डॉ. ऋचा शर्मा, डॉ. कौस्तुभ हर्षे उपस्थित रहे।




# नवागत न्यायाधीश का अधिवक्ता संघ ने किया स्वागत



**सिहोरा।** अधिवक्ता संघ के सभागार मे नवागत न्यायाधीश श्री एस.एस झा का स्वागत एवं सिहोरा न्यायालय से झाबुआ के लिए स्थानान्तरित न्यायाधीश श्री सैफी दाऊदी का विदाई समारोह आयोजित किया जिसमे नवागत न्यायाधीश श्री एस.एस.झा साहब का स्वागत न्यायाधीश सुधांशु सिन्हा द्वारा किया गया एवं दोनो न्यायाधीश का पुषपहार से स्वागत अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रविदीप सिंह बैस, उपाध्यक्ष मुकेश मिश्रा, सचिव आनन्दमणि त्रिपाठी, सहसचिव आशीष ब्यौहार, ग्रंथालय आलोक ब्यौहार, कोषाध्यक्ष सुनील पटेल, कार्यकारिणी सदस्य आनन्द पटेल, अभय नारायण मिश्रा, उत्तम सोनी,साकेत पिण्डहा, रविशंकर पटेल एवं अधिवक्ता संघ के सबसे वरिष्ठ सदस्य अशोक खरे द्वारा किया गया इस अवसर पर सभी अधिवक्तागण उपस्थित थे।

# विप्र समाज के द्वारा कराया गया बटुकों का जनेऊ संस्कार कार्यक्रम

**पाटन।** विप्र समाज के द्वारा जनेऊ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पंडित परिषद और अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद पाटन जबलपुर के द्वारा आयोजन कराया गया था। जिसमें 11 बटुक ब्राह्मणों का जनेऊ संस्कार कराया गया। 21 ब्राह्मणों ने विधि विधान से जनेऊ संस्कार संपन्न कराया। पाटन में हर साल उपनयन संस्कार कार्यक्रम का आयोजन होता है। जिसमें बड़ी संख्या में विप्र समाज के लोग शामिल होते हैं इस दौरान उपनयन पत्रिका का विमोचन भी किया गया। जनेऊ संस्कार को विधि विधान से पंडित राजाराम त्रिपाठी, रमेश राजोरिया, पूरन दुबे,शिवकुमार त्रिपाठी, आनंद प्यासी,अवधेश दुबे जबलपुरसे वेद वाटिका व ब्राह्मणों ने जनों ने करवाया। कार्यक्रम में विप्र समाज के पंडित संदीप गुरु, डॉ विष्णु दत्त त्रिपाठी, राम विनय करसोलिया संजय गुरु,राहुल त्रिपाठी, वैभव व्यास, भरत बबेले, सुशील बबेले, शोभाराम गोटियाग्राम जमुनिया से, गौरी शंकर तिवारी चंद्रभान पिपरिया से,आदेश तिवारी मजीठा और अन्य इलाकों से ब्राह्मण समाज के सदस्य मौजूद रहे। इस मौके पर राम विनय करसोलिया का कहना है कि वर्तमान समय में ब्राह्मणों को अपने बच्चों को संस्कारों से परिचित कराना जरूरी है ऐसे में यह आयोजन बड़ा महत्वपूर्ण स्थान रखता है वहीं पंडित संदीप गुरु का भी कहना है कि इस तरह के आयोजन समय-समय पर होने चाहिए जिससे कि विप्र समाज में एकता बनी रहे और लोग आपस में सहयोग करें।



# योग, स्वच्छता, बालिका शिक्षा और जागरूकता के लिए शिविर

**पाटन।** शासकीय मोहनलाल हरगोविंद दास गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय जबलपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा साप्ताहिक शिविर का आयोजन किया जा रहा है।शिविर के पांचवें दिवस में प्रातः काल पाटन ग्राम देवरी सुरैया में स्वयंसेविकाओं द्वारा रघुपति राघव राजा राम का मधुर कीर्तन करते हुए प्रभात फेरी निकाली गई।इसके पश्चात सभी स्वयंसेविकाओं ने मिलकर नगर परिषद के बगीचे में योग किया।इसके उपरांत स्वयंसेविकाओं ने नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह जी और युवा पार्षद सत्यम मेहरा जी उपस्थिति में मिलकर स्वच्छता हेतु ग्राम पाटन में स्थित तालाब एवं मुक्तिधाम में तीन घंटे का श्रमदान किया इसके पश्चात उन्होंने छात्राओं के साथ मिलकर बचपन के खेलो जैसे गिल्ली डंडा, पतंगबाजी जैसे अनेक परंपरागत खेलो के ऊपर चर्चा की और इससे होने वाले मनोरंजन, शिक्षा और विकास पर पड़ने वाले महत्व को पुनः समझा और अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया।



सांयकालीन सत्र में 5:30 बजे सभी स्वयंसेविकाएं द्वारा ग्राम सुरैया में "बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ" विषय पर नुक्कड़ नाटक की शिक्षाप्रद प्रस्तुति दी जिससे ग्रामवासी बालिकाओं की शिक्षा, पालन पोषण एवं विकास हेतु प्रोत्साहित हुए।यह कार्यक्रम महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ रीना भैरम, सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनीषा आर्य, डॉ वर्षा जैन के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

विधायक कप लैदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता बारीबहू स्टेडियम खितौला में आयोजित

# खिलाड़ियों को मिला प्रतिभा दिखाने का अवसर : संतोष बरकडे

**सिहोरा।** उपनगर खितौला के बारीबहु स्टेडियम में करीब बीस दिनों तक चली विधायक कप लैदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में 16 टीमों ने हिस्सा लेकर शानदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक संतोष बरकडे ने कहा इस तरह की इस तरह की प्रतियोगिता से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।



## फाइनल में नेशनल क्लब मझौली विजेता

स्टेडियम में आर एस एस क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित लैदर बाल चैलेंजर विधायक कप का फाइनल मैच नेशनल क्लब मझौली एंव सम्राट क्लब सिहोरा के बीच खेला गया जिसमे सम्राट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 112 का लक्ष्य दिया जिसको नेशनल क्लब मझौली ने बड़ी आसानी से हासिल कर खिताब अपने नाम कर लिया।फाइनल मैच के मेन ऑफ़ द मैच एंव मेन ऑफ़ दा सीरीज सनोज ठाकुर रहे। टूर्नामेंट के बेस्ट बल्लेबाज का खिताब विनीश साहू तथा बेस्ट गेंदबाज का सुरेंद्र श्रीपाल को दिया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयोजक समिति के संयोजक विकास वीशू जैन,साकेत पांडे,विशेष भागवानी,मोहसिन खान,द्वारका कोरी, आयुष तिवारी,अमन सोंधिया,लोकेश दुबे आदि का योगदान रहा।

## विजेता टीम को 25 हजार एवं ट्राफी प्रदान की

आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संध्या दिलीप दुबे,अनुपम सराफ राजेश दाहिया,पुष्पराज सिंह बघेल,नीरज पांडे,सतीश पटेल,पवन गुप्ता, अंनत नौगरहिया,बिनोद मार्को,पार्षद श्रीमती रीता शुक्ला,गौरादेवी विश्वकर्मा,राजेश चौबे,प्रमोद चौधरी,श्रीमती कृष्णा सरावगी,माधव मिश्रा,राजकुमार विश्वकर्मा आदि की उपस्थिति में किया गया। जिसमें अतिथियों ने विजेता टीम नेशनल क्लब मझौली को 25000 रुपये ट्राफी एंव उप विजेता सम्राट क्रिकेट क्लब मझौली को 15000 रुपये एंव ट्राफी प्रदान की गई।

# बदमाशों ने देवर-भाभी के घर मचाया आतंक, तोड़फोड़

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत सुभाषनगर कंचनपुर में गत देर रात चार बदमाशों ने एक महिला के घर के दरवाजे एवं खिड़की में पत्थर, तलवार व कुल्हाड़ी से दरवाजा क्षतिग्रस्त कर दिए, वहीं महिला के देवर के घर का लोहे का दरवाजा एक साईड से तोड़कर हाल में पहुंचकर पलंग तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुभाषनगर कंचनपुर निवासी 36 वर्षीय श्रीमति नंदनी पटेल अपने पति रविकांत पटैल के साथ गत रात लगभग 10 बजे खाना खाकर परिवार सहित सो गये थे। देर रात लगभग 1 बजे घर के बाहर गाली गलौज की आवाज आने पर नींद खुलने पर उसने खिड़की से देखी कि देवा, राहुल कोल, रवि कोल, कल्लू कोल उसके घर के दरवाजे एवं खिड़की में पत्थर मारे और तलवार व कुल्हाड़ी से घर का दरवाजा क्षतिग्रस्त कर दिया वहीं घर के बाजू से नंदनी का देवर शशिकांत के घर का लोहे का दरवाजा एक साईड से तोड़कर हाल में पहुंचकर पलंग तोड़कर नुकसान कर दिए और चारों ने जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए। वहीं अपनी जान बचाने के लिए परिवार के लोगों ने अपने आप को अंदर से लॉक कर दिए। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 333, 324(4), 326(एफ), 351(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# लेन-देन के विवाद पर किसान की बाईक में लगाई आग

**जबलपुर।** पाटन थाना अतंर्गत ग्राम पड़रिया भमक में पैसों के लेन देन के विवाद पर रंजिश रखते हुए एक बादमाश ने एक किसान के साथ मारपीट कर उसकी बाईक में आग लगा दी, जिससे उसकी बाईक क्षतिग्रस्त हो गई।

पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पड़रिया भमक निवासी आलोक लोधी का कटरा बेलखेड़ा निवासी सुक्कू लोधी से पैसों के लेन देन को लेकर पुरानी रंजिश है। इसी बात को लेकर गत रात लगभग देर रात लगभग 1.15 बजे सुक्कू आलोक के घर के सामने खड़े होकर आलोक को गालियां दे रहा था। आलोक के पिता 42 वर्षीय कैलाश सिंह लोधी घर से बाहर निकलकर सुक्कू लोधी को गाली देने से मना किया तो सुक्कू लोधी ने कैलाश सिंह के साथ मारपीट कर दी और माचिस से घर के सामने खड़ी उसकी मोटर सायकल हीरो डीलक्स में आग लगा दी, तभी आलोक आया तो सुक्कू ने दोनों पिता पुत्र को जान से मारने की धमकी दी। आग से जलने के कारण मोटर सायकल में लगभग 15 हजार रूपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 326(एफ),351(3), 324(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# नातिन का जन्मदिन मनाने गई नानी के घर से नगदी व जेवर ले गए चोर

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत ग्राम पुरैना में एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर सहित नगदी 50 हजार रुपए चोरी कर ले गए। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पुरैना निवासी 50 वर्षीय आंगनबाड़ी सहायिका श्रीमति सज्जो लोधी गत दिवस लगभग 11 बजे अपने घर का ताला बंद कर बेटी निधी पटैल के ससुराल बिलपुरा नातिन के जन्मदिन में गयी थी। दूसरे दिन सुबह लगभग 8 बजे उसे फोन पर पड़ोसी ने चोरी की सूचना दी, सूचना मिलते ही वह घर पहुंची तो देखा कि आलमारी में रखे नगदी 50 हजार रूपये एवं सोने चांदी के जेवरात अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305 ए भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# सब्जी वाले को बदमाश ने चाकू मारा

**जबलपुर।** बेलबाग थाना अतंर्गत मटका बाजार में सब्जी का ठेला लगाकर खड़े एक वृद्ध से बदमाश ने शराब पीने के लिए रुपए मांगे, मना करने पर चाकू से हमला कर दिया। बेलबाग पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवपार्वती मंदिर के पास भरतीपुर ओमती निवासी 55 वर्षीय सब्जी ठेला संचालक बिरजू सोनकर गत शाम लगभग 4 बजे मटका बजार में ठेला लेकर खड़ा था तभी अर्जुन सोनकर ने उससे शराब पीने के लिये रूपए मांगे, मना करने पर गाली गलौज करते हुए चाकू से उसके हाथ, पेट एवं कान के पास हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 351(2), भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



**श्रीमती शशि परौहा**- सिहोरा, ग्राम पंचायत केवलारी के ग्राम दरौली कला निवासी श्रीमती शशि परौहा का 63 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार आज बुधवार को सुबह 10.30 बजे ग्रह ग्राम में किया जायेगा। वे धनंजय, धीरज, अनुराग परौहा की मां थी।

**श्रीमती रेणू कश्यप**- पोलीपाथर निवासी श्री मनीष कश्यप की धर्मपत्नी श्रीमती रेणू कश्यप (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गिरीश राज धुन्ना**- प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री गिरीश राज धुन्ना (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सरोज लता तिवारी**- जगदम्बा कॉलोनी निवासी श्री महेश प्रसाद तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज लता तिवारी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती प्रीति**- जायसवाल मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री संदीप की धर्मपत्नी श्रीमती प्रीति (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती रेवा तिवारी**- सैनिक सोसायटी शक्तिनगर निवासी श्री ईश्वरी प्रसाद तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती रेवा तिवारी (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती माया बाई रजक**- घमापुर चौक बेलबाग रोड निवासी श्री शंकर लाल रजक की धर्मपत्नी श्रीमती माया बाई रजक (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**सुश्री विपता ठाकुर**- अभिषेक विहार गोरखपुर निवासी श्री नारायण सिंह ठाकुर की पुत्री सुश्री विपता ठाकुर (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हरीश केवट**- द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री बिशनू केवट के पुत्र श्री हरीश केवट (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अमित महावर**- वाटर वर्क्स रोड धोबीघाट निवासी श्री अमित महावर (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ओमकार प्रसाद सैनी**- सुदामा नगर आमनपुर मदनमहल निवासी श्री ओमकार प्रसाद सैनी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शांति बाई वर्मा**- बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्री राम स्वरूप वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई वर्मा (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गीता बाई बर्मन**- रामहरख का बगीचा पूर्वी घमापुर निवासी श्री हल्केराम बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती गीता बाई बर्मन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री श्याम लाल बोरिया**- तिलहरी मंडला रोड निवासी श्री श्याम लाल बोरिया (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।




**श्रीमती बच्ची देवी विश्वकर्मा**- रतन नगर इंद्रा बस्ती निवासी श्रीमती बच्ची देवी विश्वकर्मा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती हिमांशु मुखर्जी**- रक्षा कर्मचारी कॉलोनी रांझी निवासी श्री जॉय मुखर्जी की धर्मपत्नी श्रीमती हिमांशु मुखर्जी (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रेशमी जाट**- पूर्वी बेलबाग निवासी श्री बृजलाल जाट की धर्मपत्नी श्रीमती रेशमी जाट (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती विमलेश परमाणिक**- मॉडल टाउन बिलहरी निवासी श्री शांतनु परमाणिक की धर्मपत्नी श्रीमती विमलेश परमाणिक (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती इंद्रा झारिया**- जसूजा सिटी धनंवतरी नगर निवासी श्री दुर्गा प्रसाद झारिया की धर्मपत्नी श्रीमती इंद्रा झारिया (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती ललिता रजक**- गली नं. 1 सदर धोबी मोहल्ला निवासी श्री श्याम बिहारी रजक की धर्मपत्नी श्रीमती ललिता रजक (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## खबर संक्षेप



### हिंदुस्तान जिंक ने किया सेरेंटिका से समझौता

**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि उसने 530 मेगावाट तक हरित बिजली की आपूर्ति के लिए सेरेंटिका रिन्यूएबल्स के साथ समझौता किया है। इस बिजली आपूर्ति समझौते (पीडीए) के साथ हिंदुस्तान जिंक की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 450 मेगावाट से बढ़कर 530 मेगावाट हो जाएगी। इसके साथ ही कंपनी की कुल बिजली जरूरत में हरित ऊर्जा का योगदान 70 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा।

### थर्मेक्स केमिकल ने ओसीक्यू के साथ संयुक्त उद्यम बनाया



**नई दिल्ली।** थर्मैक्स लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी थर्मैक्स केमिकल सॉल्यूशंस ने ब्राजील की केमिकल कंपनी ओस्वाल्डो क्रूज क्यूमिका इंडस्ट्रिया ई कॉमर्सियो लिमिटेड (ओसीक्यू) के साथ एक विशेष शेयरधारक समझौता किया है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। समझौते के अनुसार, थर्मैक्स नई इकाई में 51 प्रतिशत की बहुलांश हिस्सेदारी रखेगी, जबकि ओसीक्यू के पास बाकी 49 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी।

### जनवरी तक 1,61,150 इकाईयों को मिली स्टार्टअप की मान्यता




**नई दिल्ली।** सरकार ने इस साल 31 जनवरी तक 1,61,150 इकाइयों को स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी गई है। यह जानकारी मंगलवार को संसद को दी गयी। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इनमें से 28,511 इकाइयों को महाराष्ट्र में और 16,954 को कर्नाटक में स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी गई है। उन्होंने कहा, ''31 जनवरी 2025 तक, 1,61,150 इकाइयों को डीपीआईआईटी (उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग) द्वारा स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी गई है।''

### रुपया 10 पैसे की बढ़त के साथ 87.21 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के चार माह के निचले स्तर पर आने के बीच रुपया मंगलवार को भारी गिरावट से उबरकर 10 पैसे की बढ़त के साथ 87.21 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव के रुख और अमेरिका में मंदी के डर और व्यापार संबंधी अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी के बाहर जाने से स्थानीय मुद्रा में सुधार सीमित रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.37 पर खुला और डॉलर के मुकाबले दिन के निचले स्तर 87.39 तक चला गया।

### सेबी ने कर्ज मामले में जारी की आईआईएफएल को चेतावनी

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज को चेतावनी जारी की है। यह चेतावनी कंपनी के मर्चेंट बैंकिंग विभाग में ऋण देने को लेकर जांच-पड़ताल के संदर्भ में जारी की गयी है। आईआईएफएल कैपिटल ने शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सात मार्च, 2025 को एक प्रशासनिक चेतावनी पत्र जारी किया है। नियामक ने एक अप्रैल, 2022 से 30 अप्रैल, 2024 की अवधि के लिए कंपनी के मर्चेंट बैंकिंग प्रभाग द्वारा प्रबंधित कर्ज मामलों के संबंध में निरीक्षण किया।

# एयरटेल का तीव्र इंटरनेट सेवाओं के लिए मस्क की स्पेसएक्स से करार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने मंगलवार को कहा कि उसने भारत में अपने ग्राहकों को स्टारलिंक की उच्च गति वाली इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की उपग्रह कंपनी स्पेसएक्स के साथ साझेदारी की है।

एयरटेल ने बयान में कहा कि यह समझौता स्पेसएक्स को भारत में स्टारलिंक की उपग्रह संचार-आधारित सेवाओं को बेचने के लिए मंजूरी हासिल करने के अधीन है। बयान के मुताबिक, यह समझौता एयरटेल और स्पेसएक्स को यह पता लगाने में सक्षम बनाएगा कि स्टारलिंक एयरटेल की पेशकश को किस तरह पूरक बनाने के साथ विस्तारित कर सकती है। इससे भारतीय बाजार में एयरटेल की विशेषज्ञता उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिए स्पेसएक्स की सीधी पेशकशों को पूरक बनाने की भी परख होगी। भारती एयरटेल के प्रबंध निदेशक और वाइस चेयरमैन गोपाल विट्ठल ने कहा कि भारत में एयरटेल के ग्राहकों को स्टारलिंक सेवाएं प्रदान करने के लिए स्पेसएक्स के साथ काम करना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और यह अगली पीढ़ी की उपग्रह कनेक्टिविटी के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## एयरटेल भारत में स्टारलिंक की उपग्रह आधारित सेवा बेचेगी

### विश्वस्तरीय तेज गति का ब्रॉडबैंड मिलेगा

विट्ठल ने कहा, ''यह सहयोग भारत के सबसे दूरदराज के इलाकों में भी विश्वस्तरीय तेज गति वाला ब्रॉडबैंड लाने की हमारी क्षमता को बढ़ाता है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि हर व्यक्ति, व्यवसाय और समुदाय के पास विश्वसनीय इंटरनेट हो। स्टारलिंक, एयरटेल के उत्पादों के समूह को पूरक और उन्नत करेगी, ताकि हमारे भारतीय ग्राहकों के लिए विश्वसनीय और सस्ता ब्रॉडबैंड सुनिश्चित हो सके।''



### ग्रामीण इलाकों में तलाशी जाएगी संभावनाएं

इस समझौते के तहत, एयरटेल और स्पेसएक्स एयरटेल के खुदरा स्टोर पर स्टारलिंक उपकरण, एयरटेल के माध्यम से व्यावसायिक ग्राहकों को स्टारलिंक सेवाएं, समुदायों, स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों को जोड़ने के अवसर, भारत के सबसे दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में भी कई अन्य सुविधाएं प्रदान करने की संभावना तलाशेंगे।

## बैन एंड कंपनी और आईवीसीए ने जारी की रिपोर्ट

# उद्यम पूंजी कोषों का 2024 में भारतीय कंपनियों को वित्तपोषण 43 फीसदी बढ़ा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

देश के उद्यम पूंजी (वीसी) परिवेश ने 2024 में मजबूत वृद्धि प्रदर्शित की। इस दौरान उद्यम पूंजी कोषों का वित्तपोषण सालाना आधार पर 43 प्रतिशत बढ़कर 13.7 अरब डॉलर हो गया। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

- वित्त पोषण सालाना आधार पर बढ़कर 13.7 अरब डॉलर

बैन एंड कंपनी और आईवीसीए की रिपोर्ट कहती है कि उद्यम पूंजी कोषों के वित्तपोषण में आई यह तेजी सौदों की संख्या में 45 प्रतिशत की वृद्धि के कारण दर्ज हुई। वर्ष 2024 में भारतीय बाजार में कुल 1,270 सौदे हुए जिससे यह एशिया-प्रशांत क्षेत्र में उद्यम पूंजी और वृद्धि वित्तपोषण के लिहाज से दूसरा बड़ा बाजार साबित हुआ।

**खास बातें**

- तेजी सौदों की संख्या में 45 प्रतिशत की वृद्धि के कारण दर्ज हुई
- वर्ष 2024 में भारतीय बाजार में कुल 1,270 सौदे हुए




### छोटे व मध्यम सौदे 1.4 गुना बढ़े

रिपोर्ट के मुताबिक, छोटे और मध्यम आकार के सौदे (पांच करोड़ डॉलर से कम) 1.4 गुना बढ़ गए और इनकी कुल सौदों में हिस्सेदारी करीब 95 प्रतिशत रही। वहीं पांच करोड़ डॉलर से अधिक मूल्य के सौदों की संख्या लगभग दोगुनी होकर कोविड महामारी-पूर्व के स्तर पर पहुंच गई। इसके साथ ही पिछले कैलेंडर वर्ष में भारतीय बाजार में 10 करोड़ डॉलर से अधिक आकार के बड़े सौदे भी 1.6 गुना बढ़ गए।

### उपभोक्ता प्रौद्योगिकी से 5.4 अरब डॉलर का वित्त हासिल

*रिपोर्ट कहती है कि उपभोक्ता प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर और जनरेटिव एआई समेत सॉफ्टवेयर सेवा और वित्तीय-प्रौद्योगिकी क्षेत्रों ने कुल वित्तपोषण का 60 प्रतिशत से अधिक आकर्षित किया। इसमें उपभोक्ता प्रौद्योगिकी क्षेत्र 5.4 अरब डॉलर का वित्तपोषण हासिल कर सबसे आगे रहा।*

### जेप्टो को मिला 1.4 अरब डॉलर का वित्तपोषण

*रिपोर्ट के मुताबिक, यह तीव्र वृद्धि त्वरित आपूर्ति, शिक्षा प्रौद्योगिकी और बी2सी कारोबार में महत्वपूर्ण निवेश से प्रेरित थी। इसमें जेप्टो (1.4 अरब डॉलर), मीशो (27.5 करोड़ डॉलर) और लेंसकार्ट (20 करोड़ डॉलर) जैसी कंपनियों को मिले वित्तपोषण की प्रमुख भूमिका रही।*

### स्टार्टअप और निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल तैयार

इसके अलावा सॉफ्टवेयर और जेनरेटिव एआई क्षेत्रों ने भी 1.7 अरब डॉलर जुटाकर वित्तपोषण की गति को बनाए रखा। रिपोर्ट कहती है कि बड़े यानी एंजल निवेशकों से लिए जाने वाले कर की व्यवस्था को खत्म करना, दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पर कर की दरों को कम करना और विदेशी उद्यम पूंजी निवेशक पंजीकरण को आसान बनाने जैसी सरकारी पहल ने स्टार्टअप और निवेशकों के लिए अधिक अनुकूल माहौल तैयार किया है।

### नीतिगत सुधारों ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया

भारतीय उद्यम और वैकल्पिक पूंजी संघ (आईवीसीए) के अध्यक्ष रजत टंडन ने कहा, '2024 में शुरू किए गए नीतिगत सुधारों ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है, जिससे 2025 के लिए एक गतिशील माहौल तैयार हुआ है। हमें खासकर विकास-चरण के निवेश में सौदे बढ़ने की उम्मीद है।'

# खाद्य तेल आयात फरवरी में आठ प्रतिशत घटा

**सालाना आधार पर घटकर 8.85 लाख टन पर**



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इस साल फरवरी में भारत का खाद्य तेल आयात सालाना आधार पर आठ प्रतिशत घटकर 8,85,561 टन रहा है। उद्योग निकाय एसईए के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। फरवरी, 2024 में खाद्य तेलों का आयात 9,58,852 टन का हुआ था।

- फरवरी 2024 में आयात 9,58, 852 टन रहा

सॉल्वेंट एक्स्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के आंकड़ों से पता चलता है कि फरवरी के दौरान वनस्पति तेलों (खाद्य और अखाद्य तेल) का आयात फरवरी, 2024 के 9,65,852 टन की तुलना में सात प्रतिशत घटकर 8,99,565 टन रह गया। इसमें 8,85,561 टन खाद्य तेल और 14,004 टन अखाद्य तेल शामिल हैं।

### बंदरगाह तक पहुंचने की कीमत मजबूत हुई

पिछले कुछ सप्ताह में, भारतीय बाजार में बंदरगाह तक पहुंचने की लागत के सापेक्ष कच्चे पाम तेल की कीमतें थोड़ी मजबूत हुई हैं। इसने कहा, ''हालांकि, वैश्विक बाजार में कमजोर मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता निकट भविष्य में भारतीय पामतेल आयात घटा सकती है। एसोसिएशन ने कहा कि वर्ष 2024-25 में वनस्पति तेल की खपत में वृद्धि धीमी होने की उम्मीद है।

# दूरसंचार ग्राहकों की संख्या दिसंबर में बढ़कर 119 करोड़

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

देश में टेलीफोन ग्राहकों की कुल संख्या दिसंबर, 2024 में मामूली रूप से बढ़कर 118.99 करोड़ हो गयी। इसमें जियो ने मोबाइल और फिक्स्ड लाइन दोनों क्षेत्रों में सबसे अधिक ग्राहक जोड़े। दूरसंचार नियामक ट्राई ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नवंबर में कुल टेलीफोन ग्राहकों की संख्या 118.72 करोड़ थी।

- जियो मोबाइल व फिक्स्ड लाइन में सबसे आगे

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों के अनुसार, रिलायंस जियो इन्फोकॉम 47.66 करोड़ ब्रॉडबैंड ग्राहकों के साथ सबसे आगे रही। उसके बाद भारती एयरटेल (28.93 करोड़) और वोडाफोन आइडिया (12.64 करोड़) का स्थान था। शहरी टेलीफोन ग्राहक बढ़कर दिसंबर में 66.34 करोड़ हो गए, जबकि नवंबर में यह आंकड़ा 65.99 करोड़ था। इसी अवधि के दौरान ग्रामीण ग्राहक घटकर 52.66 करोड़ हो गये जो इससे पिछले महीने में 52.73 करोड़ थे। ट्राई के आंकड़ों के अनुसार, वायरलेस ग्राहकों की संख्या दिसंबर, 2024 में 0.17 प्रतिशत बढ़कर 115.07 करोड़ हो गयी जो इससे पिछले महीने नवंबर में 114.87 करोड़ थी। दिसंबर के अंत में वायरलेस टेलीघनत्व बढ़कर 81.67 प्रतिशत हो गया, जबकि नवंबर के अंत में यह 81.59 प्रतिशत था। आंकड़ों के अनुसार, रिलायंस जियो ने 39,06,123 वायरलेस ग्राहक जोड़े, जबकि भारती एयरटेल ने इस अवधि के दौरान 10,33,009 ग्राहकों को जोड़ा।



### वायर लाइन ग्राहकों की संख्या बढ़ी

ट्राई के आंकड़ों के अनुसार, वायरलाइन ग्राहकों की संख्या दिसंबर, 2024 के अंत में बढ़कर 3.93 करोड़ हो गई, जो एक महीने पहले नवंबर, 2024 में 3.85 करोड़ थी। इससे देश में समग्र वायरलाइन टेली-घनत्व 2.73 प्रतिशत से बढ़कर 2.79 प्रतिशत हो गया।

# सोने में तेजी लौटी, चांदी फिसली

**सोना बढ़कर 88,790 रुपए प्रति 10 ग्राम**

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सोने में तीन दिनों से जारी गिरावट मंगलवार को थम गई तथा मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत मजबूती के साथ 88,790 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

- चांदी में 350 रुपय गिरकर 98,900 रुपए किलो रही

राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 40 रुपये की तेजी के साथ 88,790 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ जो पहले 88,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 40 रुपये की तेजी के साथ 88,390 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। हालांकि, चांदी की कीमत 350 रुपये की गिरावट के साथ 98,900 रुपये प्रति किलोग्राम रही। सोमवार को चांदी की कीमत 99,250 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक बाजारों में अप्रैल डिलीवरी वाले कॉमेक्स सोना वायदा 19.30 डॉलर बढ़कर 2,918.70 डॉलर प्रति औंस हो गया। इस बीच, हाजिर सोना 0.82 प्रतिशत बढ़कर 2,912.43 डॉलर प्रति औंस हो गया।



# खादी कारीगरों की मजदूरी अप्रैल से 20 प्रतिशत बढ़ेगी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के चेयरमैन मनोज कुमार ने मंगलवार को कहा कि इस साल एक अप्रैल से खादी कारीगरों की मजदूरी 20 प्रतिशत बढ़ जाएगी।

- केवीआईसी के चेयरमैन ने दी जानकारी
- एक अप्रैल, 2025 से 2 .50 रुपए तक बढ़ाया जाएगा

मौजूदा समय में, 'स्पिनर' को चरखे पर प्रति हांक कताई के लिए 12.50 रुपये मिलते हैं, जिसे एक अप्रैल, 2025 से 2.50 रुपये तक बढ़ाया जाएगा। बढ़ी हुई दर के अनुसार, उन्हें 15 रुपये प्रति हांक स्पून मिलेंगे। केवीआईसी के



### बुनकरों की आय में हुई वृद्धि

सरकार ने स्पिनरों और बुनकरों की आय में ऐतिहासिक वृद्धि की है। इससे पहले, 17 सितंबर, 2024 को, प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर, कारीगरों की मजदूरी में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

चेयरमैन ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। केवीआईसी ने चेयरमैन के हवाले से बयान में कहा, ''खादी और ग्रामोद्योग के उत्पादों की बिक्री पांच गुना होकर 31,000 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2023-24 में 1,55,000 करोड़ रुपये हो गई। खादी के कपड़ों की बिक्री छह गुना बढ़ गई यानी पहले के 1,081 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 6,496 करोड़ रुपये हो गई।''

बयान में कहा गया,, ''कुल मिलाकर, 10.17 लाख नए व्यक्तियों को वित्तव र्ष 2023-24 में रोजगार मिला।'' उन्होंने कहा, ''अब तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में उत्पादन और बिक्री का एक नया रिकॉर्ड बनाया जाएगा।'' उन्होंने यह भी बताया कि पिछले 10 साल के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खादी क्रांति ने कारीगरों के जीवन में व्यापक बदलाव किया है।

# उड़द का शुल्क मुक्त आयात मार्च 2026 तक बढ़ाया गया

**नई दिल्ली।** सरकार ने उड़द के शुल्क मुक्त आयात को एक और साल के लिए 31 मार्च, 2026 तक बढ़ा दिया है। एक सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। पहले यह प्रावधान इस साल मार्च के अंत तक था। म्यामां भारत को उड़द का मुख्य निर्यातक देश है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, 'उड़द की मुक्त आयात नीति को 31 मार्च, 2026 तक बढ़ा दिया गया है।' इस कदम से घरेलू बाजारों में दलहन कीमतों को स्थिर करने में मदद मिलेगी। चालू वित्त वर्ष में उड़द का आयात अप्रैल-नवंबर के दौरान 60.11 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा। इसमें 54.9 करोड़ डॉलर का आयात म्यामां से किया गया। भारत, म्यामां के अलावा सिंगापुर, थाईलैंड और ब्राजील से उड़द का आयात करता है।



# गिरावट से उबरकर सेंसेक्स निफ्टी लगभग स्थिर बंद

एजेंसी ▸▸| मुंबई

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी...मंगलवार को स्थिर रुख के साथ बंद हुए। खुदरा मुद्रास्फीति और अन्य आंकड़े जारी होने से पहले निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखने को तरजीह दी।

- आंकड़े जारी होने से पहले निवेशकों ने दूरी बनाई

घरेलू बाजार में इंडसइंड बैंक के डेरिवेटिव पोर्टफोलियो (वायदा एवं विकल्प खंड में निवेश) में कुछ विसंगतियां को लेकर बैंक का शेयर 27 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि अमेरिका में नरमी की आशंका से वैश्विक बाजारों में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 12.85 अंक गिरावट के साथ 74,102.32 अंक पर बंद हुआ।

वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच सेंसेक्स शुरू में कमजोर खुला और कारोबार के दौरान, एक समय यह 451.57 अंक तक लुढ़का कर 73,633.60 अंक तक आ गया था। निफ्टी 37.60 अंक बढ़कर 22,497.90 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''व्यापार युद्ध के कारण आर्थिक नरमी की चिंताओं के बीच अमेरिका और अन्य एशियाई बाजारों में भारी बिकवाली के बावजूद, घरेलू बाजार में धीरे-धीरे सुधार के संकेत दिख रहे हैं।''



### ये शेयर रहे नुकसान में

सेंसेक्स के तीस शेयरों में सर्वाधिक गिरावट इंडसइंड बैंक में आई। सेंसेक्स में शामिल अन्य शेयरों में इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, जोमैटो, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज नुकसान में रहे।

### इन शेयरों में लाभ दर्ज

दूसरी ओर, लाभ में रहने वाले शेयरों में सन फार्मास्युटिकल्स, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, मारुति सुजुकी इंडिया, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक और टाइटन शामिल हैं।

## बैंक को लेखा चूक से 2,100 करोड़ रुपए का नुकसान

# इंडसइंड बैंक के शेयर में आया भूचाल, 27% टूटा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इंडसइंड बैंक ने मंगलवार को लेखा विसंगति के कारण हुए 2,100 करोड़ रुपये के नुकसान के असर को कम करने की भरपूर कोशिश की और कहा कि उसके पास इस झटके से उबरने के लिए पर्याप्त पूंजी है। प्रबंधन के भरोसा दिलाने के बावजूद बैंक का शेयर 27 प्रतिशत टूट गया।

- प्रबंधन के भरोसा दिलाने के बावजूद बैंक का शेयर टूटा

इंडसइंड बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक सुमंत कठपालिया ने कहा कि लेखा चूक के बारे में पिछले साल सितंबर-अक्टूबर के आसपास पता चला, और बैंक ने पिछले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को इस बारे में बताया।




### एजेंसी अप्रैल के शुरूआत में देगी रिपोर्ट

बैंक को हुए नुकसान के अंतिम आंकड़े बाहरी एजेंसी की पड़ताल के बाद पता चलेंगे। बैंक ने बाहरी एजेंसी की नियुक्ति कर दी है, जो अपनी रिपोर्ट अप्रैल की शुरुआत में देगी। निजी क्षेत्र के इंडसइंड बैंक ने सोमवार को शेयर बाजारों के बताया कि उसने अपने वायदा-विकल्प पोर्टफोलियो में कुछ विसंगतियों का पता लगाया है।

### ब्रोकरेज हाउसेज ने घटाया टारगेट प्राइस

इंडसइंड बैंक के डेरीवेटिव्स पोर्टफोलियो में नुकसान की बातें सामने आने के बाद ब्रोकरेज हाउसेज ने स्टॉक के टारगेट प्राइस को घटा दिया है। बीएसई संसेक्स 30 में शामिल इस स्टॉक के टागरेट प्राइस को नुवामा इंस्टीट्यूशल इक्विटीज ने घटाकर 750 रुपए कर दिया है। कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के अलावा मॉर्गन स्टैनली ने भी टारगेट प्राइस घटा दिया है।

### जांच के लिए बाहरी एजेंसी नियुक्त

बैंक की आंतरिक समीक्षा के अनुसार, इस वजह से दिसंबर, 2024 तक बैंक की कुल संपत्ति के लगभग 2.35 प्रतिशत तक प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। विश्लेषकों ने विसंगति के चलते 2,100 करोड़ रुपये के नुकसान की आशंका जताई है। बैंक ने आंतरिक निष्कर्षों की स्वतंत्र रूप से समीक्षा और सत्यापन के लिए एक बाहरी एजेंसी नियुक्त की है।

### बैंक के पास प्रबंधन के लिए पर्याप्त पूंजी

कठपालिया ने कहा, ''बैंक की लाभप्रदता और पूंजी पर्याप्तता इस एकमुश्त प्रभाव को झेलने के लिए बेहतर स्थिति में है। इस समस्या की पहचान बैंक ने खुद की... बैंक के पास इसे प्रबंधित करने के लिए पर्याप्त भंडार और पूंजी है।''

### शेयर एक साल के निचले स्तर पर

इंडसइंड बैंक का शेयर बीएसई में 27.17 प्रतिशत गिरकर 655.95 रुपये पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान इसने 649 रुपये प्रति शेयर के अपने एक साल के निचले स्तर को छुआ।

## चिंतन

# वो दिन दूर नहीं जब पाक का एक और बंटवारा होगा

बहुत पुरानी कहावत है, जो दूसरों के लिए गड्ढा खोदता है, वह खुद उसमें गिरता है। यही हाल पड़ोसी पाकिस्तान का हो रहा है। पाकिस्तानी हुकूमरान हरसंभव नापाक हरकत करते रहे कि किसी भी तरह से भारत को आतंकवाद की आग में झोंका जाए और वहां दहशत का माहौल बनाकर विश्व बिरादरी में भारत को बदनाम किया जाए, लेकिन हो गया है इसके बिल्कुल उलट। पाकिस्तानी सियासतदानों ने जिस आतंकवाद का भारत में दहशत फैलाने के लिए पोषण किया, उसे दूध पिलाया, आज वो उसे ही दहला रहा है। शायद ही कोई ऐसा दिन निकलता हो जब पाकिस्तान में बम धमाका न हो। हर रोज आतंकी वारदातें सामने आ रही हैं। मासूम नागरिक इसके शिकार हो रहे हैं। सिडनी स्थित इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस की तरफ से जारी वैश्विक आतंकवाद सूचकांक रिपोर्ट 2025 में पाकिस्तान को दुनिया में दूसरा सबसे ज्यादा आतंक प्रभावित देश बताया गया। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान का खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान सबसे ज्यादा आतंक प्रभावित इलाके हैं। देशभर की कुल आतंकी घटनाओं में से 90 फीसदी इसी इलाके में हुई हैं। तहरीक-ए-तालिबान को लगातार दूसरे साल पाकिस्तान का सबसे खतरनाक आतंकवादी संगठन बताया गया है। 2024 में इस ग्रुप ने 482 हमले किए, जिसकी वजह से 558 मौतें हुई थीं, जो 2023 के मुकाबले 91 प्रतिशत ज्यादा हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि पाकिस्तान में हालात क्या हो गए हैं। मंगलवार को तो इसके दो कदम आगे बढ़कर बलूचिस्तान को अलग देश बनाने के लिए हिंसक आंदोलन कर रहे बलूच लिबरेशन आर्मी ने एक पैसेंजर ट्रेन को ही हाईजैक कर लिया। क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस पर पेहरो कुनरी और गदलार के बीच भारी गोलीबारी की खबरें हैं, जिसमें 6 पाक सैनिकों की मौत हो गई है। बलूच लिबरेशन आर्मी ने अपने एक बयान में कहा कि हमारे लड़ाकों ने माशकाफ, धादर और बोलान में इस ऑपरेशन को प्लान किया है। रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया गया है, जिसकी वजह से जाफर एक्सप्रेस को रुकना पड़ा। इसके बाद हमारे लड़ाकों ने इस ट्रेन पर कब्जा कर लिया और यात्रियों को बंधक बना लिया, जिसमें 500 यात्री सवार थे। हमने सिर्फ पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के कर्मियों को बंधक बनाया है। अगर हमारे खिलाफ कोई मिलिट्री ऑपरेशन करने की कोशिश की गई तो हम सभी बंधकों को मार देंगे। इस कत्ल-ए-आम की जिम्मेदारी पाकिस्तानी सेना की होगी। असल में बलूच का आंदोलन नया नहीं है। यह आजादी के बाद से ही सुलगता रहा है। भारत को ब्रिटिश शासन से आजादी मिलने से चार दिन पहले बलूचिस्तान को एक स्वतंत्र देश घोषित किया गया था और 1947 में पाकिस्तान को एक अलग राष्ट्र के रूप में बनाया गया था। इससे भी अधिक विडंबना यह थी कि बलूचिस्तान के शासक खान के मामले की पैरवी करने वाले वकील मुहम्मद अली जिन्ना थे, लेकिन बलूचिस्तान केवल 227 दिनों तक ही स्वतंत्र राष्ट्र रह सका। बाद में उसे पाकिस्तान में मिला दिया गया। इसी को लेकर बलूची नाराज हैं और लगातार अलग देश की मांग करते रहे हैं। बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है, जो इसके भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 44 फीसदी हिस्सा है। यह प्राकृतिक संसाधनों तेल, सोना, तांबा और अन्य खदानों से समृद्ध है। अगर ये सब ऐसे ही चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब पाकिस्तान का बांग्लादेश के बाद एक और बंटवारा हो जाएगा।

# सनातन संस्कृति में पर्यावरण समस्या का हल



विमर्श
प्रो. महेश चंद गुप्ता

**विदेशों में बसा हिंदू समुदाय भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने दायित्व का निर्वाह कर रहा है। इस बात को अब विदेशों में भी स्वीकार कर इससे प्रेरणा ली जाने लगी है। ब्रिटेन के इंस्टीट्यूट फॉर द इम्पैक्ट ऑफ फेथ इन लाइफ (आईआईएफएल) की ओर से हाल में किए गए एक अध्ययन में यह निष्कर्ष सामने आया है। अध्ययन की रिपोर्ट में उल्लेख है कि पर्यावरण सुरक्षा के मुद्दे पर ब्रिटेन में हिंदू समुदाय बाकी समुदायों की तुलना में सबसे ज्यादा सक्रिय है। अधिकांश हिंदू पर्यावरण के लिए कुछ न कुछ कर रहे हैं। कण-कण में भगवान के होने का विश्वास उनका प्रेरणास्रोत है। प्रकृति की रक्षा करना केवल हमारा धर्म नहीं बल्कि हमारा नैतिक उत्तरदायित्व भी है।**

भारतीय सनातन संस्कृति और पर्यावरण के बीच युगों पुराना नाता है। एक सनातन संस्कृति ही है, जिसमें प्रकृति को केवल अस्तित्व का आधार ही नहीं बल्कि पूजनीय माना गया है। आधुनिक विज्ञान में जिस पर्यावरणीय संतुलन की वकालत की जाती है, उस संतुलन को सनानत परंपराओं में सदियों से साधा जा रहा है। सनातन संस्कृति में प्रत्येक प्राकृतिक तत्व को दिव्य माना गया है। हमारे लिए सूर्य, जल, वायु और वनस्पति सब देवतुल्य हैं। जरूरत के समय पेड़ों को काटने से पहले उनकी अनुमति मांगने और तुलसी पत्र तोड़ते समय विनम्र भाव से क्षमा मांगने की विनम्रता केवल हमारी संस्कृति में ही है।

हम सूर्यास्त के बाद फूल-पत्तियां इसलिए नहीं तोड़ते क्योंकि तब वे विश्राम की अवस्था में होते हैं। न केवल भारत में बल्कि विदेशों में बसा हिंदू समुदाय भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने दायित्व का निर्वाह कर रहा है। इस बात को अब विदेशों में भी स्वीकार कर इससे प्रेरणा ली जाने लगी है। ब्रिटेन के इंस्टीट्यूट फॉर द इम्पैक्ट ऑफ फेथ इन लाइफ (आईआईएफएल) की ओर से हाल में किए गए एक अध्ययन में यह निष्कर्ष सामने आया है। अध्ययन की रिपोर्ट में उल्लेख है कि पर्यावरण सुरक्षा के मुद्दे पर ब्रिटेन में हिंदू समुदाय बाकी समुदायों की तुलना में सबसे ज्यादा सक्रिय है। अधिकांश हिंदू पर्यावरण के लिए कुछ न कुछ कर रहे हैं। कण-कण में भगवान के होने का विश्वास उनका प्रेरणास्त्रोत है। 64 फीसदी हिंदू 'रीवाइल्डिंग' यानी इको सिस्टम को नई जिंदगी देने में शामिल हैं। 78 फीसदी हिंदू अपनी आदतों में इसलिए बदलाव लाते हैं ताकि पर्यावरण को नुकसान कम हो। 44 प्रतिशत हिंदू पर्यावरणीय संगठनों से जुड़े हैं। अध्ययन में हिंदू, मुस्लिम और ईसाई समुदायों के पर्यावरण संबंधी नजरिये और गतिविधियों का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट से पता चलता है कि ब्रिटेन के 82 फीसदी ईसाई धर्म को पर्यावरण सुरक्षा से जोड़ते हैं पर उनके सुरक्षा संबंधी काम सबसे कम हैं। अगर हिंदू पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय हैं तो इसका मुख्य कारण यह है कि हिंदू धर्म में 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना निहित है जो संपूर्ण सृष्टि को एक परिवार के रूप में देखने की शिक्षा देती है। यही भाव हममें प्रकृति के प्रति एकात्मता का भाव विकसित करता है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन की चुनौती से जूझ रही है, तब सनातन संस्कृति की यह सोच और व्यवहार मानवता के लिए एक प्रेरणा बन सकता है। यह अध्ययन पर्यावरण संकट और जलवायु परिवर्तन के खतरों के दृष्टिगत बहुत महत्वपूर्ण है। इस अध्ययन से न सिर्फ सनातन संस्कृति और पर्यावरण के संबंधों का पता चलता है, वहीं यह बात भी साबित होती है कि दशकों पहले कामकाज के सिलसिले में विदेशों में बस गए हिंदू आज भी अपनी संस्कृति को आत्मसात किए हुए हैं। हिंदू सनातन धर्म में पर्यावरण केवल आध्यात्मिकता या पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है बल्कि यह संपूर्ण सृष्टि के प्रति एक गहरी जागरुकता और सम्मान की भावना से ओत-प्रोत है। हमारी संस्कृति में प्रकृति और जीव-जंतुओं को पूजनीय मानते हुए उनके संरक्षण पर जोर दिया गया है। इससे हिंदू धर्म में पर्यावरण संरक्षण केवल नैतिक दायित्व नहीं है बल्कि धार्मिक आस्था और दैनिक जीवन का अभिन्न अंग भी है। सनातन धर्म में यह मान्यता है कि संपूर्ण सृष्टि पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश पंचतत्वों से बनी है। इन पंचतत्वों को संतुलित रखना जीवन का मूल



उद्देश्य है। इसी कारण पर्यावरण की शुद्धता और संतुलन बनाए रखना हिंदू दर्शन का प्रमुख भाग है। सनातन संस्कृति में पग-पग पर पर्यावरण संरक्षण के उपाय किए गए हैं। नदियों को देवी मानकर पूजने के पीछे गंगा, यमुना, नर्मदा, कृष्णा आदि तमाम नदियों की पवित्रता को बनाए रखने की मंशा ही तो है।

हवन और यज्ञ में प्राकृतिक जड़ी-बूटियों का उपयोग करने के पीछे पर्यावरण को शुद्ध करने की भावना निहित है। हमारे पुरखों ने योग और प्राणायाम के जरिए शुद्ध वायु का महत्व कितने वैज्ञानिक ढंग से समझाया है। पेड़ों और वनस्पतियों को देवतुल्य मानकर उनकी पूजा के पीछे उनके संरक्षण की भावना ही तो है। सदियों पहले जिस तुलसी को मां लक्ष्मी का स्वरूप मानकर हर घर में लगाने की परंपरा शुरू की, उसके औषधीय गुणों को आज वैज्ञानिक भी स्वीकार करते हैं। हमारे यहां प्राचीन काल में ही ऋषि-मुनि आश्रमों में वन लगाने को प्राथमिकता दी गई और आज भी मंदिरों और आश्रमों में पौधरोपण को पवित्र कार्य के रूप में करके उसका अनुसरण किया जा रहा है। हमारे देश में पर्यावरण संरक्षण हमारी शिक्षा पद्धति का प्राचीन काल से ही भाग रहा है। हमारे ऋषि-मुनि पर्यावरण शुद्ध रखने के लिए हवन-यज्ञ करते थे। इससे वातावरण को साफ एवं समय पर वर्षा में मदद मिलती थी। मौजूदा समय में तो प्राचीन परंपराओं का अनुसरण करने की ज्यादा जरूरत हैं क्योंकि नदियों का जल कम एवं प्रदूषित हो रहा है। ग्लेशियर पिघल रहे हैं। समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है और विश्व के कई तटीय शहरों के डूब जाने का अंदेशा है।

प्राचीन गुरुकुलों में पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया जाता था तो मौजूदा दौर में भी कॉलेजों-विश्वविद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण पर शोध एवं अध्ययन, अधिकाधिक पेड़ लगाने और पर्यावरण अनुकूलता के लिए स्वच्छ वातावरण को प्राथमिकता दी जा रही है। हमारी मान्यता है कि शुद्ध एवं साफ वातावरण में लक्ष्मी का वास होता है और इससे समृद्धि आती है, हमारे इस विचार को विदेशों में अपनाया गया है। विभिन्न देशों में विश्वविद्यालयों के लंबे-चौड़े, खुले परिसर एवं वहां सघन हरियाली इसका प्रमाण है। सनातन संस्कृति में जैव विविधता को बनाए रखने के लिए जहां गाय को माता का दर्जा दिया गया है, वहीं नाग पंचमी पर सांपों की पूजा कर उनके महत्व को भी स्वीकारा गया है। गंगा दशहरा और कार्तिक स्नान जैसे त्योहारों के माध्यम से जल शुद्धता बनाए रखने का संदेश दिया गया है। अद्र्धकुंभ, कुंभ और महाकुंभ में नदियों की सफाई और उनकी महत्ता पर बल दिया गया है। आज समूची दुनिया जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और पारिस्थितिक असंतुलन की समस्याओं से जूझ रही है। इन समस्याओं का समाधान भारतीय सनातन संस्कृति में खोजा जा सकता है। हमारी महान परंपराएं समूची दुनिया में पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शक बन सकती हैं। हिंदू धर्म में पुराने कपड़ों और सामान का पुनः उपयोग करने की परंपरा रीसाइक्लिंग और अपशिष्ट प्रबंधन का प्राचीन रूप नहीं तो क्या है। हमारे यहां शाकाहार को बढ़ावा इसलिए दिया गया क्योंकि हमारे पूर्वज जानते थे कि शाकाहार को बढ़ावा देने से कार्बन उत्सर्जन कम होता है और पर्यावरणीय संतुलन बना रहता है। हिंदू सनातन धर्म और पर्यावरण संरक्षण की भावना परस्पर गहराई से जुड़े हुए हैं। यह जुड़ाव केवल धार्मिक नियमों का पालन करने तक सीमित नहीं है बल्कि एक संपूर्ण जीवन शैली है जो प्रकृति के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन, सम्मान और संरक्षण को प्राथमिकता देती है। अगर आज पूरी दुनिया इन सिद्धांतों को अपना ले तो न सिर्फ पर्यावरण संकट को कम किया जा सकता है बल्कि जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से भी निपटा जा सकता है। प्रकृति की रक्षा करना केवल हमारा धर्म नहीं बल्कि हमारा नैतिक उत्तरदायित्व भी है।

(लेखक प्रख्यात शिक्षाविद्, वक्ता व चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## नो स्मोकिंग डे
योगेश कुमार गोयल



# धूम्रपान मुक्त जीवन ही है स्वस्थ भविष्य की गारंटी

प्रतिवर्ष मार्च महीने के दूसरे बुधवार को 'धूम्रपान निषेध दिवस' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 12 मार्च को मनाया जा रहा है। इस दिन का उद्देश्य निकोटीन के आदी लोगों को धूम्रपान छोड़ने के लिए मदद पाने को प्रोत्साहित करना है। यह समाज पर धूम्रपान के दुष्परिणामों को उजागर करने और जीवन के स्वस्थ तरीकों तथा धूम्रपान मुक्त वातावरण को बढ़ावा देने का दिन है। पहली बार धूम्रपान निषेध दिवस 1984 में आयरलैंड गणराज्य में मनाया गया था। तब यह मार्च महीने के पहले बुधवार को मनाया जाता था लेकिन समय के साथ यह मार्च के दूसरे बुधवार को मनाया जाने लगा। उसके बाद से यूके सहित कई देशों में यह एक वार्षिक कार्यक्रम की भांति मनाया जाता है। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 'इस नो स्मोकिंग डे पर अपनी जिंदगी वापस लें' विषय के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय हमें यह याद दिलाता है कि धूम्रपान छोड़कर हम न केवल अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं बल्कि अपने परिवार और प्रियजनों के साथ अधिक गुणवत्तापूर्ण समय भी बिता सकते हैं। धूम्रपान छोड़ने से हृदय रोग, कैंसर और सांस की बीमारियों का खतरा कम होता है। यह आर्थिक दृष्टिकोण से भी फायदेमंद है क्योंकि धूम्रपान पर खर्च होने वाले पैसे की बचत की जा सकती है। कई अध्ययनों में यह तथ्य सामने आ चुका है कि सिगरेट तथा अन्य धूम्रपान उत्पादों में मौजूद रसायन प्रतिवर्ष लाखों लोगों की जान ले लेते हैं। दरअसल सिगरेट के धुएं में ऐसे रसायन होते हैं, जो धूम्रपान के दौरान और बाद में शरीर पर घातक प्रभाव डालते हैं। तंबाकू के सेवन से दुनियाभर में हर साल 80 लाख से ज्यादा मौतें होती हैं। निकोटीन विकासशील मस्तिष्क को नुकसान पहुंचा सकता है। व्यस्कों के मुकाबले बच्चों के बहुत जल्दी आदी हो जाने की भी संभावना है। धूम्रपान करने वाले बच्चों में निकोटीन अवसाद और चिंता से भी जुड़ा है। सार्वजनिक स्थलों के अलावा बंद कमरे में धूम्रपान करना तो धूम्रपान न करने वालों के लिए भी बेहद खतरनाक सिद्ध होता है, जिसके सबसे बड़े शिकार प्रायः घरों में बच्चे ही होते हैं।

चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि जिन बच्चों के माता-पिता बीड़ी-सिगरेट के आदी होते हैं, उन बच्चों में निमोनिया, ब्रोंकाइटिस जैसी सांस, गले और छाती की बीमारियां होना एक आम बात है। बच्चों में धूम्रपान के संपर्क में आने से श्वसन संक्रमण, कान में संक्रमण और अस्थमा का दौरा पड़ सकता है। जहां तक तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की सुरक्षा की बात है तो यह इसलिए बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि बच्चों का मन-मस्तिष्क बहुत कोमल होता है और तंबाकू उद्योग बच्चों को लक्षित करने के लिए विभिन्न तरीकों का उपयोग करता है। ऐसे ही तरीकों में तंबाकू उद्योग आकर्षक विज्ञापनों और मार्केटिंग अभियानों का सहारा लेता है, जिनके जरिये बच्चों को तंबाकू उत्पादों को आकर्षक और वांछनीय लगने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जाता है। सोशल मीडिया के जरिये भी तंबाकू कंपनियां बच्चों के साथ जुड़ने और उन्हें तंबाकू उत्पादों के बारे में जानकारी देने का प्रयास करती हैं। धूम्रपान करने से बच्चों को अनेक प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। डब्ल्यूएचओ के स्वास्थ्य संवर्धन विभाग के निदेशक डा. रूडिगर क्रेच कहते हैं कि वे इस बात से आश्चर्यचकित हैं कि तंबाकू उद्योग अनगिनत जिंदगियों की क़ीमत पर मुनाफ़ा कमाने के लिए इस हद तक जाएगा। उनके मुताबिक जैसे ही किसी देश की सरकार को लगता है कि उसने तंबाकू के खिलाफ लड़ाई जीत ली है, तंबाकू उद्योग स्वास्थ्य नीतियों में हेरफेर करने और अपने घातक उत्पादों को बेचने के अवसर को अपनी पकड़ में ले लेता है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि दुनियाभर में तंबाकू उद्योग के बढ़ते हस्तक्षेप से स्वास्थ्य नीति को बचाने के प्रयास लड़खड़ा गए हैं, इसीलिए उसने ऐसे में विभिन्न देशों से कार्रवाई तेज़ करने का आह्वान किया है।

चूंकि धूम्रपान करने से बच्चों में इसकी लत लगने की संभावना बहुत ज्यादा बढ़ जाती है, जो उनके जीवन को कई प्रकार से नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है, इसीलिए तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किया जाना समय की बहुत बड़ी मांग है। इसके लिए जरूरी यह भी है कि बच्चों तथा उनके माता-पिता को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप और तंबाकू उत्पादों के खतरों के बारे में जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं और तंबाकू उत्पादों के उपयोग से संबंधित कानूनों का सख्ती से पालन किया जाए

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का मार्गदर्शन करती है अंतःकरण की आवाज



संकलित
दर्शन

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है। जब हम अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करते हैं तो अंतरात्मा से हमारा संपर्क कमजोर हो जाता है।

## अपने बल पर न करें घमंड, न दूसरों को कमजोर समझें



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध में अर्जुन और कर्ण आमने-सामने थे। दोनों दिव्य अस्त्र-शस्त्रों से लड़ रहे थे। जब-जब अर्जुन के तीर कर्ण के रथ पर लग रहे थे तो कर्ण का रथ बहुत पीछे खिसक रहा था। दूसरी ओर जब-जब कर्ण के तीर अर्जुन के रथ पर लगते तो उसका रथ थोड़ा सा ही पीछे खिसकता था। ये देखकर अर्जुन को घमंड हो गया कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। अर्जुन ने ये बात श्रीकृष्ण से कही तो भगवान ने कहा कि तुम्हारे बाणों से ज्यादा शक्ति कर्ण के बाणों में है। भगवान की बात सुनकर अर्जुन ने कहा कि ये कैसे संभव है, मेरा रथ तो थोड़ा सा ही पीछे खिसक रहा है। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम्हारे रथ पर मैं स्वयं बैठा हूं, ऊपर ध्वजा पर हनुमान जी विराजित हैं, तुम्हारे रथ के पहिए को शेषनाग ने थाम रखा है। इतना होने के बाद भी कर्ण के बाण ये रथ पीछे खिसक रहा है तो इसका मतलब यही है कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। यदि ये न होता तो पता नहीं तुम्हारे रथ की क्या स्थिति होती। ये बात सुनकर अर्जुन को अपनी गलती का अहसास हो गया और उसका घमंड टूट गया। इस कथा में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सीख दी है कि कभी अपनी शक्ति का घमंड न करें और शत्रु को कमजोर न समझें। यथा स्थिति का अच्छा से अवलोकन करे।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### होली का त्योहार सामूहिक उमंग और उत्साह का प्रतीक

त्योहार और पर्वों की संस्कृति का देश है भारत। इसमें हर दिन कोई न कोई त्योहार मनाया जाता है। ये त्योहार मानव-समाज की उमंगों एवं आशाओं के प्रतीक हैं। मनुष्य सहज ही आशावादी होता है, आशा ही उसे प्रसन्न और कार्यशील रखती हैं। इसलिए आशाओं को जीवित और प्रचण्ड रखने के लिए वह पर्व, त्योहार आदि उत्सव मनाता रहता है। त्योहारों में मानव जाति को संस्कार और विचार देने की एक अन्तरधारा छिपी रहती है। जैसे गंगा-यमुना के प्रवाह के भीतर सरस्वती का प्रवाह छिपा है। वैसे ही हमारे देश में हर त्योहार व पर्व के भीतर एक आदर्श समाज की कल्पना और भावना, मानव जाति के पारस्परिक प्रेम, समानता, हर्ष-उल्लास का संस्कार और आदर्शों की कल्पना इन पर्वों के पीछे छिपी है।

*- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# अफगानिस्तान की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं: भारत



भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि उसने तालिबान शासन के साथ द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की है और लोगों से लोगों के 'विशेष' संबंध देश के भारत के मौजूदा जुड़ाव का 'आधार' रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने सोमवार को अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा बैठक में कहा कि इस साल की शुरुआत में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने दुबई में अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी से मुलाकात की थी। हरीश ने परिषद में कहा, 'दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। अफगान पक्ष ने अफगानिस्तान के लोगों के साथ जुड़ने और उनका समर्थन करने के लिए भारतीय नेतृत्व की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया।' उन्होंने कहा, 'यह निर्णय लिया गया कि भारत, अफगानिस्तान में जारी मानवीय सहायता कार्यक्रमों के अलावा निकट भविष्य में विकास परियोजनाओं में शामिल होने पर विचार करेगा।' मिस्री और मुत्ताकी के बीच जनवरी में हुई बैठक, 2021 में अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद से भारत और तालिबान के बीच अब तक का सबसे उच्च स्तरीय संपर्क था।

## ऑफ बीट

# बैठने के बजाय खड़े होकर काम करना फायदेमंद है?



आधुनिक समय में हममें से अधिकतर लोग जागते हुए अपना अधिकांश समय बैठकर गुजारते हैं। हाल में एक अनुसंधान में लंबे समय तक बैठने के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभावों को रेखांकित किया गया है। कई कार्यस्थलों पर 'सिट-स्टैंड' डेस्क सिस्टम को अपनाया गया है, जिस पर आप लंबे समय तक बैठने के नुकसान से बचने के लिए डेस्क को बटन या लीवर दबाकर ऊंचा कर सकते हैं और खड़े होकर काम कर सकते हैं। लेकिन खड़ा होना बेहतर कैसे है? और क्या बहुत अधिक खड़े होने के भी नुकसान हैं? बहुत अधिक बैठने और खड़े होने के जोखिमों के बारे में अनुसंधान क्या कहता है, और क्या 'सिट-स्टैंड' डेस्क में निवेश करना ठीक है। बहुत अधिक बैठने के क्या नुकसान हैं? जो लोग बहुत अधिक बैठते हैं उनमें टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के विकसित होने और उनका जीवन कम होने की आशंका बढ़ जाती है। लंबे समय तक बैठे रहने से मांसपेशियों, हड्डियों में, खासकर गर्दन और पीठ में दर्द संबंधी शिकायत बढ़ जाती है। उन लोगों को अधिक बैठने से और भी ज्यादा नुकसान हो सकता है जो बहुत कम व्यायाम करते हैं या एक मानक स्तर तक शारीरिक गतिविधियां नहीं करते।

## ट्रेंड

### मॉरीशस में स्वागत

मॉरीशस में अविस्मरणीय स्वागत से बहुत अभिभूत हूं। यहां की संस्कृति में भारतीयता किस तरह रची-बसी है, उसकी पूरी झलक 'गीत-गवई' में देखने को मिली। हमारी भोजपुरी भाषा मॉरीशस में जिस तरह से फल-फूल रही है, वह हर किसी को गौरवान्वित करने वाली है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### अस्पताल का लोकार्पण

उत्तम चिकित्सा सुविधाओं तक हर नागरिक की सुगम और सुलभ पहुंच की सुनिश्चितता हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। आज झांसी में 200 बेड के अस्पताल का लोकार्पण किया। 'स्वस्थ उत्तर प्रदेश' की संकल्पना की सिद्धि में नया उत्तर प्रदेश सतत गतिशील है।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र



### जनप्रतिनिधि का कर्तव्य

जन भावनाओं को सुनना जनप्रतिनिधि का कर्तव्य ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने का काम भी करता है। दिल्लीवासियों की हर शंका का समाधान करना मेरी जिम्मेदारी है।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली



### सभी धर्मों का सम्मान

इस समय रमज़ान चल रहे हैं और होली का भी त्योहार आ रहा है। इसकी आड़ में कोई भी राजनीति करना ठीक नहीं। सभी धर्मों के अनुयायियों के मान-सम्मान का बराबर ध्यान रखना बहुत जरूरी।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# तीन देशों में सरकार के प्रति फूटा आम लोगों का आक्रोश, सड़कों पर उतरी जनता

## बांग्लादेश: यूनुस सरकार के खिलाफ महिलाओं का प्रदर्शन



एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ रही घटनाओं के विरोध में देश के विभिन्न हिस्सों में यूनुस सरकार के विरोध में महिलाएं सड़कों पर प्रदर्शन कर रही हैं। बांग्लादेश में महिलाएं बलात्कार के लिए न्याय, अपराधियों के लिए सख्त सजा और गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी के इस्तीफे की मांग को लेकर सड़कों पर उतरीं। देश के कई जिलों में विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। देश भर में चल रहे प्रदर्शन के बीच फिर से बच्चियों के साथ हुए अपराध की घटनाओं ने बांग्लादेश में कानून और व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को उजागर किया है।

### जहांगीर आलम चौधरी के इस्तीफे की मांग की

बांग्लादेश में लैंगिक हिंसा के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच, छह और बच्चों के साथ बलात्कार की घटनाएं सामने आई हैं। छह जिलों में बलात्कार के आरोप में सोमवार को कम से कम सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिन बच्चों का यौन उत्पीड़न किया गया, वे सभी छह से चौदह वर्ष की आयु के हैं। यौन उत्पीड़न की शिकार एक किशोरी ने स्थानीय मध्यस्थता बैठक के दौरान झूठा आरोप लगाए जाने और बदनाम किए जाने के बाद आत्महत्या कर ली। महिलाओं के खिलाफ लगातार बढ़ रहे अपराध के खिलाफ अंतरिम सरकार के प्रति जनता में आक्रोश फैल गया है। गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी के इस्तीफे की मांग की और अंतरिम सरकार को देश भर में कानून और व्यवस्था की स्थिति को खराब करने के लिए जवाबदेह ठहराया।

## दक्षिण कोरिया : राष्ट्रपति यून को पद से हटाने की मांग



**सिओल।** दक्षिण कोरिया के विपक्षी दलों के कुछ सांसदों ने मंगलवार को भूख हड़ताल शुरू कर दी। इन्होंने राष्ट्रपति यून सूक योल को उनके पद से आधिकारिक रूप से हटाने के लिए संवैधानिक न्यायालय से फैसला सुनाए जाने की मांग की है। मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी, रीबिल्डिंग कोरिया पार्टी और प्रोग्रेसिव पार्टी सहित विपक्षी सांसदों के एक समूह ने भूख हड़ताल पर बैठे हैं। उन्होंने अदालत से यून को तुरंत बर्खास्त करने का आग्रह किया जिन्हें शनिवार को रिहा कर दिया गया। सांसदों ने कहा कि यून सुक योल को वापस जेल जाना चाहिए। उन्होंने यून को रिहा करने वाले अभियोजक जनरल शिम वू-जंग के इस्तीफे की भी मांग की और कहा कि सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी को भंग कर दिया जाना चाहिए क्योंकि इसने यून के महाभियोग में बाधा डाली।

### यून के विरुद्ध महाभियोग और मुकदमे जारी रहेंगे

डीपी प्रतिनिधि पार्क होंग-बे, किम मून-सू और जीन जिन-सूक ने यून को पद से हटाने की मांग करते हुए नेशनल असेंबली की मुख्य इमारत के बाहर अपने सिर मुंडवा लिए। इससे पहले दिन में, डीपी और रीबिल्डिंग कोरिया पार्टी ने अपनी रैलियों को जारी रखने के लिए सोल के ग्वांगह्वामुन में टेंट लगाए। ज्ञात हो, यून को 3 दिसंबर को मार्शल लॉ लागू करने के नाकाम प्रयास के माध्यम से विद्रोह भड़काने के आरोप में जनवरी में हिरासत में लिया गया था। उन्हें शनिवार को जेल से रिहा कर दिया गया क्योंकि अभियोजन पक्ष ने शुक्रवार के अदालत फैसले के खिलाफ अपील नहीं करने का निर्णय लिया। अदालत ने यून की हिरासत को अवैध बताया था। हालांकि यून के खिलाफ महाभियोग और आपराधिक मुकदमे जारी रहेंगे।

## इजराइल: नेतन्याहू 'प्राइम मिनिस्टर नहीं क्राइम मिनिस्टर'




**येरूशलम।** इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ उनके ही देश में असंतोष चरम पर पहुंच गया है। एक सर्वे में करीब तीन चौथाई इजराइली नागरिकों का कहना है कि पीएम नेतन्याहू को 7 अक्टूबर, 2023 की घटनाओं की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। इजराइल डेमोक्रेसी इंस्टीट्यूट द्वारा रविवार को जारी किए गए मासिक सर्वे के नतीजों के अनुसार लगभग 75 फीसदी इजराइलियों का मानना है कि नेतन्याहू को अब अपना पद छोड़ देना चाहिए। बता दें कि इजराइल में लंबे समय से लोग 'प्राइम मिनिस्टर नहीं क्राइम मिनिस्टर' नाम का पोस्टर हाथों में थाम नेतन्याहू के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। जहां तक बात रही यहूदियों की तो 45% यहूदी उत्तरदाताओं का मानना है कि नेतन्याहू को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।

### नेतन्याहू को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए

59% अरबों का मानना है कि नेतन्याहू को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। यह यहूदियों की तुलना में काफी ज्यादा है। ये सर्वे 25 से 28 फरवरी के बीच कराए गए थे। 73 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इस बात पर अपनी सहमति जताई कि इजराइल को हमास के साथ युद्ध विराम/बंधक वापसी समझौते के दूसरे चरण में आगे बढ़ना चाहिए। इस समझौते में दुश्मनी की पूर्ण समाप्ति, गाजा से वापसी और सभी बंधकों की रिहाई के बदले में फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई शामिल है। गाजा पर समझौते से जुड़े सवाल के उत्तरदाताओं में नेतन्याहू की अपनी लिकुड पार्टी के 61.5% मतदाता शामिल थे। हालांकि समझौते को जारी रखने के लिए समर्थकों की संख्या अन्य गठबंधन दलों के मतदाताओं के बीच विरोधियों से ज्यादा है।

## खबर संक्षेप

### भारत में जल्द लॉन्च होगा सैटेलाइट इंटरनेट



**नई दिल्ली।** भारत की टेलीकॉम कंपनी एयरटेल ने एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के साथ मिलकर भारत में स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस शुरू करने की घोषणा की है। 11 मार्च को जारी एक संयुक्त बयान में दोनों कंपनियों ने बताया कि यह समझौता भारत में स्टारलिंक की पहली पार्टनरशिप है। यह तभी लागू होगी जब स्पेसएक्स को भारत सरकार से स्टारलिंक सर्विस बेचने की परमिशन मिलेगी। भारती एयरटेल ने कहा कि उसने भारत में स्टारलिंक की सर्विस प्रदान करने के लिए एलन मस्क की कंपनी के साथ पार्टनरशिप की है।

### 'डार्क स्टॉर्म टीम' ने ली हमले की जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' का सर्वर सोमवार (10 मार्च) को कई बार डाउन हुआ। यह समस्या भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और कनाडा सहित दुनिया भर के कई देशों में महसूस की गई। इस पर एलन मस्क ने कहा कि एक्स पर साइबर हमला हुआ था। अब कुख्यात फिलिस्तीनी समर्थक है 'डार्क स्टॉर्म टीम' ने टेलीग्राम पर इस साइबर हमले की जिम्मेदारी ली है। उसने बताया कि उन्होंने डिस्ट्रीब्यूटेड डिनायल ऑफ सर्विस के जरिये एक्स को डाउन किया है।

## मॉरीशस पहुंचे पीएम मोदी, गर्मजोशी के साथ किया गया जोरदार स्वागत

# रक्षा से शिक्षा तक गहरे हैं भारत के रिश्ते दोनों देशों के बीच बढ़ेंगे 'व्यापारिक संबंध'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर मॉरीशस पहुंच गए। यहां मॉरीशस के पीएम नवीन रामगुलाम समेत सभी मंत्री उनके स्वागत के लिए पहुंचे। पीएम ने एयरपोर्ट पर उतरने के बाद सबसे पहले स्वागत के लिए जुटे प्रवासी भारतीयों से मुलाकात की। इस दौरान यहां रहने वाली महिलाओं ने बिहारी संगीत गाकर पीएम का स्वागत किया। पीएम की यह दूसरी यात्रा है, इससे पहले वे 2015 में भी मॉरीशस गए थे। पीएम मोदी आज 12 मार्च को मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच गहरे द्विपक्षीय आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनयिक संबंध हैं। मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस का भारत के राष्ट्रपति महात्मा गांधी से जुड़ाव है। 1901 में, महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटते समय कुछ दिनों के लिए मॉरीशस में रुके थे।

इस दौरान उन्होंने भारतीय श्रमिकों को तीन महत्वपूर्ण संदेश -शिक्षा का महत्व, राजनीतिक सशक्तिकरण और भारत से जुड़े रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। गांधीजी के इन विचारों से प्रेरित होकर मॉरीशस अपना राष्ट्रीय दिवस 12 मार्च को मनाता है, जो संयोग से भारत में ऐतिहासिक डांडी मार्च की वर्षगांठ भी है।भारत ने मॉरीशस के साथ 1948 में ही राजनयिक संबंध स्थापित कर लिए थे, जो उसकी स्वतंत्रता (1968) से भी पहले की बात है। दोनों देशों के बीच संबंध आपसी विश्वास और सहयोग पर आधारित हैं। समुद्री सुरक्षा, विकास परियोजनाएं, तकनीकी सहायता, और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में भारत ने मॉरीशस को निरंतर सहयोग दिया है।

भारत ने मॉरीशस के साथ 1948 में ही राजनयिक संबंध स्थापित कर लिए थे, जो उसकी स्वतंत्रता (1968) से भी पहले की बात है। दोनों देशों के बीच संबंध आपसी विश्वास और सहयोग पर आधारित हैं। समुद्री सुरक्षा, विकास परियोजनाएं, तकनीकी सहायता, और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में भारत ने मॉरीशस को निरंतर सहयोग दिया है

**खास बातें**

- दक्षिण अफ्रीका से लौटते समय 12 मार्च को मॉरीशस रूके थे महात्मा गांधी
- 2000 से अब तक भारत में 175 बिलियन अमेरिकी डॉलर का एफडीआई



### मॉरीशस की परियोजनाओं में सहयोग

भारत ने मॉरीशस में कई विकास परियोजनाओं में सहायता की है। 2016 में भारत ने 353 मिलियन अमेरिकी डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की, जिसके तहत मेट्रो एक्सप्रेस, सुप्रीम कोर्ट बिल्डिंग, नया इएनटी अस्पताल, सामाजिक आवास परियोजना और डिजिटल टैबलेट योजना जैसी परियोजनाएं शामिल थीं। इसके अलावा, 2017 में भारत ने 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण दिया, जिससे 10 प्रमुख परियोजनाओं को वित्तपोषित किया गया, जिनमें से 7 पहले ही पूरी हो चुकी हैं।

### भारत भेजता है वेनिला और चिकित्सा उपकरण

2023-24 में भारत से मॉरीशस को 778.03 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात हुआ। मॉरीशस से भारत को 73.10 मिलियन अमेरिकी डॉलर का आयात हुआ। भारत से मॉरीशस को मुख्य रूप से पेट्रोलियम उत्पाद, दवाइयां, अनाज, कपास और झींगा निर्यात किया जाता है, जबकि मॉरीशस से भारत को वेनिला, चिकित्सा उपकरण और रिफाइंड कॉपर जैसे उत्पाद मिलते हैं।

### मॉरीशस की कूटनीतिक अहमियत

*हिंद महासागर के जरिए सीधा जुड़ाव होने की वजह से भारत के लिए मॉरीशस की कूटनीतिक अहमियत काफी ज्यादा है। 2015 में जब पीएम मॉरीशस के पहले दौरे पर गए थे, तब दोनों देशों ने मॉरीशस के अगलेगा द्वीप पर परिवहन व्यवस्था बेहतर करने के लिए समझौता किया। दरअसल, यह द्वीप मॉरीशस के मेनलैंड से करीब 1100 किमी दूर स्थित है और भारत के भूमि क्षेत्र के करीब है। यह छोटा टापू करीब 70 वर्ग किलोमीटर के इलाके में फैला है और भारत की सुरक्षा के मद्देनजर अहम है। फरवरी 2024 में भारत और मॉरीशस ने इस द्वीप पर एक एयर स्ट्रिप और जेटी प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया था, जो कि क्षेत्र में भारत की रक्षा के लिहाज से बड़ा कदम साबित हुआ।*

## कठुआ में आतंकियों की साजिश

# बकरियां चराने गए 2 बच्चे लापता, अब तक 5 लोगों की मौत



एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर में तीन लोगों के रहस्यमयी तरीके से लापता होने और बाद में मौत के राज से पर्दा उठा नहीं कि कठुआ जिले में अब दो लड़कों के लापता होने की खबर ने जोर पकड़ लिया है। जानकारी के अनुसार, ये बच्चे 27 फरवरी से लापता है। अधिकारियों ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि दो लड़के, दीन उर्फ दीनू (15) और उसका रिश्तेदार रहमत अली (12) 27 फरवरी को भंबरवान में अपने मवेशियों को चराने के बाद लापता हो गए थे।

### विधानसभा में गूंजा मुद्दा

*जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सोमवार को क्षेत्र में हुई हत्याओं पर गरमागरम बहस हुई। सीएम उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा में कहा कि इन मौतों के पीछे की परिस्थितियों की जांच की जा रही है। उन्होंने सोमवार को कहा कि क्या हुआ, कैसे हुआ और क्यों हुआ, यह जांच का विषय है जो चल रही है।*

### आतंकी षड्यंत्र से जोड़कर देख रहे

कठुआ तब चर्चा में आया जब 15 वर्षीय वरुण सिंह, उसके मामा योगेश सिंह (32) और मामा दर्शन सिंह (40) के शव शनिवार को जिले के सुदूर मल्हार इलाके के ईशू नाले में मिले। तीनों 5 मार्च को लापता हो गए थे। पिछले महीने कठुआ जिले के कोहाग गांव में दो अन्य लोगों शमशेर (37) और रोशन (45) के शव मिले थे, जिनकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या किए जाने का संकेत मिला था। ऐसे में इस पूरे मुद्दे को आतंकी षड्यंत्र के साथ भी जोड़कर देखा जा रहा है।

## भारत और आर्मेनिया के बीच हुए दो अहम समझौते

# दोनों देश दवाओं की गुणवत्ता को करेंगे सुनिश्चित, राजनयिकों को देंगे प्रशिक्षण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और आर्मेनिया ने आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए दो महत्वपूर्ण समझौते किए हैं। ये समझौते आर्मेनिया के विदेश मंत्री अरारात मिर्जोयान की भारत यात्रा के दौरान हुए। पहला समझौता भारत के सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (सीडीएससीओ) और आर्मेनिया के सेंटर ऑफ ड्रग एंड मेडिकल टेक्नोलॉजी एक्सपर्टाइज (सीडीएमटीई) के बीच हुआ। इससे दोनों देश दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा को सुनिश्चित करने में सहयोग



करेंगे। दूसरा समझौता भारत के सुषमा स्वराज इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन सर्विस और आर्मेनिया के विदेश मंत्रालय के डिप्लोमेटिक स्कूल के बीच हुआ। इस समझौते से दोनों देशों के राजनयिकों को प्रशिक्षण और अनुभव साझा करने का अवसर मिलेगा।

### वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर की चर्चा

दोनों नेताओं ने व्यापार, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, संस्कृति और जन-जन संपर्क जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। डिजिटल टेक्नोलॉजी और दवा उद्योग में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर भी विचार किया। बैठक में वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा हुई, भारत और आर्मेनिया के ऐतिहासिक संबंधों की सराहना की और दोनों देशों की बढ़ती मित्रता की प्रशंसा की।

## आधी रात को दहला रूस

# यूक्रेन का बड़ा हमला, 300 से ज्यादा ड्रोन बरसाए, 1 की मौत

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

यूक्रेन ने बीती रात रूस को दनदनाते हमलों से दहला दिया। यूक्रेनी सेना ने तीन सालों में रूस पर सबसे बड़ा हमला किया है। मंगलवार को अधिकारियों ने बताया कि आधी रात मॉस्को को बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले में निशाना बनाया गया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उसने देश भर में 330 से ज्यादा ड्रोन मार गिराए हैं। रूस की रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इन हमलों में ज्यादातर राजधानी को निशाना बनाया गया था।



### रूस ने दागी बैलिस्टिक मिसाइल

इस बीच रूस ने भी इन हमलों का जवाब देते हुए यूक्रेन पर प्रहार किया है। यूक्रेनी वायु सेना ने मंगलवार को बताया है कि रूस की तरफ से रात भर हमले किए गए हैं। सेना के मुताबिक इस दौरान रूस ने बैलिस्टिक मिसाइल से भी हमला किया।

## यूएस ने अप्रैल 2025 के लिए वीजा बुलेटिन किया

# ग्रीन कार्ड के लिए करना होगा लंबा इंतजार ईबी-5 श्रेणी में वेटिंग दो साल से अधिक पीछे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका ने अप्रैल 2025 के लिए वीजा बुलेटिन जारी कर दिया है, जो भारतीय ग्रीन कार्ड आवेदकों के लिए बुरी खबर लाया है। यूएस सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विस (यूएससीआईएस) ने बताया कि भारतीयों ग्रीन कार्ड आवेदकों के लिए ईबी-5 वीजा श्रेणी दो साल से



ज्यादा 'रिट्रोग्रेश' यानी पीछे चली गई है। अब यह 1 नवंबर, 2019 की तारीख हो चुकी है। बढ़ती मांग और वीजा के इस्तेमाल को देरी की मुख्य वजह बताया गया है।

### अन्य श्रेणियों में भी देरी

ईबी-1 श्रेणी के तहत भारत के लिए फाइनल एक्शन डेट 15 फरवरी, 2022 तक आगे बढ़ी है। एंप्लॉयमेंट बेस्ड वीजा की इस श्रेणी के तहत उन लोगों को ग्रीन कार्ड मिलता है, जिनके पास साइंस, आर्ट, एजुकेशन, बिजनेस, एथलेटिक्स में असाधारण प्रतिभा है। ईबी-2 श्रेणी के तहत भारत के लिए फाइनल एक्शन डेट 1 जनवरी, 2013 तक आगे बढ़ी है।

### *निवेश के जरिए ग्रीन कार्ड पाना भी मुश्किल*

*ईबी-3 श्रेणी में भारत के लिए फाइनल एक्शन डेट भारत 1 अप्रैल, 2013 तक आगे बढ़ी है। यूएस में काम करने गए भारतीय वर्कर्स को इस श्रेणी के तहत ग्रीन कार्ड मिलता है। ईबी-5 श्रेणी में फाइनल एक्शन डेट काफी ज्यादा पीछे चली गई हैं। भारत के लिए डेट 1 नवंबर, 2019 है। इस श्रेणी में उन लोगों को ग्रीन कार्ड दिया जाता है, जो निवेश के जरिए यूएस में ग्रीन कार्ड पाना चाहते हैं।*

## हैशड इमर्जेंट की ताजा रिपोर्ट 'इंडिया वेब3 लैंडस्केप' में खुलासा

# भारत 2028 तक दुनिया का सबसे बड़ा वेब3 डेवलपर हब बनेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत वेब3 स्पेस में तेजी से ग्लोबल लीडर के रूप में उभर रहा है। इसके 2028 तक दुनिया का सबसे बड़ा वेब3 डेवलपर हब बनने की उम्मीद है।

मंगलवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। हैशड इमर्जेंट की ताजा रिपोर्ट 'इंडिया वेब3 लैंडस्केप' से पता चला है कि देश ने 2024 में सालाना आधार पर डेवलपर भागीदारी में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की, जिससे गिटहब में 4.7 मिलियन से अधिक डेवलपर जुड़े।

यह वैश्विक स्तर पर सभी नए वेब3 डेवलपर्स का 17 प्रतिशत है, जिससे भारत दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा क्रिप्टो डेवलपर




बेस बन गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 45.3 प्रतिशत भारतीय वेब3 डेवलपर्स कोडिंग में योगदान देते हैं, 29.7 प्रतिशत बग्स को ठीक करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं और 22.4 प्रतिशत डॉक्यूमेंटेशन पर काम करते हैं। विकास के लोकप्रिय क्षेत्रों में गेमिंग, नॉन-फंजिबल टोकन (एनएफटी), विकेंद्रीकृत वित्त और रियल-वर्ल्ड एसेट शामिल हैं।

**45.3% भारतीय वेब3 डेवलपर्स कोडिंग में योगदान दे रहे**

**2024 में भारतीय स्टार्टअप ने 564 मिलियन डॉलर जुटाए**

### अधिकांश 27 वर्ष से कम आयु के लोग

भारत के वेब3 डेवलपर्स का एक बड़ा हिस्सा नए लोग हैं, जिनमें से 50 प्रतिशत से अधिक ने पिछले दो वर्षों में इस क्षेत्र में प्रवेश किया है। उनमें से अधिकांश 27 वर्ष से कम आयु के हैं। हैकाथॉन एक ऐसा आयोजन है, जहां कंप्यूटर प्रोग्रामर मिलकर कुछ नया बनाने के लिए काम करते हैं। यह डेवलपर्स के लिए प्राथमिक प्रवेश द्वार बना हुआ है। वेब3 फर्म भुवनेश्वर, चेन्नई और केरल के विश्वविद्यालयों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रही हैं। हालांकि, वेब3 फर्म भुवनेश्वर, चेन्नई और केरल के विश्वविद्यालयों के साथ भी सक्रिय रूप से सहयोग कर रही हैं ताकि छात्रों को ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी से जल्द परिचित करवाया जा सके।

### फंडिंग में 109 प्रतिशत की वृद्धि

*भारत वेब3 स्टार्टअप संस्थापकों के मामले में भी वैश्विक स्तर पर तीसरे स्थान पर है। इस क्षेत्र में 1,200 से अधिक स्टार्टअप संचालित हैं। देश के वेब3 इकोसिस्टम में निवेशकों का विश्वास बढ़ा है, जिससे 2023 की तुलना में फंडिंग में 109 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में भारतीय स्टार्टअप ने 564 मिलियन डॉलर जुटाए, जिससे इस क्षेत्र में कुल निवेश 3 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया। रिपोर्ट में एआई, आरडब्ल्यूए और स्टेकिंग सॉल्यूशन को निवेश आकर्षित करने वाले प्रमुख क्षेत्रों के रूप में उजागर किया गया है। कई ग्लोबल वेंचर कैपिटल और घरेलू फर्म भारतीय वेब3 परियोजनाओं पर बड़ा दांव लगा रही हैं। इसके अतिरिक्त, लेयर 1 और लेयर 2 ब्लॉकचेन नेटवर्क से इकोसिस्टम फंड ने पर्याप्त निवेश किया है, जिससे ग्लोबल वेब3 लैंडस्केप में भारत की स्थिति और मजबूत हुई है।*

## सऊदी अरब में रूस-यूक्रेन युद्ध विराम पर चर्चा

# अमेरिकी विदेश मंत्री मुस्कराए पर चुपचाप बैठे रहे यूक्रेनी अधिकारी

एजेंसी ▶▶ जेद्दा

रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से जारी युद्ध को खत्म करने के लिए यूक्रेन और अमेरिका के बीच बातचीत मंगलवार को सऊदी अरब के जेद्दा में शुरू हुई है। बातचीत के दौरान पत्रकार कुछ पल के लिए वार्ता कक्ष में दाखिल हुए। इस दौरान, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो कैमरे के सामने मुस्कराते हुए नजर आए, जबकि यूक्रेनी अधिकारी उनकी सामने वाली मेज पर चुपचाप बैठे रहे। उनके चेहरे पर कोई भाव नहीं था। सऊदी अरब के विदेश मंत्री भी वार्ता कक्ष में मौजूद थे।



### एक नया कूटनीतिक प्रयास: रूस

सऊदी अरब में यूक्रेन और अमेरिका के वार्ता 28 फरवरी को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की व्हाइट हाउस यात्रा के दौरान उत्पन्न विवाद के बाद युद्ध की समाप्ति के लिए एक नए कूटनीतिक प्रयास को दर्शाती है। उधर, क्रेमलिन (रूस के राष्ट्रपति भवन) ने सार्वजनिक रूप से किसी रियायत की पेशकश नहीं की है।



# बिलहरी कब्रिस्तान में धरने पर बैठे रहवासी

## आर्मी ईस्टेट ऑफिस ने दिए बेदखली के नोटिस, हंगामा

जबलपुर। कैंट एरिया में स्थित बिलहरी क्रिश्चिन कब्रिस्तान में मंगलवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब कब्रिस्तान के गेट पर आर्मी का वाहन आकर खड़ा हो गया। इसके बाद बेदखली की आशंका से यहां रहे परिवारों में हड़कंप मच गया और दहशत जदा परिवारों सहित किश्चियन समाज के लोग सड़क पर आकर प्रदर्शन करने लगे। यहां रह रहे करीब 8 परिवारों का दावा है कि वे पीढ़ियों से यहां निवास कर रहे हैं और कब्रिस्तान की देख रेख में अपना योगदान भी दे रहे है। प्रदर्शन में सर्व ईसाई महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डेविड फ्रासिंस, विनोद चेम्बर, आशीष सालोमन, शॉन कुमार फ्रांसिस, मारिया रॉबर्ट फ्रांसिस, डेंजल एंग्रे, मनोज एंथोनी बड़ी संख्या में महिलाएं भी धरने पर बैठ गए। जानकारी मिलने पर स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंच गए। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस बल व प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर जा पहुंचे।दरअसल बिलहरी कब्रिस्तान के अंदर करीब 8 परिवार रहते हैं। उक्त परिवार के सदस्यों का कहना है कि वो पीढ़यिों से वहां रह रहे हैं और कब्रिस्तान की व्यवस्थाओं में अपना योगदान देते चले आ रहे हैं। उनका दावा है कि उक्त कब्रिस्तान ब्रिट्रिश कालीन है और उनके परिवारों को कब्रिस्तान की कब्रों की देखरेख के लिए ब्रिट्रिश शासकों ने तैनात किया था। उनका दावा यह भी है कि उक्त कब्रिस्तान की भूमि न तो प्रदेश शासन के आधीन है और न ही केंद्र सरकार के आधीन है। लिहाजा उन्हें बेदखल नहीं किया जा सकता है।वहीं आर्मी ईस्टेट ऑफिसर ने 24 फरवरी को नोटिस जारी किया था। जिसमें बताया गया था कि अधिनियम की धारा 5-ए की उपधारा (1) के प्रावधान का उल्लंघन करते हुए सर्वेक्षण संख्या 386 पर लगभग 6750 वर्ग फीट में निर्माण किया गया है। आर्मी का दावा है कि 11 मार्च 2019 को लिखित नोटिस द्वारा 20 मार्च 2019 तक उक्त भवन हटाने को कहा गया था।

### एसबीआई फाउंडेशन द्वारा मनाया गया महिला दिवस

जबलपुर। कुण्डम ब्लॉक के अंतर्गत सलैया ग्राम में एसबीआई फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से लोक कल्याण भूमिका समिति द्वारा महिला दिवस का आयोजन किया गया। स्थानीय ग्राम में एस.बी.आई. फाउंडेशन के सहयोग से संचालित ग्राम सक्षम परियोजना के सभी महिला हितधारकों का सम्मान किया गया, इस कार्यकम में पशु चिकित्सक डॉ. अंजना पणिकर, कृषि विज्ञान केन्द्र की वैज्ञानिक डॉ. नीलू विश्वकर्मा एवं स्थानीय सरपंच मख्य अतिथि रहीं। इस कार्यकर्म में 4 विकलांग बच्चियों को एस.बी.आई. फाउंडेशन के सहयोग से स्कालरशिप दी गई, साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र की सहायता से कृषक महिलाओं को सब्जी के बीज प्रदाय किए गए। प्रथम चरण में 10 महिला हितधारकों को बकरी पालन हेतु देशी नश्ल की बकरी दी गई, डॉ. अंजना पणिकर द्वारा बकरी के रख रखाव टीकाकरण और उनको बीमारी से बचाव हेतु जानकारी प्रदान की गई। स्थानीय सरपंच द्वारा सक्षम ग्राम परियोजना के अंतर्गत बनवाए जा रहे खेत तालाब की सराहना की गई और तीन महिला सदस्यों द्वारा खेत तालाब के माध्यम कैसे उनका पलायन रुका, आज वह अपने खेत में ईंट बनाने का कार्य कर रही हैं, इसके लिए उनको समानित किया गया। साथ ही अन्य ग्रामों के सरपंचो ने कार्य की सराहना की और ग्राम पंचायत के माध्यम से सहयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया। महिला दिवस के कार्यकम में सभी सदस्यों की सहभागिता रही।

# डेयरी साइंस और स्टेट सरकार के विजन में नहीं

## राज्यपाल के अभिभाषण पर जनसंगठनों ने उठाए सवाल

जबलपुर। विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान जिन योजनाओं का विजन प्रस्तुत किया गया। उसका लेकर जबलपुर के लोग चितिंत है। दरअसल राज्यपाल के अधिभाषण में डेयरी साइंस कॉलेज और डेयरी स्टेट का उल्लेख नहीं है। यह बताते हुए डॉ. पीजी नाजपांडे ने जानकारी दी कि स्वयं मप्र सरकार के मंत्रीमंडल ने निर्णय लिया था कि जबलपुर में प्रदेश का पहला डेयरी साइंस कॉलेज स्थापित किया जायेगा। वेटरनरी यूनिवर्सिटी के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट ने इस बावत प्रस्ताव पारित कर उसे राज्यपाल को अनुमोदन हेतु भेजा था, जिसे स्वीकृत किया गया है। इसी तरह प्रदेश का पहला एवं एकमात्र जबलपुर डेयरी स्टेट प्रोजेक्ट स्वयं मप्र शासन का उपक्रम है, इस प्रोजेक्ट का भी सरकार के मंत्रीमंडल ने प्रस्ताव पारित किया। उसे राज्यपाल का भी अनुमोदन प्राप्त है। जबलपुर डेयरी साइंस कॉलेज तथा डेयरी स्टेट प्रोजेक्टर को वर्ष 2025-26 के बजट में राशियां आवंटित की जाए, ताकि वर्षो से ठप्प पड़े यह प्रोजेक्ट शुरु हो सके। यह मांग जनसंगठनों ने बैठक आयोजित कर की है। बैठक में डॉ. पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, टीके रायघटक, डीके सिंह, सुभाषचंद्रा, सुशीला कनौजिया, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, एड.जीएस सोनकर, संतोष श्रीवास्तव, हरजीवन विश्वकर्मा, दिलीप कुंडे, लखनलाल प्रजापति, माया कुशवाहा, उमा दाहिया, डीआर लखेरा तथा राममिलन शर्मा उपस्थित थे।

# वक्फ संशोधन और नई कमेटी के खिलाफ प्रदर्शन

## मोमिन ईदगाह के सामने मुस्लिम समाज का धरना, ज्ञापन सौंपा



जबलपुर। केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे नए वक्फ संशोधन विधेयक और मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड द्वारा मोमिन ईदगाह, गोहलपुर में की जा रही मनमानी के विरोध में ईदगाह के सामने दो दिन मुस्लिम समाज धरने पर बैठा। सोमवार की देर रात तक चले धरना प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन धरना स्थल पर ही एसडीएम को सौंपा गया। ज्ञापन में वक्फ संशोधन बिल वापस लेने और मोमिन ईदगाह, गोहलपुर में मनमाने तरीके से मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड द्वारा थोपी जा रही नई कमेटी को भंग करने की मांग की गई। वहीं, यह चेतावनी दी गई कि यदि मांगे नहीं मानी गईं तो समाज आने वाले दिनों में अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेगा।

ईदगाह एक्शन कमेटी के मीडिया प्रभारी याकूब अंसारी एवं एड. अदनान अंसारी ने कहा कि धरने में सर्वसम्मति से तय हुआ कि मोमिन ईदगाह पर थोपी जा रही कमेटी को किसी भी हाल में कबूल नहीं किया जाएगा। मांगे नहीं माने जाने पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा।

प्रदर्शन में अंसारी समाज के सरदार हकीम बाबा, राईन समाज के सरदार एवं वरिष्ठ समाजसेवी हाजी गुलाम मोहम्मद भूरे पहलवान, कुरैशी समाज के अध्यक्ष अमीन कुरैशी, मंसूरी समाज के वरिष्ठ

### गुरुनानक दरबार गोरखपुर में कीर्तन समागम 14 को

जबलपुर। नानक शाही संवत 557 के मुताबिक नव वर्ष के आगमन एवं चैत्र मास की पवित्र संगरांद पर गुरुद्वारा गुरुनानक दरबार गोरखपुर में 13 एवं 14 मार्च को भव्य कीर्तन समागम एवं गुरु का लंगर आयोजित किया जाएगा। इसमें रागी जत्था बीबी सिमरन कौर, लुधियाना पंजाब, भाई बलजीत सिंह एवं गुरुवाणी मीमांसक आदि विद्वतजन शिरकत करेंगे। प्रधानसाहिब रजिंदर सिंह छाबड़ा एवं प्रबंधक कमेटी ने साध संगत से सहयोग एवं उपस्थिति की अपील की है। 13 मार्च का आयोजन रात्रि 7.30 से 10.15 तक एवं 14 मार्च का आयोजन प्रातः 7.30 से प्रातः 10 बजे तक संपन्न होगा।

# पीएन बैठक में मजदूर संघ ने उठाए ज्वलंत मुद्दे

## पमरे जीएम ने दिया उचित कार्रवाई का आश्वासन

जबलपुर। रेल मजदूर संघ मुख्यालय पीएनएम की दो दिवसीय बैठक में वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के अध्यक्ष सी.एम. उपाध्याय व महामंत्री अशोक शर्मा ने रेल कर्मचारियो की समस्याओं को पमरे के महाप्रबंधक श्रीमति शोभना बंधोपाध्याय के समक्ष पुरजोर तरीके से रखा, जिस पर महाप्रबंधक ने संघ को आश्वासन देते हुये त्वरित कार्यवाही करते हुये संबंधित अधिकारियो को निराकरण करने के निर्देश दिये। पमरे के भोपाल , कोटा, जबलपुर मंडलो, मुख्यालय, कोटा ,भोपाल कारखानो व विभिन्न स्टेशनो एवं डिपो में कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं की ओर ध्यानाकर्षण कराया गया, जिसमें कहा गया कि मुख्यालय द्वारा जारी निर्देशो का मंडलो में पालन नहीं किया जाता। कारखाना, एसएण्डटी, इंजीनियरिंग, रनिंग स्टॉफ की समस्याएँ सुलझाना, कॉलोनी व क्वार्टरो की जर्जर व्यवस्था सुधारना समय पर रंगाई, पुताई, जर्जर गार्डन की व्यवस्था दुरूस्थ हो,यूनिफार्म की नियमित अपूर्ति, आरओएच शैडो में मूलभूत सुविधाएं, रेलअस्पतालो की अव्यवस्था में सुधार, गंभीर बीमारियो पर मरीज को 15 दिन की बजाय 3 महीने की दवाई उपलब्ध कराने की मांग की गई। विशेषज्ञ चिकित्सको की नियुक्ति में तेजी लाने, ट्रेकमेंन्टेनर्स को रोस्टर के अनुसार काम लिया जाये, अतिरिक्त घंटो के लिए ओवर टाईम मिले, रनिंग रूम व टीटी रेस्ट हॉउस में सभी आवष्यक सुविधाएं ,कूर रिव्यू के तहत पमरे के कोटा, भोपाल एवं जबलपुर मंडलो में 1096 एएलपी व 460 ट्रेकमेनेजर समेत कुछ 1556 पद सृजित होगे व महिला कर्मियो के लिए पृथक प्रसाधन व महिला कक्ष का निर्माण स्थानांतरण के प्रकरणो का निराकरण, महाप्रबंधक कार्यालय के समस्त विभागो में केन्द्रीयकृत एयर कूलिंग की व्यवस्था, ड्यूटी के दौरान घायल कर्मियो को नियमानुसार न्याय मिले, दवाओ की नियमित अपूर्ति आदि मुद्दो के निराकरण पर सहमति बनी। बैठक में संघ के कार्यकारी अध्यक्ष,बी.एल. मिश्रा, संयुक्त महामंत्री संदीप श्रोती , एस.के. गुप्ता, मंडल अध्यक्ष राजेश पांडे, एस. एन. शुक्ला , मंडल सचिव डी. पी. अगवाल, अब्दूल खालिक, कमलेश परिहार, अलोक त्रिपाठी, पी.सी.मीना, सतीश कुमार हर्ष वर्मा ओ. पाठक, अनिल सैनी, चरणजीत सिंह, विकास करोलिया, रोमेश चौबे, वंदना विश्वकर्मा, आस्था डोगरे आदि समेत जोन के आला अधिकारी मौजूद रहे।



## 146 आवेदनों पर जनसुनवाई

जबलपुर। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड और अन्य अधिकारियों को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 146 आवेदन दिये। जिसमें 90 नये आवेदन हैं तथा 56 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर नामांतरण, बंटवारा, अतिक्रमण, लाड़ली बहना के पैसे दिलाने, छात्रवृत्ति भुगतान, स्कूल से टीसी दिलाने, पानी, नाली सफाई, आर्थिक सहायता, पीएम किसान योजना में नाम जोड़ने, अभिलेख दुरूस्त करने, किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, शिक्षाए समग्र आईडीए चिकित्सा सहायता, पेंशन, संबल राशि दिलाने, आवास योजना का लाभ दिलाने, बीपीएल कार्ड बनवाने आदि से संबंधित आवेदन थे। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री गोंड ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित कि लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता में लेकर निराकरण करें।

# धूमधाम से निकलेगी प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा

## सनातन धर्म महासभा द्वारा राम नवमी की तैयारियां शुरु



जबलपुर। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के प्राकट्य महोत्सव पर नरसिंह पीठाधीश्वर जगतगुरु डॉ स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज के सानिध्य मे सनातन धर्म महासभा जबलपुर के तत्वावधान में रविवार 6 अप्रैल को शाम 6 बजे श्री सनातन धर्म तिराहा मोटर स्टैंड से निकाली जाएगी। आयोजन की तैयारियों के सिलसिले में एक बैठक नरसिंह मंदिर में आयोजित बैठक में विचार विर्मश कर रुपरेखा तय की गई। बैठक में बताया गया कि श्रीकृष्ण मंदिर गोरखपुर के लकी भाटिया, सुनीता चावला, के के बस्सी ने कहा कि मंदिर की ओर से नयानभिराम झांकियों के साथ, भजन कीर्तन मंडली, बैंड दल और ड्रेसकोड में समिति के सदस्य रहेंगे। अनिल तिवारी, विजय सरावगी ने कहा कि श्रीगोविन्द गंज रामलीला समिति मिलौनीगंज शोभायात्रा के विश्राम पर भव्य स्वागत सत्कार के साथ महाप्रसाद वितरण करेगी। जगदीश मंदिर गढाफाटक के प्रेम पुरी पप्पन मिश्रा ने बताया कि शोभायात्रा को भव्य दिव्य बनाने में सक्रिय भागीदारी रहेगी। गीता पांडे, अंजू भार्गव ने बताया कि महिलाओं की भजन मंडलियों के साथ सांस्कृतिक सामाजिक महिलायों के क्लब से जनसंपर्क कर जोड़ेंगे।

श्रीराम मंदिर मदन महल के गुलशन मखीजा,रमेश शर्मा,जितिन नारंग, गीता पांडे ने कहा भव्यता देने के लिए पिछले 2 माह से जनसंपर्क कर रहे , 5 झांकियां के साथ, श्रीराम जीवन चरित्र का सजीव चित्रण रहेगा।बैठक में आचार्य वासुदेव शास्त्री, पं रामकुशल पांडे सनातन धर्म महासभा के अध्यक्ष श्याम साहनी, अशोक मनोध्या, गुलशन मखीजा, शरद काबरा,लकी भाटिया , प्रवेश खेड़ा,मनोज शर्मा , विजय सरावगी, विष्णु पटेल विध्येश भापकर , अंशुल मालिक, अंजू भार्गव, कुसुम चौबे, सुनीता चावला, पूनम प्रसाद,जया चंसौरिया, संदीप जैन,सुधांशु गुप्ता,पप्पन मिश्रा,राहुल शुक्ला, डा जय रोहानी,राजेन्द्र यादव, हिमांशु शास्त्री, प्रियांशु , गौरव शर्मा, शालू कपूर, राहुल सहगल, सहित बड़ी संख्या में सामाजिक सांस्कृतिक धार्मिक सांस्कृतिक संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## कॅरियर मेले का पोस्टर रिलीज

बलपुर। स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना एवं जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर में "एक दिवसीय युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार जिला स्तरीय कॅरियर अवसर मेला" दिनांक 17 मार्च को प्रातः 10.30 बजे से महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में आयोजित किया जा रहा है। उक्त आयोजन का पोस्टर दीपक कुमार सक्सेना, कलेक्टर, जबलपुर द्वारा रिलीज किया गया। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, मेला संयोजक ने बताया कि मेले में 12वी से लेकर स्नातकोत्तर, इंजीनियरिंग एवं आईटीआई के विद्यार्थियों हेतु प्लेसमेंट का अवसर मिलेगा।

### राठौर समाज का होली मिलन समारोह 14 को

जबलपुर। राष्ट्रवीर राठौर क्षत्रिय पंचायत समिति के तत्वावधान में राठौर क्षत्रिय समाज का होली मिलन समारोह 14 मार्च को वीर दुर्गादास राठौर प्रतिमा स्थल (भंवरताल पार्क) में शाम 04 बजे आयोजित है। कार्यक्रम सुरेन्द्र सिंह राठौर की अध्यक्षता में होगा। कार्यकम में उपस्थिति की अपील दिनेश राठौर, मुकेश राठौर पूर्व पार्षद, निशा राठौर पार्षद, बसंत राठौर, गजेन्द्र सिंह राठौर, नीलेश राठौर, विजय राठौर, अजय राठौर, मोहन राठौर, संतोष राठौर सहित अन्य ने की है।

### गरीब, किसान, महिला और युवाओं को समर्पित होगा बजट

जबलपुर। भारत आर्थिक परिषद के ईसी मेम्बर और मप्र प्रभारी एवं युवा आर्थिक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्थशास्त्री डॉ. देवेन्द्र विश्वकर्मा ने आने वाले बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार का यह बजट गरीब, किसान, महिला और युवाओं को समर्पित होगा। इस बजट में गरीब को मुफ्त अनाज, प्रधानमंत्री आवास आदि अनेक योजनाएं देने की बात की जाएगी, वहीं किसान को सिंचाई सुविधा, बिजली एवं लोन देने का विशेष प्रावधान किया जा सकता है। महिलाओं को लाडली लक्ष्मी योजना एवं उनके आर्थिक, सामाजिक विकास से जुड़ी योजनाएं लाई जाएंगी तो वहीं युवाओं के लिए स्टार्टअप, वित्तीय सहायता, उद्योग आदि के लिए लोन उपलब्ध कराए जाएंगे। मुझे लगता है यह बजट वित्तीय घाटे का बजट होगा, सरकार के सामने इस बजट में वित्तीय घाटा एवं कर्ज का बोझ एक बड़ी चुनौती होगी।

### संत रविदास मंच असामाजिक तत्वों को समाज से करेगा वंचित

जबलपुर। संत रविदास विचार मंच के मोहनलाल चौधरी ने बताया कि मंच की सभा लालमाटी झामनदास चौक खेरमाई मंदिर में 09 मार्च को आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में शारदा प्रसाद चौधरी ने बताया कि महिला दिवस पर समाज की महिलाओं रामबाई चौधरी, मीनाबाई को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि होली त्यौहार पर सादे रंगों का उपयोग करें, एक-दूसरे से मिले, अगर कोई नशाखोरी, छेड़छाड़, कीचड़ मैले का उपयोग करेगा या किसी प्रकार का औजार लेकर घूमेगा तो ऐसे व्यक्ति को असामाजिक तत्व मानकर उसे संत रविदास मंच से वंचित किया जाएगा और उसकी कोई मदद नहीं की जाएगी। सभा में एड. राहुल चौधरी, गनेश प्रसाद चौधरी, योगेश चौधरी, श्यामबाई, मीनाबाई, रामबाई, गुड्डीबाई, करुणाजी, चंदाबाई, लक्ष्मीबाई, सीताबाई, रामकली, चंदाबाई एवं बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

### पीड़ित ने जनसुनवाई में लगाई कलेक्टर से गुहार

# महेश की संपत्ति पर चढ़ गया ताहिरा बेगम का नाम!



जबलपुर। मंगलवार जनसुनवाई में पहुंचे एक पीड़ित ने कलेक्टर से गुहार लगाई है कि उसकी संपत्ति पर किसी अन्य व्यक्ति का नाम दर्ज कर दिया है, जिसके कारण वह उस संपत्ति को बेच नहीं पा रहा है। उमरिया पिपरिया निवासी महेश यादव पिता भरोसा यादव ने बताया कि उसकी संपत्ति मौजा कोसमघाट, प.ह.नं. 154 (पिपरिया कला), तह व जिला जबलपुर में है। जिस पर उसके एवं उसके परिवार का नाम दर्ज है। उक्त संपत्ति को उसके एवं उसके परिवार के किसी भी सदस्य द्वारा ताहिरा बेगम पति हिफाजत को कभी विक्रय पत्र या अन्य किसी रजिस्टर्ड दस्तावेज के माध्यम से हस्तांतरण नहीं किया गया है। लेकिन उसके बावजूद भी ताहिरा बेगम पति हिफाजत का नाम त्रुटिवश भू अभिलेखों में चढ़ाया गया है। जिसके कारण वह मानसिक व आर्थिक रूप से बहुत ही ज्यादा ही परेशान है। उसने बताया कि उसके परिवार का एक सदस्य बहुत ही ज्यादा बीमार है। जिसके इलाज के लिए उसे पैसों अत्यंत आवश्यकता है। जिसकी पूर्ति के लिए वह उस संपत्ति को बेचना चाहता है, इसके अलावा अन्य निजी आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए उसे संपत्ति को बेचना है। लेकिन ताहिरा बेगम पति हिफाजत का नाम उक्त संपत्ति के राजस्व अभिलेखों में दर्ज होने के कारण वह उक्त संपत्ति को बेच नहीं पा रहा है। पीड़ित के द्वारा सीएम हेल्पलाइन और कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई भी निराकरण नहीं हुआ है । इसके अलावा उक्त शिकायत को तहसीलदार, एसडीएम एवं पटवारी को संज्ञान दिया जा चुका है। लेकिन अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है।

## 17वीं डीजीक्यूए इंटर जोनल बैडमिंटन स्पर्धा में महिला, पुरुष खिलाड़ियों ने चैम्पियनशिप जीती



जबलपुर। 17वीं अखिल भारतीय अंतर क्षेत्रीय डीजीक्यूए इंटर जोनल बैडमिंटन स्पर्धा 2024-25 में 11 मार्च को खेले गए पहले महिला सेमीफाइनल में सेंट्रल जोन ने बेस्ट जोन को 21-9, 21-7 से हराया, वहीं दूसरे सेमीफाइनल में साउथ जोन ने नार्थ जोन को 21-5, 21-2 से हराया। महिला स्पर्धा के फाइनल में सेंट्रल जोन ने साउथ जोन को 21-2, 21-2, 21-5 से हराकर चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया। पुरुष स्पर्धा के प्रथम सेमीफाइनल में साउथ जोन ने सेंट्रल जोन को हराया, वहीं दूसरे सेमीफाइनल में बेस्ट जोन ने नार्थ जोन को 21-14, 21-7, 21-14 से हराया। फाइनल में साउथ जोन ने बेस्ट जोन को 21-9, 21-13, 21-19 व 21-18 से हराकर पुरुष चैम्पियनशिप खिताब अपने नाम किया। मैच में निर्णायक की भूमिका चीफ रैफरी आयुष सिंह, रैफरी हेमराज सिंह, महादेव सिंह, प्रियांशु कुशवाहा, राजवीर सिंह एवं कु. ध्वनि ने निभाई।

# होली के पूर्व नगर निगम कर्मचारियों को मिलेगा 4% डीए का एरियर्स

जबलपुर। अजाक्स संघ, नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ, चालक संघ नगर निगम जबलपुर एवं शासकीय अर्धशासकीय वाहन चालक वेलफेयर एसोसियेशन मप्र के द्वारा 10 मार्च को निगमायुक्त प्रीति यादव को ज्ञापन सौंपकर 4 प्रतिशत डीए के एरियर्स राशि का भुगतान होली के पूर्व किए जाने की मांग की गई, ताकि कर्मचारी होली का पर्व हर्षोल्लास से मना सकें। संघ की मांग को आयुक्त ने स्वीकार करते हुए नगर निगम कर्मचारियों को चार प्रतिशत डीए की एरियर्स राशि का भुगतान होली के पूर्व किए जाने आदेश पारित किया। ज्ञापन के दौरान अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा, अचैया कोरी, राजेन्द्र पटेल, मन्नूलाल पटेल, गुलशन जबलपुरी, रामाराव मगरदे, कालूराम सोलंकी, शमीम भाईजान, जगदीश नन्हेट, सामियल, दयाराम धुर्वे, श्रीनवासलू, कोयरी नायडू, रामू, जे. प्रवीण, महेन्द्र मलिक सहित संघ के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**CHANGE OF NAME**

I, **NISHA DEVI** (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of **No 14835006X** Rank **HAV** Name **MANOJ KUMAR** presently, residing at **AMBA TANK HOUSE, SHAHI NAKA SANJIVINI NAGAR, GARHA, JABALPUR (M.P.)** I have changed of my name from **NISHA DEVI** (name as per my Husband army service records) to **NISHA BAGHEL** (name as per my **AADHAR CARD NO. 2836 3387 8363** vide Affidavit dated (Date of the Affidavit **11/03/2025**) before RAMDAS SHARMA Public notary JABALPUR MP HIGH COURT, (MP)

**CORRECT NAME-NISHA BAGHEL**
**INCORRECT NAME-NISHA DEVI**



# पौराणिक हॉरर 'मां' का पहला पोस्टर रिलीज...

**मुंबई।** सोमवार को काजोल की आगामी पौराणिक हॉरर फिल्म 'मां' का पहला पोस्टर रिलीज किया गया। साथ ही फिल्म के रिलीज डेट की भी घोषणा की गई। काजोल की आगामी फिल्म 'मां'का पहला पोस्टर जारी करते हुए निर्माताओं ने इसके रिलीज की घोषणा कर दी है। 'शैतान' के बाद देवगन फिल्म्स एक और पौराणिक हॉरर फिल्म लेकर आ रही है। सामने आए पोस्टर में अभिनेत्री का शक्तिशाली रूप देखने को मिल रहा है। काजोल इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आएंगी। विशाल फुरिया द्वारा निर्देशित और साईविन क्वाड्रास द्वारा लिखित, 'मां'अच्छाई और बुराई के बीच लड़ाई पर आधारित है।

लाइफ Style

# दीपिका

## मन की शांति प्राप्त करना है लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अबू धाबी में फोर्ब्स ग्लोबल समिट में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने एक इंटरव्यू में अपनी बेटी दुआ के बार में और अपने प्रोफेशनल बात की और बताया कि उन्होंने आखिरी बार गूगल पर क्या सर्च किया था। दीपिका ने यह भी बताया कि उनका निजी लक्ष्य मन की शांति प्राप्त करना है।

कार्यक्रम में अभिनेत्री ने कहा कि उनका निजी लक्ष्य मन की शांति प्राप्त करना है, उन्होंने कहा, 'मानसिक बीमारी से पीड़ित होने के नाते, मेरे लिए लक्ष्य हमेशा मन की शांति प्राप्त करना है, क्योंकि इससे अधिक महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है और कहना जितना आसान है करना उतना आसान नहीं है, क्योंकि इसके लिए काम करना पड़ता है।' अपने प्रोफेशनल लाइफ के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि वह अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर काम करना चाहती हैं। उन्होंने कहा, 'प्रोफेशनल साइड पर मैं देखती हूं कि मैं अपने प्रभाव का उपयोग अलग-अलग प्लेटफार्मों पर कैसे कर सकती हूं, जिसमें मैं जो फिल्में चुनती हूं वो भी शामिल हैं। ताकि सकारात्मक प्रभाव पैदा हो सके।' अभिनेत्री से जब यह पूछा गया कि वह कैसे याद की जानी चाहती हैं तो उन्होंने अपनी मानसिकता पर विचार करते हुए कहा, 'मेरे पिता ने मुझे बताया कि आप जो भी करते हैं लोग आपको उस इंसान के रूप में याद करते हैं, जो आप थे। इसलिए मेरे लिए मैं जो भी करूं, मैं चाहती हूं कि मुझे उस इंसान के रूप में याद किया जाए जो मैं थी।' दीपिका पादुकोण के दिल और दिमाग में हमेशा उनकी बेटी दुआ का ख्याल रहता है।



हॉलीवुड मसाला



# 'डब्ल्यूडब्ल्यूई' अब ओटीटी पर

**लॉस एंजिल्स।** 'डब्ल्यूडब्ल्यूई'के भारत सहित दुनिया में करोड़ों दीवाने हैं। अब भारतीय फैंस यह शो ओटीटी पर भी देख सकेंगे। डब्ल्यूडब्ल्यूई'के सभी साप्ताहिक फ्लैगशिप शो के साथ इसके प्रीमियम लाइव इवेंट का भी आनंद उठा सकेंगे। रा, 'एनएक्सटी और स्मैकडाउन के साथ-साथ 'डब्ल्यूडब्ल्यूई के प्रीमियम लाइव इवेंट जैसे समरस्लैम, मनी इन द बैंक, रॉयल रंबल और आगामी रेसलमेनिया को फैंस स्ट्रीम कर पाएंगे। यह शो 1 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर प्रसारित किया जाएगा।




# 14 को रिलीज होगी 'इन द लॉस्ट लैंड्स'

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई फिल्में लगातार रिलीज हो रही हैं। दर्शक फिल्म को देख भी रहे हैं। लेकिन, अगर आप बॉलीवुड की फिल्मों से हटकर कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखते हैं तो आपको इस महीने रिलीज होने वाली इन हालीवुड फिल्मों को जरूर ट्राई करना चाहिए। गेम ऑफ थ्रोन्स के लेखक जॉर्ज आर. आर. मार्टिन की कहानी पर आधारित फिल्म इन द लॉस्ट लैंड्स है, जो एक महाकाव्य फैंटेसी एडवेंचर होगी। इन द लॉस्ट लैंड्स का निर्देशन पॉल डब्ल्यूएस एंडरसन ने किया है, जिसकी कहानी कॉन्स्टेंटिन वर्नर ने लिखी है। यह फिल्म 14 मार्च को रिलीज के लिए तैयार है। वहीं, माई मेलबर्न एक एंथोलॉजी फिल्म है, जो मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया में हुई सच्ची घटनाओं से प्रेरित हैं। यह फिल्म भी 14 मार्च को रिलीज होगी।



# लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु में आयोजित 16वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल के मौके पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड्स से सम्मानित किया। पुरस्कार के रूप में अभिनेत्री को 10 लाख रुपए की चेक से सम्मानित किया गया। कावेरी रेजीडेंस पर दिए गए इस सम्मान के वक्त दिग्गज गीतकार और स्क्रिप्ट राइटर व शबाना आजमी के पति जावेद अख्तर भी मौजूद रहे। इस मौके पर अभिनेत्री शबाना आजमी के काम की तारीफ करते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि हमें आपका म्यूजिक वीडियो 'मिले सुर मेरा तुम्हारा'काफी पसंद है। मैंने आपको पहली बार उसमें देखा था। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अभिनेत्री को सम्मानित करते हुए तस्वीरें अपने एक्स अकाउंट पर भी साझा की हैं।



# 'जाट' से रणदीप का खूंखार लुक जारी

**मुंबई।** सनी देओल की आने वाली फिल्म 'जाट'के मेकर्स ने फिल्म से जुड़ा एक नया वीडियो जारी किया है, जिसमें एक नए किरदार और नए एक्टर का खुलासा किया है। इस नए वीडियो टीजर के जरिए मेकर्स ने फिल्म से रणदीप हुड्डा के लुक और किरदार का भी खुलासा किया है। फिल्म में रणदीप हुड्डा 'रणतुंगा'के किरदार में नजर आएंगे। इस धांसू वीडियो के जारी होते ही फैंस के बीच जाट फिल्म को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है। इस वीडियो में रणदीप काफी खूंखार नजर आ रहे हैं। रणदीप के धांसू लुक ये बता रहा है कि रणदीप इस फिल्म में एक विलेन की भूमिका में होंगे, जिसका मुकाबला सनी देओल से होगा। इस वीडियो को रणदीप हुड्डा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर किया है।

टीवी मसाला



# केबीसी में अमिताभ को रिप्लेस करने के लिए शाहरुख टॉप चॉइस

**नई दिल्ली।** महानायक अमिताभ बच्चन ने 'कौन बनेगा करोड़पति' के होस्ट के रूप में बड़ी पहचान बनाई है। उन्होंने साल 2000 से इस पॉपुलर क्विज शो को होस्ट करने की शुरुआत की थी, जब वह 52 साल के थे। इन दिनों 'केबीसी'का 16वां सीजन चल रहा है। 82 साल के हो चुके अमिताभ बच्चन अपने काम के बोझ को कम करना चाहते हैं। खबरें हैं कि उन्होंने चैनल से शो के लिए नया होस्ट ढूंढने के लिए कहा है। ऐसे में अगर अमिताभ बच्चन शो को छोड़ना चाहते हैं, तो कौन उनका बेहतर ऑप्शन हो सकता है। जानिए हाल ही में हुई एक रिसर्च में क्या खुलासा हुआ। एक रिसर्च सर्वे में शाहरुख खान 'कौन बनेगा करोड़पति शो'में अमिताभ बच्चन की जगह लेने के लिए सबसे पसंदीदा विकल्प बनकर उभरे हैं। यह सर्वे हिंदी भाषी क्षेत्रों में 768 लोगों (408 पुरुष, 360 महिलाएं) के बीच किया गया। इसके अलावा ऐश्वर्या राय बच्चन, महेंद्र सिंह धोनी भी लोगों की पसंद बने हैं। हालांकि, अभी तक यह ऑफिशियली कंफर्म नहीं किया गया है कि केबीसी का अगला होस्ट कौन होगा। शाहरुख खान स्टार टीवी पर केबीसी के सीजन 3 को होस्ट कर चुके हैं, लेकिन ऑडियंस से उन्हें अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिला था। शुरुआत में शो की रेटिंग्स अच्छी थीं, लेकिन होस्ट बदलने के बाद गिर गई थी। हालांकि, अब किंग खान लोगों के पसंदीदा एक्टर बन गए हैं और वह 63 फीसदी वोटों के साथ अमिताभ बच्चन को रिप्लेस करने के लिए शीर्ष दावेदार के रूप में उभरे हैं।

## अब किसने किया अनुपमा से विश्वासघात? चोरी हुई परिवार की सबसे कीमती चीज

**नई दिल्ली।** अनुपमा सीरियल की कहानी आगे और भी ज्यादा पेचीदा होने वाली है। सीरियल का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है, जिसमें दिखाया गया है कि दुनिया भर के झगड़े और नाटक-नौटंकी के बाद फाइनली प्रेम और राही की शादी होगी। शादी की रस्में खत्म होंगी और उसके बाद अचानक तोषू आकर अपनी मां से कुछ ऐसा कहेगा कि अनुपमा के पांव तले जमीन खिसक जाएगी। तोषू अपनी मां से पूछेगा कि मम्मी वो सामान कहां गया तो वसुंधरा कोठारी ने संभालकर रखने को कहा था। अनुपमा बताएगी कि उसने सामान कहां रखा था, लेकिन बहुत ढूंढने पर भी तोषू या अनुपमा किसी को भी वो नहीं मिलेगा।



अनुपमा के हाथ-पांव फूलने लगेंगे, लेकिन बहुत तलाश के बाद भी वो सामान नहीं मिलेगा और अनुपमा फाइनली जाकर यह बात वसुंधरा कोठारी को बताने का फैसला करेगी।

# ऋषि कपूर का 52 साल पुराना वो तगड़ा रिकॉर्ड, जिसे बॉक्स ऑफिस पर तोड़ना तो दूर, आज तक कोई छू भी नहीं पाया

***नई दिल्ली।*** *ऋषि कपूर भले ही इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन आज भी वह अपने फैंस के दिलों में जिंदा है। उन्होंने 70 के दशक में बतौर हीरो डेब्यू किया था, जिससे पूरी बॉलीवुड इंडस्ट्री में उनके नाम का डंका बज गया था। आज हम आपको ऋषि कपूर के नाम एक बड़े बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड के बारे में बताते हैं। ऋषि कपूर ने साल 1973 में फिल्म 'बॉबी' से बतौर लीड एक्टर डेब्यू किया था। इसमें उनके साथ डिंपल कपाड़िया की जोड़ी नजर आई थी। हालांकि, इससे पहले ऋषि कपूर चाइल्ड एक्टर के तौर पर अपने पिता राज कपूर की 'मेरा नाम जोकर' में काम कर चुके थे, लेकिन पहला लीड रोल उन्हें 'बॉबी' में मिला।*

***सुपरस्टार बन गए ऋषि कपूर :*** *इस फिल्म को ऋषि कपूर के पिता राज कपूर ने डायरेक्ट किया था। थिएटर्स में रिलीज के बाद फिल्म बड़ी कामयाब साबित हुई और ऋषि कपूर सुपरस्टार बन गए। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और एक के बाद एक सुपरहिट फिल्मों की झड़ी लगा दी थी। 'बॉबी' फिल्म के साथ ऋषि कपूर ने एक और बड़ा रिकॉर्ड बनाया, जिसे आज तक कोई भी स्टारकिड नहीं तोड़ पाया है। 'बॉबी' पहली स्टारकिड फिल्म थी, जिसके नाम बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने का रिकॉर्ड है। उस जमाने में सिर्फ 1.25 करोड़ रुपए की लागत में बनी 'बॉबी' ने 400 फीसदी का भारी मुनाफा कमाया।*



***400 फीसदी मुनाफा कमाने वाली फिल्म :*** *ऋषि कपूर की फिल्म 'बॉबी' ने दुनियाभर में 29 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था, जिससे राज कपूर ने अपने सभी कर्ज चुकाए और आरके स्टूडियोज को नई जिंदगी मिली। एक रिपोर्ट के मुताबिक, साल 1973 से लेकर अब तक बॉक्स ऑफिस पर 400 फीसदी मुनाफा कमाने वाली फिल्म देने वाले ऋषि कपूर इकलौते स्टारकिड साबित हुए।*

***संजय दत्त- रॉकी :*** *उनके बाद सनी देओल, संजय दत्त, ऋतिक रोशन समेत कई स्टारकिड ने बॉलीवुड में एंट्री मारी, लेकिन कोई भी अपनी पहली फिल्म से 400 फीसदी मुनाफा नहीं कमा पाया। संजय दत्त की पहली फिल्म 'रॉकी' 1.75 करोड़ के बजट में बनी थी, लेकिन कमाई 3 करोड़ की कमाई हुई और 71.4 फीसदी का मुनाफा हुआ।*

***सनी देओल- बेताब :*** *धर्मेंद्र के बेटे सनी देओल की पहली फिल्म 'बेताब' 1.8 करोड़ की लागत में बनी थी. बॉक्स ऑफिस पर 7 करोड़ रुपए की कमाई के साथ 294.4 फीसदी मुनाफा हुआ. ऋषि कपूर के करीब पहुंचने वाले एकमात्र स्टार किड ऋतिक रोशन थे, लेकिन वह उनके रिकॉर्ड को नहीं तोड़ पाए थे।*

## शूटिंग के लिए ओडिशा पहुंचीं...



***मुंबई।*** *बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा एक बार फिर से सुर्खियों में हैं। उनकी मां मधु चोपड़ा ने हाल ही में पुष्टि की थी कि प्रियंका मशहूर डायरेक्टर एसएस राजामौली की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'एसएसएमबी 29' का हिस्सा हैं। इस खबर ने फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया है। इस बीच हाल ही में प्रियंका को ओडिशा हवाई अड्डे पर देखा गया, जहां वह फिल्म की शूटिंग के लिए पहुंची हैं। यह फिल्म उनके लिए खास है, क्योंकि इसमें उनके साथ सुपरस्टार महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन जैसे बड़े नाम शामिल हैं। 'बाहुबली' फेम राजामौली की यह फिल्म अपने शानदार स्टारकास्ट और भारी-भरकम बजट की वजह से पहले ही चर्चा में है। फिल्म का दूसरा शेड्यूल अभी ओडिशा में चल रहा है, जहां पूरी टीम शूटिंग में जोर-शोर से जुटी हुई है। थोड़े समय का ब्रेक लेने के बाद प्रियंका अब इस टीम के साथ फिर से जुड़ गई हैं और शूटिंग शुरू कर दी है। उनकी मौजूदगी ने इस बड़े प्रोजेक्ट को और रोमांचक बना दिया है। इंस्टाग्राम पर वायरल हुई तस्वीर में प्रियंका ओडिशा हवाई अड्डे पर एयरलाइन क्रू के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। इस दौरान वह ग्रे डेनिम जींस, ब्लैक टैंक टॉप और लेदर जैकेट में स्टाइलिश लग रही हैं।*

# आईफा में रही 'लापता लेडीज' की धूम, बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड नितांशी के नाम

**जयपुर।** आईफा अवॉर्ड्स रविवार 9 मार्च को पिंक सिटी जयपुर में संपन्न हुए। ग्रीन कार्पेट पर फिल्मी सितारों ने जलवा बिखेरा। तमाम सितारों ने स्टेज पर परफॉर्म भी किया। इसके बाद अवॉर्ड बांटे गए। इस बार आईफा अवॉर्ड्स में फिल्म 'लापता लेडीज' छाई रही।

***रवि किशन को स्पोर्टिंग रोल के लिए मिला अवॉर्ड :*** अभिनेता रवि किशन को फिल्म 'लापता लेडीज' के लिए बेस्ट सपोर्टिंग रोल (मेल) के लिए अवॉर्ड मिला। इस फिल्म में रवि किशन ने पुलिस अधिकारी श्याम मनोहर की भूमिका निभाई।

***जुबिन नौटियाल और श्रेया घोषाल ने झटके अवॉर्ड :*** इस बार आईफा में 'आर्टिकल 370' के 'दुआ' सॉन्ग के लिए जुबिन नौटियाल को प्लेबैक सिंगर का अवॉर्ड मिला है। इसके अलावा श्रेया घोषाल को 'मेरे ढोलना' के लिए अवॉर्ड मिला है।

***लक्ष्य, प्रतिभा और कुणाल को भी अवॉर्ड :*** फिल्म 'किल' के लिए लक्ष्य ललवानी को बेस्ट डेब्यू एक्टर (मेल) का अवॉर्ड मिला है। वहीं, प्रतिभा रांटा को बेस्ट डेब्यू अभिनेत्री का अवॉर्ड मिला है। इसके अलावा कुणाल खेमू को फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' के लिए बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर का अवॉर्ड मिला।

***राकेश रोशन को किया गया सम्मानित :*** आईफा के सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन मेंराकेश रोशन की सिनेमा को दी गई विरासत का सम्मान किया गया। उन्हें भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। राकेश रोशन को रेखा ने अवॉर्ड दिया।

***राघव जुयाल- जानकी बोदीवाला :*** राघव जुयाल को 'किल' के लिए नेगेटिव रोल के लिए अवॉर्ड मिला। जानकी बोदीवाला को 'शैतान' में सपोर्टिंग रोल (फीमेल) का अवॉर्ड मिला।

***बेस्ट स्टोरी (एडाप्टेड) का अवॉर्ड 'मेरी क्रिसमस'को मिला :*** बेस्ट स्टोरी (एडाप्टेड) का अवॉर्ड 'मेरी क्रिसमस' की टीम को दिया गया, जिसमें श्रीराम राघवन, अरिजीत बिस्वास, पूजा सुरती और अनुकृति पांडे शामिल थे।

***बेस्ट ओरिजिनल स्टोरी :*** बेस्ट ओरिजिनल स्टोरी का पुरस्कार 'लापता लेडीज' के बिप्लब गोस्वामी को मिला।

### टेक्निकल अवॉर्ड्स

***बेस्ट साउंड डिजाइन का पुरस्कार :*** सुभाष साहू को 'किल' के लिए

***बेस्ट साउंड मिक्सिंग का पुरस्कार :*** सुभाष साहू को 'किल' के लिए

***बेस्ट स्क्रीनप्ले राइटर का पुरस्कार :*** स्नेहा देसाई को 'लापता लेडीज' के लिए

***बेस्ट सिनेमेटोग्राफी का पुरस्कार :*** रफी मोहम्मद को 'किल' के लिए

***बेस्ट कोरियोग्राफर का पुरस्कार :*** बोस्को और सीजर को।



## कार्तिक आर्यन को मिला बेस्ट परफॉर्मेंस का अवॉर्ड

बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन को 'भूल भुलैया 3' के लिए मुख्य भूमिका में बेस्ट परफॉर्मेंस (मेल) का पुरस्कार जीता। अवॉर्ड जीतने के बाद अभिनेता ने कहा कि जब उन्होंने सुपरस्टार अक्षय कुमार से यह फ्रैंचाइजी उन्हें मिली थी तो लोगों ने उन पर संदेह किया था। अभिनेता ने कहा, भूल भुलैया कठिनाइयों से भरा सफर रहा है। शुरुआत से ही, जब मुझे 'भूल भुलैया 2' के लिए चुना गया तो कई सवाल उठाए गए थे कि क्या मैं फिल्म को आगे बढ़ा पाऊंगा? मैं दर्शकों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने इस यात्रा के दौरान हमारा साथ दिया।

## इन्हें मिला अवार्ड

'लापता लेडीज' के लिए किरण राव को बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड मिला और इसी फिल्म के लिए संपत राय को बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर का अवॉर्ड मिला। नितांशी गोयल ने बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीता। जिसके बाद वह भावुक हो गईं। वहीं, प्रशांत पांडे को इसी फिल्म के लिए 'सजनी' गाने के लिए बेस्ट लिरिक्स के लिए अवॉर्ड मिला। जबीन मर्चेंट को लापता लेडीज के लिए बेस्ट एडिटिंग का अवॉर्ड मिला। लापता लेडीज के लिए ही बेस्ट स्क्रीनप्ले के लिए स्नेहा देसाई को अवॉर्ड मिला। किरण राव ने ट्रॉफी जीतने के बाद कहा, 'लापता लेडीज' जैसी फिल्म के लिए पुरस्कार जीतना सौभाग्य की बात है। यह एक शानदार रात थी। इस तरह की फिल्म बनाना भी सौभाग्य है। लोगों के प्यार की तुलना में कुछ भी नहीं है जो कहते हैं कि हमने आपकी फिल्म सिर्फ एक बार नहीं, बल्कि कई बार देखी है। यही वह चीज है जिसके लिए एक फिल्म निर्माता जीता है।

# आईपीएल के इतिहास में विराट ने पकड़े सबसे ज्यादा कैच, टॉप 10 में चार विदेशी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आईपीएल 2025 का काउंटडाउन शुरू हो गया है। 22 मार्च से 18वें सीजन का आगाज होगा। इस बार कई टीमें बदली-बदली नजर आने वाली हैं, क्योंकि मेगा ऑक्शन के बाद प्लेयर इधर-उधर हुए हैं। 4-5 टीमों ने अपने कप्तान बदले हैं।

18वें सीजन में एक तरफ जहां चौके-छक्के दिखेंगे तो वहीं दूसरी तरफ फील्डिंग में भी कमाल दिखने वाला है। इन टीमों में कई ऐसे खिलाड़ी हैं, जो कैच लपकने में कोई गलती नहीं करते। आईपीएल के इतिहास में 10 ऐसे खिलाड़ी हुए हैं, जिन्होंने अपनी फील्डिंग से ना सिर्फ सबका दिल जीता बल्कि सबसे ज्यादा कैच पकड़ने की लिस्ट में जगह बनाई।



## लिस्ट में भारतीयों का जलवा

सबसे ज्यादा कैच लेने की लिस्ट में भारतीय खिलाड़ियों का जलवा है। नंबर एक पर सबके चहेते विराट कोहली हैं, जिनके नाम अब तक 114 कैच हैं. दूसरे नंबर पर मिस्टर आईपीएल कहे जाने वाले सुरेश रैना का नाम है, जिन्होंने अपने करियर में 109 कैच लिए थे। आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले खिलाड़ी ...

### कोहली : 114 कैच

साल 2008 से 2024 तक विराट कोहली ने आईपीएल में 252 मैच खेले और 114 कैच लिए।

### रैना : 109 कैच

चेन्नई और गुजरात लायंस के लिए खेलने वाले सुरेश रैना ने 205 मैचों में 109 कैच लिए हैं।

### पोलार्ड : 103 कैच

वर्ष 2010 से 2022 तक आईपीएल में मुंबई के लिए खेलने वाले इस दिग्गज ने अपने करियर के 189 मैचों में 103 कैच लपके हैं।



### जडेजा ने किए 103 शिकार

आईपीएल में 4 टीमों के लिए खेल चुके रवींद्र जडेजा ने 240 मैचों में 103 कैच लिए हैं। वो आईपीएल 2025 में सीएसके का हिस्सा हैं।

### रोहित ने 101 को किया आउट

मुंबई इंडियंस के लिए अपनी कप्तानी में 5 खिताब दिलाने वाले रोहित ने 257 मैचों में 101 कैच लिए हैं. इस बार वो बतौर कप्तान नजर आएंगे।

### शिखर धवन 99 कैच

बाएं हाथ के इस स्टार बल्लेबाज ने 2008 से 2024 तक 222 मैचों में 99 कैच लिए. वो आईपीएल 2025 में नजर नहीं आएंगे.

### डिविलियर्स 90 को भेजा वापस

आईपीएल में 2008 से 2021 तक आरसीबी के लिए खेलने वाले इस दिग्गज ने 184 मैचों में 90 कैच लिए थे।

### वॉर्नर 86, पांडे ने 83 कैच

बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 2009 से 2024 तक 184 मैच खेले, जिसमें 86 कैच लिए। आईपीएल 2025 में यह खिलाड़ी नजर नहीं आएगा।

मनीष पांडे- आईपीएल में 7 अलग-अलग टीमों से खेल चुके मनीष पांडे 171 मैच खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 83 कैच लपके हैं।

### फाफ डु प्लेसिस के 81 कैच

आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स समेत 3 टीमों के लिए खेल चुके फाफ ने 145 मैचों में 81 कैच लिए हैं।

## खबर संक्षेप



### रोनाल्डो ने अल नासर को क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया

**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से सऊदी अरब के अल नासर ने सोमवार को यहां ईरान के एस्टेघलाल को 3-0 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रोनाल्डो दिसंबर 2022 में अल नासर से जुड़े थे लेकिन अभी तक रियाद के इस क्लब के लिए कोई ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं। वह पिछले सप्ताह अंतिम 16 के दौर के पहले चरण के मैच में गोल नहीं कर पाए थे। पहले चरण का मैच गोल रहित बराबरी पर छूटा था और इस तरह से अल नासर ने 3–0 के कुल अंतर से जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। रोनाल्डो ने 26वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किया।

### प्रणय ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप से बाहर



**बर्मिंघम।** भारत के एचएस प्रणय पुरुष एकल के पहले दौर में मंगलवार को यहां फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव के खिलाफ सीधे गेम में शिकस्त के साथ ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप से बाहर हो गए। विश्व चैंपियनशिप 2023 और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता 32 वर्षीय प्रणय को दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी पोपोव के खिलाफ 53 मिनट में 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के 29वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए 6-1 की बढ़त बनाई थी। प्रणय एक समय 15-12 से आगे थे लेकिन पोवोव के दबाव के आगे पिछड़ गए। पोपोव ने 16-18 के स्कोर पर लगातार तीन अंक के साथ 19-18 की बढ़त बनाई और फिर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में पोपोव अधिक आत्मविश्वास में दिखे। उन्होंने 5-3 की बढ़त बनाई और फिर स्कोर 13-9 किया।

### बेंगलुरु ने लॉन्च की नई जर्सी, कप्तान पाटीदार ने कराया फोटोशूट

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के लिए सभी टीमों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। दरअसल, 22 मार्च से इस महा टूर्नामेंट की शुरुआत होगी, जिसे भारत में किसी त्योहार से कम नहीं माना जाता है। सभी टीमें इसके लिए जमकर तैयारी कर रही हैं। इसी कड़ी में टीमें अपनी नई जर्सी भी लॉन्च कर रही हैं। अब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भी अपनी नई जर्सी लॉन्च कर दी है। बता दें कि इस जर्सी को आरसीबी की वेबसाइट, पूमा की ऑफिशियल वेबसाइट और ऐप से खरीदा जा सकता है। हालांकि, अब तक टीम की ओर से इस जर्सी की कीमत जारी नहीं की गई है।

## भारतीय कुश्ती महासंघ पर 2023 में सरकार ने लगाया था प्रतिबंध

# भारतीय कुश्ती महासंघ से हटा निलंबन, अब हो सकेगा इंटरनेशनल टूर्नामेंट के लिए टीम चयन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगाए गए निलंबन को हटा दिया है, जिससे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए पहलवानों का चयन फिर से संभव हो सकेगा। अब तक स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और एडहॉक कमेटी महासंघ की प्रशासनिक जिम्मेदारियां संभाल रही थीं। खेल मंत्रालय ने अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप की जल्दबाजी में घोषणा करने के कारण 24 दिसंबर, 2023 को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था। संजय सिंह के नेतृत्व वाली समिति ने 21 दिसंबर, 2023 को डब्ल्यूएफआई का चुनाव जीता था, लेकिन पूर्व डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के गढ़ गोंडा के नंदिनी नगर में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए स्थल के चयन से सरकार नाराज थी। मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा कि डब्ल्यूएफआई ने सुधारात्मक कदम उठाए हैं, इसलिए उसने निलंबन हटाने का फैसला किया है।



### महिला पहलवानों के विरोध से बढ़ा विवाद

इस पूरे विवाद की जड़ में महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन शोषण के गंभीर आरोप थे। 16 जनवरी 2023: ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और अन्य महिला पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई के तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जंतर-मंतर पर धरना दिया। अप्रैल 2023: जब सरकार से ठोस कार्रवाई की उम्मीद नहीं दिखी, तो पहलवानों ने दोबारा प्रदर्शन किया। 21 अप्रैल 2023: दिल्ली पुलिस को संबोधित 6 महिला पहलवानों ने बृजभूषण सिंह और महासंघ के सचिव विनोद तोमर के खिलाफ शिकायतें दर्ज कराईं, जिसमें 8-9 साल से चले आ रहे यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए गए थे।

### 15 महीने बाद हटा प्रतिबंध

2023 में भारतीय कुश्ती महासंघ पर प्रतिबंध लगाया गया था, जब नवनियुक्त अध्यक्ष संजय सिंह ने पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के गृह क्षेत्र में राष्ट्रीय जूनियर चैंपियनशिप आयोजित करने की घोषणा की थी। इस फैसले के तुरंत बाद 24 दिसंबर 2023 को खेल मंत्रालय ने महासंघ को निलंबित कर दिया था।

### साक्षी ने लिया था संन्यास



22 दिसंबर 2023: बजरंग पूनिया ने महासंघ के चुनाव में संजय सिंह की जीत के विरोध में अपना पद्मश्री सम्मान वापस करने की घोषणा की। 21 दिसंबर 2023: साक्षी मलिक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जूते मेज पर रखकर कुश्ती से संन्यास की घोषणा की थी।

### डब्ल्यूएफआई का फैसला खिलाड़ियों की जीत

भारतीय कुश्ती महासंघ से निलंबन हटाने के केंद्र सरकार के फैसले का इस खेल संस्था के पूर्व अध्यक्ष और कैसरगंज से पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने स्वागत किया है। बृजभूषण ने कहा, ''26 महीनों तक तमाम षड्यंत्र रचे गए, झूठे आरोप लगाए गए और भारतीय कुश्ती को ठप करने की कोशिशें हुईं लेकिन साजिश करने वाले अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सके। इस विवाद के चलते टीम दो विश्व रैंकिंग अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले सकीं। प्रशिक्षण शिविर बंद हो गए और कुश्ती जगत को भारी नुकसान उठाना पड़ा।' साथ ही उन्होंने अध्यक्ष संजय सिंह और अन्य पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे खिलाड़ियों के हित में निष्पक्ष निर्णय लें और किसी भी प्रकार के भेदभाव से बचें।



### मुझे पूर्ण विश्वास था निलंबन हटेगा : संजय सिंह

वाराणसी में महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि निलंबन खत्म होने पर अब कुश्ती सुचारू रूप से चलेगी। उन्होंने कहा मैं देश और पहलवानों के हित के लिए काम कर रहा था, इसलिए मुझे पूर्ण विश्वास था कि कुश्ती संघ से निलंबन हटेगा। कुश्ती के खिलाड़ियों का ढाई साल से शिविर नहीं लग रहा था। निलंबन हटने के बाद खिलाड़ी शिविर में नई-नई तकनीक सीखेंगे।



## चैंपियंस ट्रॉफी 2025

# नहीं मिला मौका, पानी पिलाते रहे ये खिलाड़ी, फिर भी मिला तमगा





एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने दुबई के मैदान पर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम को 4 विकेट से मात देकर तीसरी बार खिताब अपने नाम किया। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम के सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

वहीं, 3 ऐसे खिलाड़ी भी रहे जिन्हें पूरे टूर्नामेंट के दौरान एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला। लेकिन खास बात यह है कि ये तीनों खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों की सेवा में लगे रहे और जब जिसकी जो डिमांड हुई उसे पूरी की। इन सबके बावजूद बेंच पर बैठे-बैठे ही इन तीनों खिलाड़ियों के नाम एक उपलब्धि जुड़ गई वो ये कि ये खिलाड़ी भी चैंपियंस ट्रॉफी विजेता टीम के सदस्य कहलाएंगे।

बीसीसीआई ने जब चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया था, तब जसप्रीत बुमराह स्क्वाड का हिस्सा थे। हालांकि, बाद में चोट के कारण उन्हें बाहर होना पड़ा।

### स्पिनरों का दबदबा, सुंदर को नहीं मिली जगह

भारतीय टीम के स्क्वाड में पांच स्पिनर्स को शामिल किया गया था, जिसमें से वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल ने शानदार प्रदर्शन किया। उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के चलते वॉशिंगटन सुंदर को एक भी मैच में मौका नहीं मिला।

### ऋषभ पंत को नहीं मिला मौका

भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में केएल राहुल को तरजीह दी। पहले ही मैच में उन्होंने बेहतरीन बल्लेबाजी की, जिसके बाद टीम मैनेजमेंट ने किसी बदलाव की जरूरत नहीं समझी। इसी वजह से ऋषभ पंत को पूरे टूर्नामेंट में बेंच पर बैठना पड़ा।

### अर्शदीप सिंह भी रहे बाहर

दुबई की पिचें तेज गेंदबाजों के अनुकूल नहीं थीं। शुरुआती मैचों के बाद हर्षित राणा को भी बाहर बैठना पड़ा, वहीं अर्शदीप सिंह को तो प्लेइंग इलेवन में जगह ही नहीं मिल पाई। भारत के लिए अनुभवी मोहम्मद शमी ने नई गेंद से जबरदस्त प्रदर्शन किया और जसप्रीत बुमराह की कमी महसूस नहीं होने दी।

# दीप्ति महिला ऑलराउंडर रैंकिंग में पांचवें स्थान पर

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत की दीप्ति शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय की नवीनतम महिला ऑलराउंडर रैंकिंग में न्यूजीलैंड की अमेलिया केर को पछाड़कर एक स्थान के फायदे से शीर्ष पांच में पहुंच गई। भारत की 27 वर्षीय ऑलराउंडर दीप्ति 344 अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया की एशलेग गार्डनर शीर्ष पर काबिज हैं। दीप्ति टी20 ऑलराउंडर की रैंकिंग में तीसरे जबकि एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं। श्रीलंका की शीर्ष ऑलराउंडर चामरी अटापट्टू न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल में संपन्न श्रृंखला के बाद दो स्थान के फायदे से ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड के साथ संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर है।

न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला 2-0 से जीती थी जिसमें अटापट्टू ने 25 रन बनाने के अलावा तीन विकेट चटकाए थे। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में स्मृति मंधाना शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। वह दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

## टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ : ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेला जाएगा डे-नाइट टेस्ट

**नई दिल्ली।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पुरुष टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ मनाने के लिए मार्च 2027 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर पिंक गेंद से एकमात्र डे-नाइट टेस्ट मैच खेले जाने की घोषणा की है। यह मैच 11-15 मार्च तक खेला जाएगा। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 1877 में इसी मैदान पर पहला टेस्ट मैच खेला गया था और 2027 में इसकी 150वीं वर्षगांव होगी।सीए ने कहा है कि यह मैच 1877 के पहले और 1977 में 100वीं वर्षगांठ पर खेले गए मैचों से अलग होगा, क्योंकि वो दोनों ही दिन में लाल गेंद से खेले गए थे और दोनों में ही ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीत दर्ज की थी। सीए ने कहा कि यह एमसीजी में पहला डे-नाइट पुरुष टेस्ट मैच होगा।

## टॉप-10 बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में भारतीय पुरुष नहीं

**नई दिल्ली।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की मशहूर पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार को जारी ताजा बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग के अनुसार पांच-पांच पायदान नीचे खिसक गई है जिससे विश्व की शीर्ष 10 रैंकिंग में भारतीय पुरुष खिलाड़ियों का कोई भी प्रतिनिधित्व नहीं है। दुनिया के पूर्व छठे नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य इस सत्र में लगातार खराब प्रदर्शन के बाद 15वें स्थान पर खिसक गए हैं। रैंकिंग में पूर्व नंबर एक सात्विक और चिराग की पुरुष युगल जोड़ी पिछले सप्ताह सातवें से 12वें स्थान पर खिसक गई है। एशियाई खेलों की चैंपियन जोड़ी नवंबर 2021 के बाद पहली बार शीर्ष 10 से बाहर हुई है। महिला एकल में दो ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू भी एक स्थान नीचे खिसक गईं और अब 16वीं रैंकिंग पर काबिज हैं। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने भारत को शीर्ष 10 में शामिल रखा। यह जोड़ी विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर बनी हुई है। मिश्रित युगल में तनिषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला ने अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग 19वीं हासिल की।

पश्चिम मध्य रेल

निविदा रद्द करने की सूचना

निम्नलिखित निविदाएँ प्रशासनिक कारणों से निरस्त कर दी गई है। **निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी.– 26–2025 दिनांक 24.02.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर क्षेत्राधिकार के तहत कटनी– मनिकपुर खंड में ट्रैक के साथ बाउंड्री वाल/ट्रैक फेंसिंग का निर्माण।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये:** 75,37,74,983/–, **निविदा खुलने कि तिथि:** 21.03.2025, **निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी.–32–2025 दिनांक 25.02.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** मंडल अभियंता (मध्य) जबलपुर के अंतर्गत जबलपुर – कटनी खंड पर ट्रैक के किनारे चारदीवारी /ट्रैक फेन्सींग लगाने का निर्माण।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये:** 71,82,57,735/–, **निविदा खुलने कि तिथि:** 25.03.2025, **निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी.–33–2025 दिनांक 25.02.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** मंडल अभियंता (दक्षिण) जबलपुर के अंतर्गत इटारसी– जबलपुर खंड पर ट्रैक के किनारे चारदीवारी/ट्रैक फेन्सीन्ग लगाने का निर्माण।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये:** 95,85,49,563/–, **निविदा खुलने कि तिथि:** 25.03.2025।

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा क्र.:** सी-42-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नाम:** (1) नागपुर मंडल के राजोली, नागभीड़, देवलगांव, गोंगली, ब्रह्मपुरी, वडसा स्टेशनों पर ओवरहेड पानी टंकियों का प्रावधान। (2) ADEN/NAB के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत गोंगली स्टेशन पर ट्रैक मशीन कर्मचारियों के लिए रेस्ट रूम, शौचालय, जल आपूर्ति का प्रावधान।। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 3,10,85,294/-, **बयाना राशि:** ₹ 3,05,400/-

**2. निविदा क्र.:** सी-43-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नाम:** ADEN/NAB के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत जंगली जानवरों के CRO को रोकने के लिए WSA-WDG, NAB-TUD, TUD-AWH आदि सेक्शन के बीच 10000 मीटर की बाड़ लगाने का प्रावधान। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 2,36,10,618/- **बयाना राशि:** ₹ 2,68,100/-

उपरोक्त निविदा के लिए बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **28.03.2025** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते है। निविदा के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और मैन्युअल ऑफर्स को अस्वीकार कर दिया जाएगा। अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**मंडल अभियंता (दक्षिण), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

PC/44-232

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**फॉर्म ए**
**सार्वजनिक घोषणा**
(भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 6 के अंतर्गत)

**एस्सेल हाईवेज़ लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ**

प्रासंगिक विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट देनदार का नाम | एस्सेल हाईवेज लिमिटेड |
| 2. | कॉर्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 12.11.2013 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत किया गया है | कंपनियों का रजिस्ट्रार, मुंबई |
| 4. | कॉर्पोरेट देनदार की कॉर्पोरेट पहचान संख्या/सीमित देयता पहचान संख्या | U45200MH2013PLC274877 |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय और मुख्य कार्यालय (यदि कोई हो) का पता | 513/A, 5वीं मंजिल, कोहिनूर सिटी, किरोल रोड, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई सिटी, मुंबई, महाराष्ट्र, भारत, 400070 |
| 6. | कॉर्पोरेट देनदार के संबंध में दिवालियापन प्रारंभ तिथि | 28.02.2025 10.03.2025 को आदेश प्राप्त हुआ |
| 7. | दिवालियापन समाधान प्रक्रिया के समापन की अनुमानित तिथि | 27.08.2025 (दिवालियापन आरंभ तिथि के अनुसार) |
| 8. | अंतरिम समाधान पेशेवर के रूप में कार्य करने वाले दिवालियापन पेशेवर का नाम और पंजीकरण संख्या | श्री कोलापल्ली श्रीनिवास राव IBBI पंजीकरण संख्या - IBBI/IPA-002/IPN01303/2024-2025/14478 |
| 9. | अंतरिम समाधान पेशेवर का पता और ई-मेल, जैसा कि बोर्ड के पास पंजीकृत है | पंजीकृत पता: फ्लैट नंबर बी 1203, पिट्टी कोर्टयार्ड, राघवेंद्र नगर, ओल्ड मुंधवा \|रोड, एडज चंदन नगर पुलिस स्टेशन, चंदन नगर, पुणे, महाराष्ट्र -411014 पंजीकृत ईमेल: raoksrinivasaa@gmail.com |
| 10. | अंतरिम समाधान पेशेवर के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किया जाने वाला पता और ई-मेल | संचार पता: 903-906, 09वीं मंजिल, टॉवर-सी, यूनिटेक बिजनेस जोन, द क्लोज साउथ, सेक्टर 50, गुरुग्राम, हरियाणा 122018 ईमेल: cirp.esselhiway@gmail.com |
| 11. | दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 24.03.2025(आदेश प्राप्ति की तिथि से 14वां दिन) |
| 12. | धारा 21 की उपधारा (6ए) के खंड (बी) के तहत अंतरिम समाधान पेशेवर द्वारा तय ऋणदाताओं की श्रेणियां, यदि कोई हों | लागू नहीं |
| 13. | किसी वर्ग में ऋणदाताओं के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए पहचाने गए दिवालियापन पेशेवरों के नाम (प्रत्येक वर्ग के लिए तीन नाम) | लागू नहीं |
| 14. | (क) प्रासंगिक प्रपत्र और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण यहां उपलब्ध है: | वेब लिंक: https://ibbi.gov.in/en/home/downloads |

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि **राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, मुंबई, बेंच-VI (सीपी (आईबी) संख्या 330/एमबी/2022 के तहत)** ने **28.02.2025** को एस्सेल हाईवेज लिमिटेड की कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है।
एस्सेल हाईवेज लिमिटेड के लेनदारों से अनुरोध है कि वे अपने दावे प्रमाण के साथ 24.03.2025 तक या उससे पहले प्रविष्टि संख्या 10 में उल्लिखित पते पर अंतरिम समाधान पेशेवर के समक्ष प्रस्तुत करें।
वित्तीय लेनदार अपने दावों को केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से ही प्रमाण के साथ प्रस्तुत करेंगे। अन्य सभी लेनदार व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रमाण के साथ दावे प्रस्तुत कर सकते हैं।
प्रविष्टि संख्या 12 के सामने सूचीबद्ध किसी वर्ग से संबंधित वित्तीय ऋणदाता को फॉर्म सीए में वर्ग [वर्ग निर्दिष्ट करें] के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्रविष्टि संख्या 13 के सामने सूचीबद्ध तीन दिवालियापन पेशेवरों में से अपने अधिकृत प्रतिनिधि की पसंद का संकेत देना होगा। दावे के झूठे या भ्रामक सबूत प्रस्तुत करने पर दंड लगाया जाएगा।

सही/-
श्री कोलापल्ली श्रीनिवास राव
अंतरिम समाधान पेशेवर,
एस्सेल हाईवेज लिमिटेड
आईबीबीआई पंजीकरण संख्या- आईबीबीआई/आईपीए-002/आईपीएन01303/2024-2025/14478
एएफए प्रमाणपत्र संख्या- एए2/14478/01/311225/203752
एएफए वैधता-31.12.2025

दिनांक: 12.03.2025
स्थान: पुणे

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

**द्वितीय निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Tender ID- 2025_UAD_402751_1 Pro- 639 Date- 11/03/2025 | संभाग क्रमांक 02 कछपुरा मदनमहल वार्ड में स्थित मानव लोक सोसायटी में रंगमंच निर्माण कार्य। | 02 माह 1.27 लाख | 1000/- 2545/- | 20/03/2025 |
| 2 | Tender ID- 2025_UAD_402747_1 Pro- 639 Date- 11/03/2025 | संभाग क्रमांक 02 कछपुरा मदनमहल वार्ड अंतर्गत इन्द्रा बस्ती में रंगमंच एवं अन्य आवश्यक कार्य। | 02 माह 1.69 लाख | 1000/- 3390/- | 20/03/2025 |
| 3 | Tender ID- 2025_UAD_402747_2 Pro- 639 Date- 11/03/2025 | संभाग क्रमांक 02 कछपुरा के अंतर्गत मदनमहल वार्ड में खेरमाई के पास रंगमंच निर्माण कार्य। | 02 माह 1.69 लाख | 1000/- 3390/- | 20/03/2025 |

नोट – निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम जबलपुर**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जबलपुर**
ई-मेल-eephedjab@nic.in, दूरभाष क्रमांक 0761 2344814

**निविदा क्रमांक 20-22 / व.ले.लि. / का.यं. / 2024 - 25 जबलपुर दिनांक 10.03.2025**

निम्न कार्यों हेतु निविदा का आनलाईन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। ऑनलाईन निविदा विक्रय करने की अंतिम तिथि 21.03.2025 सायं 05.30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 24.03.2025 11.00 बजे है। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

A- Name of Work - REPAIRING & MAINTINANCE OF HAND PUMP IN Majholi and Sihora BLOCK OF DISTT. JABALPUR

| S.No. | E-tender No | Name of Block | PAC in Rs Lakhs | e-EMD in Rs. | Cost of Tender in Rs. |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_PHED_408521_1 | Sihora | 14.52 | 29040/- | 2000/- |
| 02 | 2025_PHED_408518_1 | Majholi | 18.19 | 36380/- | 2000/- |

Name of Work - MODERNIZATION & EXTENSION OF SCOPE AND SUPPLY OF EQUIPMENTS FOR EXISTING ISO/IEC 17025: 2017, ACCREDIATED DISTRICT WATER TESTING LABORATORY OF PHE DIVISION JABALPUR DISTT- JABALPUR.

| S.No. | E-tender No | PAC in Rs Lakhs | e-EMD in Rs. | Cost of Tender in Rs. |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_PHED_408554_1 | 440101/- | 8802/- | 2000/- |

G-24210/24

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

(शरद सिंह)
कार्यपालन यंत्री

प्रेशर से टायर फटा और हवा भरने वाला व्यक्ति दूर जाकर गिरा

# हवा भरते समय ट्रक का टायर फटा, युवक की मौत

हरिभूमि जबलपुर।

तिलवारा पुल के पास ट्रक के टायर में हवा भरते वक्त हवा भरने वाला हादसे का शिकार हो गया, घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसी प्रकार चरगवां थाना अतंर्गत बजौरी बाजार में रेत से भरे ट्रेक्टर ट्राली ने स्कूल से लौट रही 8 साल की मासूम बच्ची को रौंद दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मूलतः बिहार निवासी व्यास पटेल यहां तिलवारा पुल के पास हवा-पंचर की दुकान चलाकर अपना और अपने परिवार का जीवन यापन करता था। मंगलवार की सुबह करीब 10.30 बजे जब वह एक ट्रक के चके में हवा भर रहा था, तब उसी दौरान हवा के प्रेशर से टायर फट गया। हवा के



प्रेशर से व्यास दूर जाकर गिरा और गंभीर चोट आने के कारण उसकी मौत हो गई। बहुत तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग आए तो देखा कि व्यास थोड़ी दूर पर घायल अवस्था में अचेत था और उसकी मृत्यु हो चुकी थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि व्यास करीब 20 साल पूर्व जब बहुत कम उम्र का था तब से ही तिलवारा पुल के पास हवा और पंचर का काम कर रहा है। शादी के बाद उसके बच्चे भी यही हुए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरु कर दी है।

## ट्रैक्टर ने मासूम को कुचला

चरगवां थाना अतंर्गत बजौरी बाजार में कल शाम 4 बजे स्कूल से लौट रही बच्ची को लहराते हुए टेक्टर चला रहे चालक ने रौंद दिया। बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। चरगवां पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बिजौरी निवासी शोभा सिंह की 8 साल की मासूम बच्ची कुमारी आस्था लोधी स्कूल से घर लौट रही थी तभी रेत से भरी एक टेक्टर ट्राली के चालक नीरज चक्रवर्ती ने लहराते हुए टेक्टर चलाकर बच्ची को टक्कर मार दी। इस हादसे में बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने टेक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 105 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

कालोनाइजर के विरुद्ध एफआइआर के निर्देश का मामला

# एडिशनल कलेक्टर के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने एडिशनल कलेक्टर नरसिंहपुर के उस आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी, जिसके तहत एक कालोनाइजर के विरुद्ध एफआइआर के निर्देश दिए गए थे। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव, नरसिंहपुर कलेक्टर व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया।



नरसिंहपुर निवासी अब्दुल वसीद की ओर से याचिका दायर कर कोर्ट को बताया गया कि मप्र नगर पालिक विकास नियम 2021 के तहत अवैध कालोनी निर्माण के संबंध में कार्रवाई के लिए सक्षम प्राधिकारी कलेक्टर हैं। एडिशनल कलेक्टर को यह अधिकार नहीं है। याचिकाकर्ता पर करेली में अवैध कालोनी बनाने का आरोप है। याचिकाकर्ता के पास कालोनाइजर का सर्टिफिकेट है। रेरा में भी आवेदन दिया है। इसके बावजूद इस संबंध में एसडीएम की रिपोर्ट पर एडिशनल कलेक्टर ने आदेश जारी कर कहा था कि उक्त जमीन में अहस्तांतरणीय लिखा जाए और याचिकाकर्ता के विरुद्ध एफआइआर दर्ज की जाए। इसी आदेश को याचिका में चुनौती दी गई है।

## सेवानिवृत्त प्रधान आरक्षक को दी गई सजा निरस्त

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने प्रधान आरक्षक को दी गई सजा अनुचित पाते हुए निरस्त कर दी। जस्टिस आशीष श्रोती की सिंगल बेंच ने याचिकाकर्ता की रोकी गई वेतनवृद्धि बहाल करके पेंशन का पुनर्निधारण करने के निर्देश दिए।

अनूपपुर निवासी रवींद्र शुक्ला की ओर से अधिवक्ता नर्मदा प्रसाद चौधरी व अमित चौधरी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता प्रधान आरक्षक के पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। शिकायत के आधार पर उसे आरोप पत्र दिया गया। विभागीय जांच के बाद एक वेतनवृद्धि हमेशा के लिए रोक ली गई, जिसका असर पेंशन निर्धारण पर भी पड़ा है। दरअसल, याचिकाकर्ता को एकपक्षीय कार्रवाई के जरिए दोषी पाया गया था। हाई कोर्ट ने सभी तर्क सुनने के बाद राहत प्रदान कर दी।

## संभागीय मिलेट्स फेस्टिवल सह कृषि मेला 29 से

**जबलपुर**। शासन की कृषि संबंधी योजनाओं के प्रचार प्रसार व नवीनतम कृषि तकनीक के प्रति जागरूकता के लिये किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा 29 एवं 30 मार्च को जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में दो दिवसीय संभागीय मिलेट्स फैस्टीवल सह कृषि मेला का आयोजन किया जा रहा है।

संयुक्त संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग ने बताया कि मेले में 150 से अधिक स्टाल लगाए जायेंगे। जिसमें पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, वन विभाग, दुग्ध संघ, मंडी बोर्ड, बीज निगम, एपीईडीए, ऊर्जा विकास निगम, उर्वरक, बीज, कीटनाशक, एसएचजी एवं एफपीओ आदि विभाग भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि लघु धान्य फसलों को आमजनों की थाली तक पहुंचाने के लिए मेले में फ्रूड कोर्ट भी लगाया जाएगा, जहां आगंतुक मिलेट से सम्बंधित स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठा सकेंगे।

उन्होंने मेले के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका उद्देश्य महिलाओं को अधिक से अधिक जागरूक करना है। क्योंकि महिलाएं यदि जागरूक होंगी तो वे अपने परिवार को स्वस्थ रखने के लिए भोजन में मिलेट्स खाद्यान्न का अधिक से अधिक उपयोग करेंगी, जिससे परिवार के सदस्य मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। इसके साथ ही मेले के माध्यम से युवाओं को फ्रूड प्रोसेसिंग की तकनीक प्राप्त होगी, जिससे वे अपना स्वरोजगार प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि मेले में वैज्ञानिक परिचर्चा सत्र में देश के अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के मिलेट्स अनुसंधान संस्थानों से लघु धान्य फसलों के विशेषज्ञ कृषकों से रूबरू होंगे।

## पांच अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीश स्थानांतरित

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने अधीनस्थ न्यायालयों म पांच अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीशों को स्थानांतरित किया है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत के निर्देश पर रजिस्ट्रार जनरल धरमिंदर सिंह ने इस आशय का आदेश जारी किया। अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश डा. मुकेश मलिक को रीवा से भोपाल, अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश यतेश सिसोदिया को कटनी से इंदौर, अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश कमलेश सनोडिया को इंदौर से महिदपुर उज्जैन, अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश प्रशांत शुक्ला को भोपाल से ग्वालियर और अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र सोनी को शाजापुर से इंदौर स्थानांतरित किया गया है।

गर्म वस्त्रों की पूछ परख बंद, रात में हल्की ठंडक का एहसास बरकरार

# गर्मी की आहट से तीखी लगने लगी धूप, कूलर-एसी का दौर शुरू

**जबलपुर**। मौसम के मिजाज अब बदल चुके हैं। वातावरण में गर्मी की आहट सुनाई देने लगी है। तापमान 35 डिग्री के आसपास स्थिर बना हुआ है। पश्चिमी हवाओं की शह पर पारा उछल रहा है। गर्म वस्त्रों की पूछ परख अब बंद हो गई है। पंखे चालू हो गये हैं, कूलर एसी की रिपेयरिंग और साफ सफाई का कार्य शुरु हो चुका है। दिन में सूरज के तेवर तीखे नजर आने लगे है। रात में हल्की ठंडक का एहसास होता है।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिमी हवाओं के जोर से पारा उछल रहा है। दिन में सूर्य की तपन तेज लगने लगी है। अब गर्म वस्त्रों की आवश्कता भी



महसूस नहीं होती। मौसम विभाग का कहना है कि धीरे धीरे गर्मी की दस्तक शुरु हो गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 35.02 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 14.04 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातः काल 47 प्रतिशत और सायंकाल 27 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6.21 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 6.18 पर हुआ। उत्तर पश्चिमी हवायें 5 से 6 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे कम 11.1 डिग्री तापमान शहडोल जिले में दर्ज किया गया। गत वर्ष अधिकतम तापमान 34.01 और न्यूनतम तापमान 16.0 डिग्री दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।




India's First 5 Year Warranty *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. *Ex-Showroom Price of HF Deluxe Self in Madhya Pradesh.

1-800-266-0018

अधिकृत डीलरः जबलपुरः सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाटः जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुरः आनंद हीरो (झॉसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ाः सत्कार हीरो 9289922805, मण्डलाः शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुरः रचना हीरो 9289922377, रीवाः बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतनाः स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोलः विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनीः हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़नः कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधीः राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, सिवनीः सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरईः श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलरः सेमरियाः आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ाः अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्योहारीः श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़हारः श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरीः अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुरः स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ाः शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेवः लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमाः सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहरः वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंजः सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझीः श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांडुरनाः जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासियाः श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलानः सॉई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझीः गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोराः बाईक प्वांट 9826802730, उमरियाः गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनीः रुसिया मोटर्स 9425822392, जताराः शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़ः एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, पृथ्वीपुरः महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताईः शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगीः ओम मोटर्स 9685416118, बरगवांः बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरीः श्याम एजेंसी 9981238133, बरहीः अजित ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, नागोदः चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसरः श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटनः रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबादः अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगरः विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोराः भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरईः यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौकाः अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ाः सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुरः रचना हीरो 8815396340, दमोहः इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079

VML.5794.2025HIN

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240